आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज * बज बारस”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 40 अंक 38 | इंदौर, मंगलवार 08 सितम्बर, 2026 | भाद्रपद कृष्ण 12 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-4.00 | www.awantika.com

भाद्रपद माह की दूसरी व प्रमुख राजसी सवारी निकली परंपरागत करीब 5 किमी मार्ग पर

## श्री महाकाल की सवारी में छः स्वरूपों में दर्शन, 15 ड्रोन से 5 क्विंटल पुष्प वर्षा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**





श्री महाकालेश्वर भगवान की श्रावण-भाद्रपद माह में राजसी सवारी 6स्वरूपों के साथ सोमवार को निकाली गई। इस दौरान सवारी पर 15 ड्रोन से 5 क्विंटल से अधिक पुष्पों की वर्षा की गई। ईशा फाउंडेशन एवं नादयोग द्वारा भव्य आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ शहर के 5 बैंडों एवं ने सवारी मार्ग पर भक्तिमय स्वर लहरियां बिखेरकर श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। सवारी में 73 भजन कीर्तन मंडली ने भागीदारी की।

कलेक्टर एवं मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष रौशनकुमार सिंह के अनुसार सिंहस्थ महाकुंभ की थीम पर आधारित राजसी सवारी निकाली गई। इसमें कई आकर्षण रखे गए थे। मंदिर के सभा मडप में अपरांह में भगवान के श्री चंद्रमौलेश्वर स्वरूप का पूजन पं.घनश्याम पुजारी ने प्रदेश सरकार के मंत्री प्रह्लाद पटेल, गौतम टेटवाल,संभाग आयुक्त आशीषसिंह सहित अन्य अतिथियों ने किया । इसके बाद श्री चंद्रमौलेश्वर स्वरूप रजत पालकी एवं श्री मनमहेश स्वरूप को गजराज सूमा पर विराजित किया गया। पालकी को अतिथियों ने कांधा देकर अपरांह नगर भ्रमण के लिए रवाना किया। मंदिर के मुख्य द्वार पर सशस्त्र पुलिस बल के जवानों के द्वारा पालकी में विराजित भगवान श्री चन्द्रमोलेश्वर को सलामी (गार्ड ऑफ ऑनर) दी गई। इसके साथ ही भगवान नगर भ्रमण पर आमजन को दर्शन देने के लिए निकले। मंदिर समिति का बैंड एवं पुलिस बैंड भी इसमें शामिल रहे। रामघाट पर पूजन के उपरांत सवारी अपने परंपरागत 5 किलोमीटर मार्ग से नगर भ्रमण पर निकली। सिंधिया देवस्थान ट्रस्ट के श्री द्वारकाधीश गोपाल मंदिर से सिंधिया राज परिवार की और से भगवान का पालकी पूजन किया गया एवं वस्त्र अर्पित किए गए।

### 6 स्वरूपों में भगवान के दर्शन

प्रमुख राजसी सवारी में रजत पालकी में श्री चन्द्रमौलेश्वर, हाथी पर श्री मनमहेश, गरूड़ रथ पर श्री शिवतांडव, नन्दी रथ पर श्री उमा-महेश और डोल रथ पर श्री होल्कर स्टेट मुखारविंद, व षट्म सवारी में श्री सप्तधान का मुखारविंद शामिल हुए। श्री चन्द्रमोलेश्वर जी की पालकी अपने निर्धारित समय शाम 4 बजे से प्रारंभ होकर महाकाल रोड, गुदरी चौराहा, बक्षीबाजार, कहार वाड़ी, हरसिद्धीपाल से रामघाट पहुंची जहां पालकी में विराजित भगवान श्री चंद्रमोलीश्वर एवं गजराज पर आरूढ़ श्री मनमहेश के माँ क्षिप्रा के तट पर पूजन-अर्चन व आरती की गई। इसके बाद प्रमुख सवारी रामानुजकोट, मोढ़ की धर्मशाला, कार्तिक चौक खाती समाज का श्री जगदीश मंदिर, श्री सत्यनारायण मंदिर, ढाबा रोड, टंकी चौराहा, मिर्जा नईम बेग, तेलीवाडा, कंठाल, सती गेट, सराफा, छत्री चौक, श्री गोपाल मंदिर पर पहुचेगी। जहाँ सिंधिया स्टेट द्वारा पररम्परानुसार पालकी में विराजित भगवान श्री चंद्रमोलीश्वर का पूजन किया जायेगा। उसके बाद सवारी पटनी बाजार, गुदरी चौराहा, महाकाल चौराहा होते हुए श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंची।

### सिंहसथ महाकुंभ थीम पर ये थे प्रमुख आकर्षण

सवारी मार्ग पर 1 लाख वर्गफीट से अधिक क्षेत्र में विशाल रंगोली का निर्माण किया गया। संगमझ्ईशा फाउंडेशन एवं नादयोग द्वारा भव्य आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। सवारी मार्ग पर लाइव चित्रकला के माध्यम से आकर्षक एवं भव्य दृश्य प्रस्तुति दी गई। 5 बैंड समूहों की सहभागिता, जिसमें प्रत्येक दल में 250 से अधिक सदस्य शामिल थे ने मन मुग्धा स्वर लहरियां बिखेरी। युवा दल द्वारा सवारी मार्ग पर विशेष सांस्कृतिक एवं युवा-केंद्रित प्रस्तुतियां। सवारी मार्ग पर लाइव ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति के माध्यम से सावन माह के प्रमुख चलचित्र एवं डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया। इसमें नगर निगम की सिंहस्थ महाकुंभ आधारित एवं विकास प्राधिकरण की धर्मनगरी आधारित झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रहे हैं।

मिला राष्ट्रीय स्वच्छ वायु सराहना पुरस्कार, महापौर ने जनता को समर्पित किया

## स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में इंदौर देश में दूसरे नंबर पर

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**




देश में स्वच्छता में नंबर वन इंदौर ने स्वच्छ वायु के मामले में भी बड़ी उपलब्धि हासिल की है। स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2026 में इंदौर को देश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित स्वच्छ वायु दिवस समारोह में इंदौर को राष्ट्रीय स्वच्छ वायु सराहना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार महापौर पुष्यमित्र भार्गव, नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल और स्वच्छता प्रभारी अश्विनी शुक्ला ने ग्रहण किया। आधिकारिक रैंकिंग की घोषणा 7 सितंबर को नई दिल्ली में की गई। बता दें कि इस सर्वे में पहले स्थान पर लखनऊ और तीसरे स्थान पर जबलपुर आया है।

पुरस्कार मिलने के बाद महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने एक्स पर लिखा कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा आयोजित स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में इंदौर को द्वितीय पुरस्कार मिला है। उन्होंने इसे इंदौरवासियों की जागरूकता, सहभागिता और लगातार किए जा रहे प्रयासों का परिणाम बताया।

महापौर ने कहा कि स्वच्छता के साथ स्वच्छ वायु के लिए भी इंदौरवासियों ने जिम्मेदारी और जनभागीदारी का परिचय दिया है। उन्होंने पुरस्कार को इंदौर और इंदौरवासियों को समर्पित किया।

### रोड स्वीपिंग से लेकर रेड लाइट ऑन, इंजन ऑफ तक किए नवाचार

महापौर ने रविवार को जारी वीडियो में पुरस्कार मिलने की जानकारी दी थी। उन्होंने कहा था कि रोड स्वीपिंग, वेस्ट मैनेजमेंट, रेड लाइट ऑन-इंजन ऑफ और इंडस्ट्रीज में किए गए विभिन्न नवाचारों के कारण इंदौर को स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में यह सम्मान मिल रहा है। उन्होंने इंदौरवासियों को बधाई देते हुए कहा था कि देश का सबसे स्वच्छ शहर अब स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में भी अग्रणी शहरों में शामिल होकर पुरस्कार हासिल करेगा।

चलती कार में पेड़ गिरा

## डिप्टी-कलेक्टर की मां की मौत, बहन-बहनोई घायल

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर में सोमवार को सेंट्रल जेल के सामने से सड़क से गुजर रही दो कारों पर अचानक एक पेड़ गिर गया। हादसे में एक कार में सवार डिप्टी कलेक्टर पूर्णिमा सिंघी की मां राधा देवी सिंघी (75) की मौत हो गई। उनकी बहन और बहनोई घायल हुए हैं। हादसे में ड्राइवर के भी घायल होने की जानकारी है।

हादसा इतना भीषण था कि पेड़ गिरने से कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। राधा देवी सिंघी की गर्दन गाड़ी के अंदर ही मुड़ गई। सिर में भी गंभीर चोटें आई हैं। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोग तुरंत मदद के लिए पहुंचे और राहत-बचाव शुरू किया। जानकारी के मुताबिक, जिस समय यह हादसा हुआ, डिप्टी कलेक्टर पूर्णिमा सिंघी नर्मदा घाटी विभाग की बैठक में थीं। घटना की जानकारी मिलते ही कमिश्नर भास्कर लक्ष्यकार ने तत्काल बैठक निरस्त कर सभी अधिकारियों को मौके पर रवाना किया। एसीपी विनोद दीक्षित के मुताबिक, पुलिस ने राधा देवी सिंघी के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है। वहीं, घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। हादसे के बाद पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू की।

## पत्नी का सिर काटकर फ्रिज में रखा, हाथों की उंगलियां भी काटीं

**एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी**




असम के गुवाहाटी से एक युवक ने पत्नी की हत्या कर दी। आरोपी पति ने पत्नी का सिर धड़ से अलग कर-के फ्रिज में रख दिया और उसके दोनों हाथों की उंगलियां भी काट दीं।

मामले का खुलासा रविवार को तब हुआ था जब, वह बॉडी कुत्ते को खिलाने की तैयारी में था, लेकिन तेज बदबू आने पर पड़ोसियों ने पुलिस बुला ली। पुलिस फ्लैट का ताला तोड़कर अंदर घुसी तो 25 साल की रिया तालुकदार का धड़ मिला। हत्या के बाद से ही आरोपी रामानुजन गोस्वामी फरार था, जिसे सोमवार सुबह अरेस्ट कर लिया गया। पुलिस की शुरूआती जांच में पता चला है कि हत्या के बाद रामानुजन ने उसी कमरे में खाना बनाया और खाया था। इसके बाद उसने रिया के शव को काटकर मांस कुत्तों को खिलाने की योजना बनाई थी। लेकिन, खाना खाने के बाद वह घर से भाग निकला। रिया और रामानुजन की शादी करीब 6 महीने पहले ही हुई थी। शादी के बाद से ही दोनों गुवाहाटी के हाटीगांव इलाके में किराए से रह रहे थे।

मुंबई कोस्टल रोड टनल में सुपरकार रेसिंग

## लैंबॉर्गिनी, बीएमडब्ल्यू समेत कई कारों पर केस दर्ज

**एजेंसी ▶▶ मुंबई**



मुंबई के कोस्टल रोड की टनल में तेज रफ्तार से कारें दौड़ाने के मामले में पुलिस ने करीब आधा दर्जन ड्राइवरों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इनमें काली लैंबॉर्गिनी, पीली बीएमडब्ल्यू, लाल बीएमडब्ल्यू एम झेड और फॉक्सवैगन वर्टस शामिल हैं। यह वीडियो 3 सितंबर की रात करीब 11:15 बजे मरीन ड्राइव के पास दक्षिण दिशा वाली कोस्टल रोड पर रिकॉर्ड किया गया था। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने लापरवाही से गाड़ी चलाने और किसी की जान या निजी सुरक्षा को खतरे में डालने का केस दर्ज किया है।

### मुंबई में स्ट्रीट रेसिंग की अनुमति नहीं

मुंबई में स्ट्रीट रेसिंग की अनुमति नहीं है। भारत का एकमात्र फॉर्मूला 1 सर्किट बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट है। यहां हर महीने ओपन ट्रैकडे आयोजित होता है। इस ट्रैकडे में कोई भी कार या बाइक मालिक अपने वाहन को सुरक्षित माहौल में ट्रैक पर चला सकता है और उसकी पूरी क्षमता आजमा सकता है। इस साल की शुरूआत में बेंगलुरु में हरे रंग की लैंबॉर्गिनी एवेंटाडोर रश्ख पर भी लापरवाही से गाड़ी चलाने का केस दर्ज हुआ था।

अबू धाबी जा रही एअर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट कोच्चि लौटी

## 36 हजार फीट पर प्लेन का ऑयल प्रेशर कम हुआ

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**



एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट में तकनीकी खराबी के कारण एक इंजन के सहारे कोच्चि लौटना पड़ा और यहां इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई।

सूत्रों के हवाले से बताया कि यह बोइंग 737 विमान अबू धाबी जा रहा था। करीब 50 मिनट की उड़ान के बाद पायलट ने इसके एक इंजन में ऑयल प्रेशर कम पाया। तब यह 36 हजार फीट की ऊंचाई पर था। इंजन में ऑयल खतरनाक स्तर तक कम हो गया, तब दोनों पायलट ने इसे बंद करने का फैसला किया। वे एक इंजन सहारे ही कोच्चि लौटे। चूंकि विमान ने करीब दो घंटे की ही उड़ान भरी थी इसलिए इसमें फ्यूल ज्यादा था। ऐसे में यह ओवरवेट लैंडिंग थी, जो और भी जोखिम भरी होती है। एअर इंडिया एक्सप्रेस ने कहा, 'एक हफ्ते पहले हमारी कोच्चि-अबू धाबी की एक फ्लाइट ने तय सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत वापस कोच्चि लौटने का फैसला किया था।




वडोदरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का झेन-जी कार्यक्रम

## रजिस्ट्रेशन खुलने के 1 घंटे में ही फुल हो गईं सीटें

**एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद**

गुजरात के वडोदरा में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में विशेष कार्यक्रम होने जा रहा है। पीएम का यह कार्यक्रम कई प्रोजेक्ट्स के शिलान्यास और लोकार्पण का है, लेकिन इसमें जेन-जी का पीएम से सीधा संवाद भी होगा। इसीलिए इस बार पीएम का स्टेज भी न्यू थीम पर डिजाइन किया गया है।

पीएम के मंच के साथ एक विशेष 'वाय' शैप में रैंप बनाया गया है, जिसके चारों ओर युवा बैठेंगे। मोदी रैंप पर चलेंगे और जनरेशन-जेड के छात्रों और पेशेवरों से बातचीत करेंगे। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन रखा गया था।



### सीट न पाने वालों से डिप्टी सीएम ने माफी मांगी

पीएम को सुनने और इस खास अवसर का हिस्सा बनने के लिए बड़ी संख्या में युवाओं ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया। जिन लोगों के रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। उन्हें कार्यक्रम में क्यूआर कोड से एंट्री मिलेगी। रजिस्ट्रेशन फुल होने के चलते कई युवा कार्यक्रम में जगह नहीं बना पाए हैं। इसे लेकर गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उनसे माफी मांगी है।

### करोड़ों रुपए के प्रोजेक्ट का शिलान्यास करेंगे पीएम

पीएम मोदी मंगलवार को एक दिन के गुजरात दौरे पर हैं। वडोदरा और आसपास के क्षेत्रों से जुड़े करोड़ों रुपए के कई विकास प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसके बाद नवसारी जाएंगे। नवसारी में बीजेपी कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वे मुंबई के लिए रवाना हो जाएंगे।

## देश विदेश

### कश्मीर के बाद अब उत्तराखंड में बर्फबारी, बिहार में बाढ़

**नई दिल्ली।** कश्मीर में सीजन की पहली बर्फबारी के बाद अब उत्तराखंड के पिथौरागढ़ की पंचाचूली, हरदेवल, नंदा देवी और नंदा कोट के साथ चमोली में बद्रीनाथ-हेमकुंड की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी हुई है। बारिश और बर्फबारी के बाद ऊंचाई वाले इलाकों में ठंड बढ़ गई है। बिहार में गंगा, कोसी, गंडक, बूढ़ी गंडक, पुनपुन और बागमती नदियों के उफान से बाढ़ की स्थिति बन गई है। राज्य के 12 जिलों में 22.42 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। भागलपुर में रिंग बांध ओवरफ्लो होने से सुल्तानगंज के करीब 4 हजार घर पानी में डूब गए। वहीं, यूपी में मानसूनी बारिश का दौर लगातार जारी है। बरेली में रविवार दोपहर से रुक-रुककर हो रही बारिश के चलते फायर स्टेशन में 3 फीट तक पानी भर गया।

### दिल्ली में मणिपुरी संगीतकार की पीट-पीटकर हत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली के किलोकरी गांव में सोमवार तड़के शोर-शराबे और शराब पीने का विरोध करने पर 54 साल के मणिपुरी संगीतकार सी विक्रम सिंह की पीट पीटकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि डिलीवरी वर्कर्स और ढाबा कर्मचारियों ने उन पर हमला किया था। चोटों के कारण सिंह की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि पिटाई की सूचना पीसीआर कॉल के जरिए मिली थी। सिंह मणिपुर के रहने वाले थे और कई साल से किलोकरी गांव में रह रहे थे। पुलिस के मुताबिक, वह मैतेई समुदाय से थे। सिंह के बेटे याइफाबा उन्हें होली फैमिली अस्पताल ले गए थे। वहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कानपुर में बहू ने करोड़पति ससुर की हत्या कराई

**कानपुर।** कानपुर में करोड़पति दवा कारोबारी विनीत मिनोचा (63) की हत्या उनकी 36 साल की इकलौती बहू ने कराई थी। वजह थी- बंदिशेंङ्क। विनीत बहू पर उउळश से नजर रखते थे। उसे पैसे भी उतने ही देते थे, जो जरूरी होते थे। देर रात घूमने और पार्टी करने वाली बहू ने नौकर विशाल (30) को 6 लाख में सुपारी दी, बदले में नौकर ने 26 बार चाकू से गोदकर विनीत को मार दिया। हत्यारोपी नौकर के कबूलनामे के बाद पुलिस ने कारोबारी की बहू शालू को हिरासत में ले लिया है। पहले वह पुलिस को गुमराह करती रही। फिर सख्ती करने के बाद उसने अपना जुर्म कबूल लिया। पूछताछ में बहू ने रोते हुए कहा- करोड़पति परिवार की बहू होने के बाद भी मेरे और पति के खर्च पर ससुर का पूरा नियंत्रण था।

### दिलजीत ने टी-शर्ट से हटवाया अपना नाम



**बोले- इक ओंकार पवित्र है; इसके साथ मेरा नाम मत लिखो**

**इटली।** पंजाबी सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ के इटली के मिलान कॉन्सर्ट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वह एक विदेशी फैन की टी-शर्ट देखकर उसे रोकते नजर आए। टी-शर्ट पर सिख धर्म के पवित्र शब्द ह्यइक ओंकारह्न के साथ दिलजीत का नाम लिखा था। उन्होंने फैन को समझाया कि इक ओंकार के साथ उनका नाम नहीं जोड़ा जाना चाहिए। इसे बेहद पवित्र और अनमोल बताते हुए उन्होंने कहा कि शायद फैन को इसकी जानकारी नहीं थी। इसके बाद फैन ने स्टेज पर हाथ जोड़कर माफी मांगी। दिलजीत ने दर्शकों से भी उसे माफ करने की अपील की। दिलजीत दोसांझ इन दिनों अपने इंटरनेशनल कॉन्सर्ट्स में व्यस्त हैं। मिलान कॉन्सर्ट के दौरान उन्होंने एक विदेशी फैन को स्टेज पर बुलाया। फैन ने सफेद रंग की कस्टम-प्रिंटेड टी-शर्ट पहन रखी थी। उस पर इक ओंकार के साथ दिलजीत का नाम लिखा हुआ था। दिलजीत की नजर टी-शर्ट पर पड़ते ही उन्होंने फैन को समझाना शुरू किया। उन्होंने बताया कि इक ओंकार सिख धर्म का बेहद पवित्र शब्द है और इसे उनके नाम के साथ नहीं जोड़ा जाना चाहिए। वायरल वीडियो में दिलजीत फैन की टी-शर्ट की ओर इशारा करते हुए समझाते दिखाई देते हैं कि इक ओंकार के साथ उनका नाम नहीं होना चाहिए।

### नैनो न्यूज

- **कोयला ढुलाई बढ़ाने का फैसला –** बिजली संयंत्रों में कम होते कोयला भंडार को देखते हुए सरकार ने रेल से कोयला आपूर्ति बढ़ाने के निर्देश दिए।
- **शेयर बाजार में गिरावट –** सेंसेक्स करीब 0.5 प्रतिशत और निफ्टी 0.5 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। आईटी शेयरों में कमजोरी का बाजार पर असर रहा।
- **रुपया 94.48 पर स्थिर –** डॉलर के मुकाबले रुपया सोमवार को लगभग 94.48 पर बंद हुआ। फ्इकके हस्तक्षेप से रुपये को सहारा मिला।
- **आरबीआई ने नकदी घटाई –** बैंकिंग व्यवस्था में अतिरिक्त तरलता कम करने के लिए फ्इकने 6 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि वापस खींची।
- **देशभर में बारिश का अलर्ट –** आईएमडी ने कई राज्यों में भारी बारिश और तेज हवाओं की चेतावनी दी है। मध्यप्रदेश भी प्रभावित राज्यों में शामिल है।
- **बिजली आपूर्ति पर सरकार सतर्क –** बिजलीघरों में ईंधन की कमी को देखते हुए कोयला परिवहन तेज किया जा रहा है, ताकि बिजली उत्पादन प्रभावित न हो।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### एक को बचाया अनेक को बचाया जा सकता था

शहर में एक वृक्ष को मशककत के साथ बचाया गया है। शहर की संस्था ने बकायदा इस कचनार को बचाने के लिए पूरा प्रयास किया और बचा लिया गया। पूर्नरोपण भी कर दिया गया है। इस एक को बचाने में जो मशक्कत की गई है वो पर्यावरण के प्रेम एवं उसके संरक्षण के सम्मान का घोतक है। विकास के पहिए में पिछले समय से लेकर अब तक इसकी बहुत ही ज्यादा आवश्यकता महसूस की जा रही थी। पूर्व में भी यही भाव होता तो अन्यानेक क्षेत्रों में अनेकों को बचाया जा सकता था जिन पर आरी चलाई गई उन्हें भी छोटा कर काम चलाया जा सकता था। इसके अभाव में पिछले समय में सैंकड़ों पेड़ों एवं अनेक को हलाल करने के पीछे के नुकसान की भरपाई अगले कई दशकों तक नहीं हो पाएगी। एक समय था शहर में विकास के दौरान वृक्षों को जमकर संरक्षित किया जाता था। उदाहरण के तौर पर विशाला क्षेत्र में सर्विस रोड पर खड़े वृक्ष को देख लिया जाए या फिर एमआर-2 पर खड़े वृक्ष को देख लिया जाए। यही नहीं विशाला में रोड के बीच में युकेलिप्टिस के बड़े वृक्ष इसके सबसे बडे उदाहरण हैं। दोनों ओर सीमेंट कांक्रीट की रोड बनी है और बीच में आधा दर्जन वृक्ष हैं। इससे पूर्व फ्रीगंज के ओव्हर ब्रिज निर्माण में आ रहे दुर्लभ वृक्षों को बचाने के लिए की गई मशक्कत भी तारीफ के काबिल है लेकिन योजना के प्रारूप एवं उसकी डीपीआर बनाने के दौरान ही पर्यावरणीय संरक्षण को महत्व देने की अब महती आवशकता बनने लगी है। खुसूर-फुसूर है कि जल संरक्षण के लिए जिस प्रकार से रूफ वाटर हार्वेस्टिंग एवं अन्य कई प्रावधान हैं वैसे ही पर्यावरण के लिए भवनों एवं भूखंडों के नक्शों में ही अब घरेलू वृक्षों को प्राथमिकता के साथ लगाने के लिए शर्तें नगर निवासी के लिए तय की जाने की आवश्यकता आज नहीं तो कल बन पड़ेगी जिस पर भविष्य में आगे बढ़ना ही पड़ेगा। वर्तमान चौड़ीकरण में सड़क के बीच में या सड़क के दोनों ओर एक मीटर के दायरे में अच्छे खासे पौधों का रोपण किया जाता और पूर्व के वृक्षों को भी जहां थे वहीं एक ओर रोपित कर दिया जाता तो विकास में सोने पर सुहागा हो जाता।

## नैनो न्यूज

- शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय ग्रंथालय में राष्ट्रीय पुस्तक वाचन दिवस मनाया गया, पुस्तक पढ़ने से जो ज्ञान प्राप्त होता है, वह जिंदगी भर याद रहता है
- स्व. जगदीश भारतीय पुण्यतिथि एवं चतुर्थ जन्मोत्सव जन्माष्टमी पर मनाया गया, 21 बटुकों को मंत्र उपचार के साथ भोजन प्रसादी स्व. जगदीश भारतीय की चतुर्थ पुण्य स्मरण पर भारतीय परिवार द्वारा ग्रहण करवाई।
- थोक फल संघ ने सजाया सवारी मार्ग, श्रद्धालुओं और पुलिसकर्मियों की सेवा के लिए जुटाया इंतजाम, सोमवार को बाबा महाकाल की निकलने वाली सवारी को लेकर शहर में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं।
- छत्री चौक के खेरची, फल विक्रेता एवं थोक फल संघ ने सजाया सवारी मार्ग, श्रद्धालुओं और पुलिसकर्मियों की सेवा के लिए जुटाया इंतजाम
- भाजपा जनता पार्टी द्वारा संत रविदास जयंती पर निकली कलश वंदन यात्रा, सामाजिक समरसता का दिया संदेश, यात्रा के माध्यम से संत रविदास जी महाराज के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक समरसता का संकल्प लिया गया।

## ट्रेंडिंग




### हिंदूवादी नेता की जनता से अपील, खड़े हनुमान मंदिर के लिए आगे आएं

# पांडवों ने 5 गांव मांगे थे हम तो केवल एक मंदिर मांग रहे : रुपेश ठाकुर

## शहर के विकास के लिए हमने 60 मंदिर दिए अब केवल खड़े हनुमान मंदिर की मांग





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

खड़े हनुमान मंदिर के स्थानांतरण को लेकर जारी विरोध और श्रद्धालुओं की भावनाओं के बीच हिंदूवादी नेता रूपेश ठाकुर ने आमजन से एकजुट होकर आगे आने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष किसी विकास कार्य को रोकने के लिए नहीं, बल्कि करोड़ों सनातनियों की आस्था और खड़े हनुमान मंदिर की पहचान को सुरक्षित रखने के लिए है।

रूपेश ठाकुर ने कहा कि शहर के विकास और सड़क चौड़ीकरण जैसे कार्यों के लिए हिंदू समाज ने हमेशा सहयोग किया है। उन्होंने दावा किया कि उज्जैन शहर के विकास के लिए सनातन समाज और श्रद्धालुओं ने करीब 60 मंदिरों को विकास कार्यों के लिए स्थान देने में सहयोग किया है, लेकिन आज जब खड़े हनुमान मंदिर की बात सामने आई है तो सरकार और प्रशासन से केवल एक मंदिर को लेकर श्रद्धालुओं की भावना का सम्मान करने की मांग की जा रही है। उन्होंने कहा, हम सरकार से बहुत कुछ नहीं मांग रहे हैं। हमने शहर के विकास के लिए अनेक मंदिरों को दिया है। आज हमारी मांग केवल एक है-हमारा खड़े हनुमान मंदिर।

रूपेश ठाकुर ने कहा कि यह बात और भी पीड़ादायक है कि प्रदेश में सनातन संस्कृति और हिंदू आस्था की बात करने वाली सरकार होने के बावजूद श्रद्धालुओं की मांग को गंभीरता से नहीं सुना जा रहा है। उन्होंने कहा कि खड़े हनुमान मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि वर्षों पुरानी आस्था, परंपरा और हजारों श्रद्धालुओं की भावनाओं का केंद्र है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि सभी हिंदू संगठन, सामाजिक संगठन, व्यापारी, युवा और आम श्रद्धालु एकजुट होकर इस विषय में अपनी आवाज बुलंद करें।

### श्रद्धालुओं की भावनाओं को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए

- रूपेश ठाकुर ने अपने संघर्षों का उल्लेख करते हुए कहा कि हम यहां से बल लेकर गए थे और आंदोलन के माध्यम से अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण के संघर्ष में अपनी भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि जब सनातन समाज एकजुट होता है तो बड़े से बड़ा लक्ष्य भी प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण केवल किसी एक व्यक्ति या संगठन की लड़ाई नहीं था, बल्कि करोड़ों रामभक्तों के संघर्ष, त्याग और एकजुटता का परिणाम था। उसी तरह खड़े हनुमान मंदिर की आस्था और सम्मान के लिए भी समाज को आगे आना होगा।
- यदि हम आज अपनी आस्था के मुद्दे पर एकजुट नहीं हुए तो आने वाले समय में हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों को लेकर भी सवाल खड़े हो सकते हैं। हमें शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात सरकार और प्रशासन तक पहुंचानी होगी।
- उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष का नहीं बल्कि पूरे सनातन समाज का आंदोलन है। सभी लोग मतभेद भुलाकर खड़े हनुमान मंदिर के सम्मान और श्रद्धा की रक्षा के लिए आगे आएं।
- गौरतलब है कि सड़क चौड़ीकरण और विकास कार्यों की प्रक्रिया के चलते खड़े हनुमान मंदिर का स्थानांतरण शहर में धार्मिक आस्था और विकास के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। मंदिर से जुड़े श्रद्धालु लगातार अपनी भावनाएं व्यक्त कर रहे हैं और प्रशासन से धार्मिक परंपराओं एवं जनभावनाओं का सम्मान करते हुए उचित समाधान की मांग कर रहे हैं।
- विकास जरूरी है, लेकिन विकास के साथ आस्था और विरासत का सम्मान भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शहर के विकास में हिंदू समाज कभी बाधक नहीं रहा है और आगे भी नहीं रहेगा, लेकिन खड़े हनुमान मंदिर को लेकर श्रद्धालुओं की भावनाओं को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने अंत में कहा, अब सभी को आगे आना होगा। यह केवल खड़े हनुमान मंदिर की लड़ाई नहीं, बल्कि हमारी आस्था, हमारी पहचान और हमारी धार्मिक विरासत के सम्मान की बात है।

## क्या केवल प्रशासन की कोशिश या फिर बजरंगबली की इच्छा?

उज्जैन में 200 वर्षों से अधिक प्राचीन माने जाने वाले खड़े हनुमानजी महाराज की प्रतिमा को विस्थापित करने का प्रयास इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। कल तक प्रशासन ने काफी मेहनत, संसाधन और तकनीकी प्रयासों के बावजूद प्रतिमा को हटाना तो दूर, उसे हिला भी नहीं पाया था। आज सुबह से एक बार फिर नए विशेषज्ञों और तकनीकी संसाधनों के साथ विस्थापन का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम को लेकर भक्तों के मन में एक अलग ही भाव चल रहा है।

आध्यात्मिक दृष्टि से देखें तो किसी देवी-देवता की प्राचीन प्रतिमा केवल पत्थर, धातु या किसी भौतिक संरचना का स्वरूप नहीं होती। वर्षों और सदियों से उस स्थान पर होने वाली पूजा, आराधना, मंत्रोच्चार और भक्तों की श्रद्धा उस स्थान को आस्था का केंद्र बना देती है। यही कारण है कि जब किसी प्राचीन देव प्रतिमा के स्थान परिवर्तन की बात आती है तो भक्तों के मन में भावनाएं स्वाभाविक रूप से उमड़ पड़ती हैं। हनुमानजी को तो स्वयं शक्ति, भक्ति और संकल्प का प्रतीक माना जाता है। रामभक्त हनुमान के बारे में कहा जाता है कि जहां श्रीराम का नाम होता है, वहां हनुमानजी की उपस्थिति भी मानी जाती है। हनुमानजी को संकटमोचन कहा गया है। वे भक्तों के कष्ट दूर करने वाले, धर्म की रक्षा करने वाले और असंभव को संभव बनाने वाले देवता के रूप में पूजे जाते हैं। ऐसे में जब प्रशासन की तमाम कोशिशों के बाद भी कल प्रतिमा अपने स्थान से नहीं हिली, तो भक्तों के मन में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि- क्या यह केवल तकनीकी कठिनाई थी, या फिर बजरंगबली की कोई इच्छा?

सनातन परंपरा में एक गहरी मान्यता है कि ईश्वर की इच्छा के बिना कोई कार्य पूर्ण नहीं होता। मनुष्य योजना बना सकता है, संसाधन जुटा सकता है, मशीनें लगा सकता है और अपनी पूरी शक्ति लगा सकता है, लेकिन परिणाम क्या होगा, इसे लेकर भक्त अंततः ईश्वर की इच्छा को ही सर्वोपरि मानते हैं।

कल का दृश्य भी कुछ ऐसा ही था। प्रयास होते रहे, मेहनत होती रही, व्यवस्थाएं की गईं, लेकिन प्रतिमा नहीं हिली। अब आज फिर नए विशेषज्ञों को बुलाया गया है। नई तकनीक और नए तरीके अपनाए जा रहे हैं। प्रशासन अपने स्तर पर पूरी तैयारी के साथ काम कर रहा है। लेकिन दूसरी ओर भक्तों की नजरें बजरंगबली पर टिकी हुई हैं। भक्तों का कहना है कि हनुमानजी जहां विराजमान हैं, वहां सदियों की आस्था जुड़ी हुई है। यदि उनका स्थान परिवर्तन होना है तो वह भी उनकी इच्छा और उचित धार्मिक विधि-विधान के अनुसार ही होना चाहिए।

यही कारण है कि इस पूरे घटनाक्रम को लोग केवल एक प्रशासनिक कार्रवाई के रूप में नहीं, बल्कि आस्था और विश्वास के नजरिए से भी देख रहे हैं।

आध्यात्मिक रूप से देखा जाए तो हर घटना अपने साथ एक संदेश लेकर आती है। संभव है कि यह पूरा घटनाक्रम लोगों को यह याद दिला रहा हो कि शक्ति केवल मशीनों में नहीं होती, शक्ति श्रद्धा में भी होती है। हनुमानजी स्वयं विनम्रता और सेवा के सबसे बड़े प्रतीक हैं। अपार शक्ति होने के बावजूद उन्होंने अपने जीवन में कभी अहंकार नहीं किया। उन्होंने हमेशा स्वयं को श्रीराम का सेवक माना। शायद यही संदेश आज भी सबसे महत्वपूर्ण है कि मनुष्य चाहे कितना भी शक्तिशाली हो जाए, उसे श्रद्धा, विनम्रता और धर्म के प्रति सम्मान बनाए रखना चाहिए।

खड़े हनुमानजी महाराज के विस्थापन का प्रयास सफल होगा या नहीं, प्रतिमा अपने नए स्थान पर जाएगी या अपने पुराने स्थान पर ही विराजमान रहेगी-यह तो आने वाला समय बताएगा।

लेकिन भक्तों के लिए इस समय सबसे बड़ी बात यही है कि- जो भी हो, वह विधि-विधान, श्रद्धा और बजरंगबली की इच्छा के अनुरूप हो। क्योंकि भक्तों की आस्था कहती है- जहां राम का नाम, वहां हनुमान का धाम। और जहां हनुमानजी की इच्छा, वहीं पूर्ण होगा काम।

आज फिर प्रशासन प्रयास कर रहा है। नए विशेषज्ञ आए हैं। तकनीक और अनुभव का उपयोग हो रहा है। लेकिन हजारों भक्तों की निगाहें इस पूरे घटनाक्रम पर टिकी हुई हैं।



हर कोई बस यही देख रहा है कि-

### आखिर बजरंगबली क्या चाहते हैं?

क्या आज प्रतिमा आसानी से अपने नए स्थान पर जाएगी?
या फिर एक बार फिर भक्तों की आस्था के सामने कोई ऐसा दृश्य आएगा, जो लोगों को सोचने पर मजबूर कर देगा, आस्था की दुनिया में हर घटना का उत्तर केवल तर्क से नहीं मिलता। कुछ बातें विश्वास से जुड़ी होती हैं और कुछ प्रश्नों का जवाब समय स्वयं देता है। फिलहाल उज्जैन में खड़े हनुमानजी महाराज को लेकर चल रहे इस घटनाक्रम पर पूरे क्षेत्र की नजर बनी हुई है। हे पवनपुत्र हनुमानजी महाराज! जो भी हो, वह धर्म, आस्था और भक्तों के कल्याण के लिए मंगलमय हो।

### रात में हिंदुवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की

## भू-स्कैनिंग का इंतजार, खड़े हनुमान जी के पुजारी बीमार

### राजसी सवारी के बाद ही इस मामले में प्रशासन की कार्यवाही आगे बढ़ेगी

कंठाल से गोपाल मंदिर सड़क चौड़ीकरण में आ रहे खड़े हनुमान जी की प्रतिमा को हटाने का पेंच रविवार को भी उलझा ही रहा। जमीन की गहराई की स्कैनिंग के लिए मशीन और विशेषज्ञ दोनों नहीं आ सके हैं। मंदिर के पंडित जी महेश बैरागी का रक्तचाप बढ़ने एवं शारिरिक थकान के चलते बीमार पड़ने पर निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है।



रविवार को भी खड़े हनुमान जी का पूजन अर्चन वाटर प्रुफ टेंट में ही पूर्ववत स्थल पर ही जारी रहा। पूरे दिन श्रद्धालुओं का यहां भगवान के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में आना जाना चलता रहा। मंदिर की और से पूर्ववत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण का दौर भी चलता रहा है। शनिवार रात नगर निगम की यहां पहुंची मशीनों के विरोध में हिंदुवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने विरोध कर दिया था। इसके बाद यहां आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय पार्षद एवं अन्य के खिलाफ नारेबाजी भी की थी। रविवार को नगर निगम ने यहां कोई कार्रवाई नहीं की है। मंदिर के सेवक जय वासवानी ने बताया कि रविवार को जमीन के अंदर प्रतिमा की गहराई को लेकर स्कैनिंग करने के लिए कोई नहीं पहुंचा। सुबह से लेकर देर शाम तक श्रद्धालुओं ने यहां पहुंचकर भगवान के दर्शन किए हैं। पुजारी महेश बैरागी के अस्वस्थता को लेकर वासवानी का कहना था कि उनका बीपी बढ़ने और अधिक शारिरीक श्रम की स्थिति के कारण निजी अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल किया गया है वे पूरी तरह से स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। इधर अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि राजसी सवारी के बाद ही इस मामले में आगे की कार्यवाही को अंजाम दिया जाएगा।

## मक्सी रोड फोरलेन निर्माण कार्य का कलेक्टर एवं निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ महापर्व-2028 की तैयारियों के अंतर्गत शहर में एमपीआरडीसी द्वारा किए जा रहे मक्सी रोड फोरलेन मार्ग निर्माण कार्य का शनिवार को कलेक्टर रौशन कुमार सिंह एवं नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि नवीन मार्ग निर्माण कार्यों में एमपीआरडीसी और नगर निगम दोनों विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा निर्माण की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

शहरी क्षेत्र में नगर निगम एवं एमपीआरडीसी द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान एमपीआरडीसी के अधिकारियों ने बताया कि उज्जैन-मक्सी मार्ग के कुल 38 किलोमीटर हिस्से में फोरलेन निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत शहरी क्षेत्र में लगभग 7 किलोमीटर क्षेत्र में नगर निगम द्वारा पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इसमें लगभग 3 किलोमीटर क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष कार्य प्रगतिरत है। पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण होने के पश्चात एमपीआरडीसी द्वारा संबंधित हिस्से में सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है। फोरलेन मार्ग निर्माण कार्य में अब तक लगभग 30 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि नगर निगम एवं एमपीआरडीसी के अधिकारी कार्यों की सतत निगरानी करते हुए निर्माण कार्य में गति बनाए रखें, ताकि किसी भी स्तर पर कार्य प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ महापर्व-2028 को दृष्टिगत रखते हुए सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग नियमित रूप से कार्य की प्रगति की समीक्षा करते रहें।

## चेयरमैन रेल्वे बोर्ड को वेरे मजदूर संघ ने स्वागत कर सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



रेल्वे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार कुमार के उज्जैन आगमन पर वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ रतलाम के मंडल मंत्री अभिलाष नागर के नेतृत्व में एवं महाप्रबंधक परे एवं मंडल रेल प्रबंधक रतलाम की उपस्थिति में स्वागत कर रेलवे कर्मचारियों की विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में निम्न समस्याओं प्रमुख रूप से शामिल थी :-

1 रतलाम मंडल में नई रेल आवासों का निर्माण करने एवं मरम्मत के लिए पर्याप्त फंड उपलब्ध कराना।
2 ट्रैक मेंटेनर केडर को विभिन्न विभागों की सीमित विभागीय परीक्षाओं में शामिल करना।
3 पश्चिम रेलवे में जीडीसीई परीक्षाओं के नियमित रूप से आयोजन करना।
4 रेल कर्मचारियों को नई पेंशन योजना से मुक्त कर पुरानी पेंशन योजना लागू करना।
5 उत्पादकता आधारित बोनस का भुगतान वास्तविक मूल वेतन के आधार पर करना।
6 ट्रैक मेंटेनर हेतु रक्षक उपकरण उपलब्ध कराना।
7 सभी पॉइंट्स मैन कर्मचारियों को 12 घंटे की ड्यूटी से मुक्त कर 8 घंटे ड्यूटी रोस्टर लागू करना।
8 उच्च वेतनमान ग्रेड पे 5400 प्रदान करने से छुटी हुई सुपरवाइजर कैटेगरी को शीघ्र प्रदान करना।
9 रतलाम मंडल में पर्याप्त संख्या में विशेषज्ञ चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ की पदस्थापना करना।
10 न्यायालय प्रकरण के कारण लंबित ट्रेन मैनेजर केडर के पदोन्नति हेतु उचित निराकरण करना।

इस अवसर पर वेस्टर्न रेल्वे मजदूर संघ की महिला समिति मंडल सचिव ऊषा खींची, उज्जैन शाखा उपाध्यक्ष अविनाश श्रीवास, अनिल देवड़ा, किशोर सिंह, अखिलेश कुमार आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## ऐतिहासिक सतीगेट के पुरातन स्वरूप में नए का घालमेल


### सौंदर्यीकरण के नाम पर लोहे की मेहराबदार डिजाइन, मूल स्वरूप को लेकर उठ रहे सवाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर की पहचान और ऐतिहासिक धरोहर माने जाने वाले प्राचीन सतीगेट का पुरातन स्वरूप अब शायद ही पहले जैसा दिखाई दे। सतीगेट के सौंदर्यीकरण के तहत गेट के ऊपरी हिस्से पर मजबूत लोहे की मेहराबदार डिजाइन वाली फ्रेम लगाने का काम देर रात तक जारी रहा। भारी-भरकम लोहे की फ्रेम को गेट के ऊपर तक पहुंचाने के लिए विशालकाय क्रेन की मदद ली गई। हालांकि, ऐतिहासिक गेट के ऊपर आधुनिक डिजाइन का यह घालमेल उसके मूल स्वरूप से कितना मेल खाता है, इसे लेकर स्थानीय स्तर पर सवाल उठने लगे हैं।

**दोनों ओर सड़क की चौड़ाई में अंतर-** सतीगेट के दोनों ओर सड़क की स्थिति भी चर्चा का विषय बनी हुई है। कंठाल की ओर से सराफा की तरफ प्रवेश करने पर गेट के दायीं ओर अपेक्षाकृत चौड़ी सड़क दिखाई देती है, जबकि बायीं ओर संकरी गलीनुमा सड़क नजर आती है। मौके पर मौजूद स्थानीय रहवासियों ने सड़क की चौड़ाई में इस अंतर को लेकर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि ऐतिहासिक क्षेत्र के विकास में सभी दिशाओं में समान और व्यवस्थित आवागमन की सुविधा पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

**राजसी सवारी से पहले युद्धस्तर पर काम-** बाबा महाकाल की राजसी सवारी को देखते हुए क्षेत्र में निर्माण और सौंदर्यीकरण का काम युद्धस्तर पर किया जा रहा है। हालांकि, जल्दबाजी में काम पूरा करने की कोशिश में कहीं-कहीं खामियां दिखाई देने लगी हैं। एक ओर रेडीमेड नालियों के स्लैब और ढक्कन लगाने का काम चल रहा है, वहीं दूसरी ओर सतीगेट को सजाने-संवारने का कार्य भी जारी है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या जल्दबाजी के बजाय काम को योजनाबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जा रहा है।






### आस्था के स्थलों को लेकर भी चिंता

कंठाल से छत्रीचौक तक पैदल मार्ग पर चलने पर कई प्राचीन देवस्थलों की स्थिति श्रद्धालुओं को चिंतित करती है। विकास कार्यों के दौरान कुछ देवस्थलों के मूल स्थान और स्वरूप प्रभावित हुए हैं। टकसाली गणेशजी एक दुकान के भीतर अस्थायी रूप से प्रतिष्ठापित नजर आते हैं, जबकि संकटमोचक हनुमानजी भी बेहद संकरी जगह में दिखाई देते हैं।



# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | मंगलवार 08 सितंबर, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### आरएसएस 3 अक्टूबर से तीन दिवसीय बैठक करेगा

**इंदौर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की तीन दिन की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल बैठक 3 से 5 अक्टूबर तक इंदौर में होगी। इसे दिवाली बैठक भी कहा जाता है। संघ के सभी 46 प्रांतों के पदाधिकारी इस बैठक में शामिल हो सकते हैं। यह संघ के शताब्दी वर्ष में होने वाली आखिरी बड़ी संगठनात्मक बैठक होगी। बैठक में संगठन की चल रही गतिविधियों और शताब्दी वर्ष में लिए गए फैसलों को लागू करने पर चर्चा होगी। आरएसएस के अंदर प्रस्तावित ढांचे और संगठन से जुड़े बदलावों को लागू करने की दिशा में भी यह बैठक अहम मानी जा रही है।


### कंटेनर से 4,151 बल्क लीटर मदिरा बरामद

**इंदौर।** इंदौर जिले में अवैध मदिरा के विक्रय, परिवहन एवं संग्रहण के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा निरंतर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर शिवम वर्मा के आदेशानुसार तथा सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के निर्देशन में जिले में संचालित अभियान के क्रम में आबकारी विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 50 लाख रुपये कीमत की अवैध मदिरा बरामद की है। आबकारी विभाग की टीम को इंदौर शहर के बायपास क्षेत्र में कनाड़िया से बिचौली हप्सी के मध्य सर्विस रोड के किनारे एक आयशर कंटेनर ट्रक क्रमांक ल्फ 55 अक्ष 2661 के संदिग्ध अवस्था में खड़े होने की सूचना मिली। संदेह के आधार पर आबकारी उपनिरीक्षक आकाश मेश्राम के नेतृत्व में टीम ने कंटेनर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान कंटेनर से मैकडोवेल्स नंबर वन व्हिस्की की 250 पेटियां बरामद हुईं, जिनमें 750 एमएल धारिता की बोतलें थीं।

### दो दिवसीय राष्ट्रीय अलंकरण सम्मान समारोह 27 सितम्बर से

**इंदौर।** राष्ट्रीय लता मंगेशकर अलंकरण सम्मान समारोह एवं गीत संध्या का दो दिवसीय आयोजन 27-28 सितम्बर को इंदौर में होगा। मुख्य समारोह 28 सितम्बर को होगा। अलंकरण समारोह की तैयारियों को लेकर इंदौर संभागायुक्त भास्कर लाक्षाकार ने बैठक आयोजित की। बैठक में संभागायुक्त श्री लाक्षाकार ने कहा कि स्वर कोकिला लता मंगेशकर के नाम से प्रतिवर्ष आयोजित राष्ट्रीय लता मंगेशकर अलंकरण सम्मान समारोह इस बार 28 सितम्बर को लता मंगेशकर ऑडिटोरियम परस्पर नगर इंदौर में सम्पन्न होगा। 28 सितम्बर को स्वर कोकिला लता मंगेशकर की जन्म जयंती है। राष्ट्रीय लता मंगेशकर अलंकरण समारोह एक वर्ष संगीत निर्देशन एवं दूसरे वर्ष पार्श्व गायन के क्षेत्र में दिया जाता है। संभागायुक्त श्री लाक्षाकार ने आगे कहा कि राष्ट्रीय लता मंगेशकर अलंकरण समारोह एवं गीत संध्या के तहत स्वर कोकिला लता मंगेशकर के जीवनवृत पर केन्द्रित दुर्लभ चित्रों की प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा।

### निराकरण में विलंब करने वाले कर्मचारियों पर हुई कार्रवाई




**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज समय-सीमा पत्रों (टीएल) के निराकरण की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं, नागरिक सेवाओं तथा सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप नागरिकों से संबंधित सभी आवेदनों और शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। शिकायतों के निराकरण में केवल खानापूर्ति नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपूर्ण समाधान पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में वनमण्डलाधिकारी लाल सुधाकर सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पवार, श्री रिंकेश वैश्य सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का डिस्पोजल निर्धारित समय-सीमा में होना चाहिए। समीक्षा के दौरान ऐसी शिकायतों को चिन्हित किया जाए, जिनमें अनावश्यक विलंब अथवा लापरवाही सामने आ रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी आवेदन या शिकायत के निराकरण में अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी।

## नैनो न्यूज

- **देवासः** जिले में लगातार बारिश से खरीफ फसलों और जलस्त्रोतों को फायदा, लेकिन निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है।
- **आगर-मालवाः** झमाझम बारिश से खरीफ फसलों को राहत मिली है। किसानों को सोयाबीन सहित अन्य फसलों में बेहतर उत्पादन की उम्मीद बढ़ी।
- **शाजापुरः** शाजापुर मंडी में प्याज की बंपर आवक की सूचना है। आवक बढ़ने से मंडी में व्यापारिक गतिविधियां तेज हुई हैं।
- **रतलामः** जिले में बारिश का दौर जारी है। किसानों के लिए बारिश राहत लेकर आई, हालांकि कुछ क्षेत्रों में जलभराव की समस्या भी सामने आई है।
- **मंदसौरः** पुलिस ने पांच राज्यों में 17 नकबजनी की वारदात करने वाली गैंग का पदार्फाश कर करीब 20 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर बरामद किए।
- **सुसनेरः** सुसनेर क्षेत्र में भी लगातार मानसूनी बारिश का असर है। खरीफ फसलों के लिए बारिश लाभकारी मानी जा रही है।
- **देवासः** सोयाबीन चोरी छिपाने 400 फीट गहरी खाई में ट्रक फेंककर आग लगाने के मामले का पुलिस ने खुलासा किया।
- **आगर-मालवाः** जिले में बारिश का दौर जारी है। नदी-नालों के उफान और बांधों के गेट खुलने से प्रशासन अलर्ट मोड पर है।

पत्र भेजने अथवा उसे कार्यक्रम स्थल पर रखने वाले व्यक्ति की पहचान अभी तक स्पष्ट नहीं हो सकी

# कथावाचक कमलकिशोर नागर को भेजा धमकी भरा पत्र

**पं. नागर लंबे समय से धार्मिक प्रवचनों के माध्यम से समाज को जागरूक करने के साथ-साथ गौ-संरक्षण और सामाजिक सरोकारों पर सक्रिय भूमिका निभाते रहे**

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर**

कथावाचक कमलकिशोर नागर को कथित रूप से धमकी भरा पत्र मिलने की घटना के बाद नागर ब्राह्मण समाज, उनके अनुयायियों एवं गौसेवा से जुड़े लोगों में आक्रोश व्याप्त है। मामले को गंभीरता से लेते हुए गुरुदेव भक्त मंडल श्री हाटकेश्वर धाम सेमली के सदस्यों ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा धमकी भरा पत्र भेजने अथवा रखने वाले अज्ञात व्यक्ति या व्यक्तियों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि पंडित कमलकिशोर नागर को यह कथित धमकी भरा पत्र झाबुआ जिले के भूराडाबरा स्थित श्री गुरु कृपा शबरी गौशाला परिसर में मिला था। बताया गया कि गौशाला परिसर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा पंडित नागर का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान भी किया गया था।

भक्त मंडल के अनुसार, इसी दौरान प्राप्त सामग्री और श्रद्धालुओं के बीच से एक धमकी भरा पत्र सामने आया। पत्र में प्रयुक्त भाषा और उसकी विषयवस्तु को गंभीर तथा संत की सुरक्षा की दृष्टि से चिंताजनक बताया गया है। घटना की जानकारी सामने आने के बाद अनुयायियों और धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों में चिंता और नाराजगी देखी जा रही है।

### धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय हैं पंडित नागर

ज्ञापन में कहा गया कि पंडित कमलकिशोर नागर लंबे समय से धार्मिक प्रवचनों के माध्यम से समाज को जागरूक करने के साथ-साथ गौ-संरक्षण और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में विभिन्न क्षेत्रों में धार्मिक आयोजन, सत्संग एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। भक्त मंडल ने आशंका जताई है कि पंडित नागर की सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों से असंतुष्ट किसी असामाजिक तत्व द्वारा इस प्रकार की हरकत की गई हो सकती है। हालांकि पत्र भेजने अथवा उसे कार्यक्रम स्थल पर रखने वाले व्यक्ति की पहचान अभी तक स्पष्ट नहीं हो सकी है।

### आरोपियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की मांग

नागर ब्राह्मण समाज के प्रदेशाध्यक्ष केदार रावल ने प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि धमकी से जुड़े मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच कराई जानी चाहिए। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि कार्यक्रम स्थल, वहां मौजूद लोगों तथा अन्य संभावित तथ्यों की जांच कर धमकी भरा पत्र लिखने, भेजने अथवा वहां रखने वाले अज्ञात व्यक्ति या व्यक्तियों की पहचान की जाए। साथ ही दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। भक्त मंडल और नागर ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों का कहना है कि संत-महात्माओं और धार्मिक व्यक्तित्वों के प्रति इस प्रकार की धमकीपूर्ण गतिविधियां समाज में चिंता पैदा करती हैं। उन्होंने प्रशासन से मामले में शीघ्र कार्रवाई करते हुए दोषियों को कानून के दायरे में लाने की मांग की है। घटना के बाद नागर ब्राह्मण समाज, पंडित कमलकिशोर नागर के अनुयायियों और गौशाला परिवार से जुड़े लोगों ने एकजुट होकर प्रशासन से संत की सुरक्षा और मामले की गंभीर जांच की मांग की है।

इंदौर पुलिस का बड़ा एक्शन, रॉन्ग साइड चलने वालों पर केस दर्ज

# ट्रैफिक पुलिस ने एक ही दिन में बनाए 1300 से ज्यादा चालान

**तीन इमली-पालदा रोड पर अवैध पार्किंग की शिकायत का निराकरण कराया गया**

### यातायात संबंधी शिकायतों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है

### रॉन्ग साइड में गाड़ी चलाने वाले 21 लोगों पर केस दर्ज किया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर शहर में ट्रैफिक पुलिस ने सड़क पर यातायात नियमों को तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। इसमें सड़क पर रॉन्ग साइड पर गाड़ी चलाने वालों से लेकर बिना हेलमेट पहने और मोबाइल पर बात करते ड्राइव करने वालों पर भी कार्रवाई की गई।

जानकारी के मुताबिक रॉन्ग साइड में गाड़ी चलाने वाले 21 लोगों पर केस दर्ज किया गया है। इनके साथ बीच सड़क पर गाड़ी पार्क करने वालों पर भी कार्रवाई की गई है। ट्रैफिक पुलिस ने कई ऐसी गाड़ियों पर भी कार्रवाई की जिन पर नंबर प्लेट ही नहीं लगी थी वहीं जांच के दौरान कुछ का बीमा भी नहीं मिला।

### ट्रैफिक पुलिस ने किया 4,022 शिकायतों का निराकरण



यातायात प्रबंधन पुलिस द्वारा नागरिकों की यातायात संबंधी शिकायतों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। नो-पार्किंग में खड़े वाहनों की शिकायत मिलने पर महेश गार्ड, नृसिंह बाजार, सागर जूस के पास, भोलाराम उस्ताद मार्ग, अंबेडकर नगर, संयोजितगंज थाना के बाहर और सपना-संगीता मार्ग पर कार्रवाई की गई। तीन इमली-पालदा रोड पर अवैध पार्किंग की शिकायत का निराकरण कराया गया। इमली बाजार चौराहे पर यातायात सुचारू कराया गया। इंडस्ट्री हाउस-एलआईजी चौराहा मार्ग पर क्रेन की सहायता से यातायात क्लियर कराया गया। सरवटे बस स्टैंड क्षेत्र में भी शिकायत का निराकरण कराया गया।

### इंदौर में सिग्नल तोड़ने वाले वाहन चालक पर केस

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध यातायात पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। रविवार को पलासिया चौराहा पर ड्यूटी के दौरान यातायात पुलिस टीम ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाकर राहगीरों व अन्य वाहन चालकों की जान जोखिम में डालने वाले चालक के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की। यातायात पुलिसकर्मियों ने पलासिया चौराहा पर वाहन क्रमांक एमपी-09-बीपी-9772 के चालक को तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते देखा। चालक यातायात सिग्नल का उल्लंघन कर तेज गति से वाहन चला रहा था। यातायात पुलिस टीम ने तत्काल वाहन का पीछा कर उसे रोक लिया।

पूछताछ में चालक ने अपना नाम रिजवान अहमद बताया। यातायात पुलिस ने मौके पर कार्रवाई करते हुए चालक और वाहन को पलासिया थाने लाया। चालक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 तथा मोटर व्हीकल एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

# इंदौरः वार्ड 60 के बाद 58 में भी टले निकाय उपचुनाव

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर के वार्ड क्रमांक 58 और 60 में होने वाले निकाय उपचुनाव को राज्य निर्वाचन आयोग ने फिलहाल स्थगित कर दिया है। यह फैसला मतदाता सूची में मिली गड़बड़ियों की शिकायतों और पुलिस-प्रशासन की रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है। आयोग के अनुसार, पुरानी सूची के आधार पर चुनाव कराने से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका जताई गई थी। वार्ड 58 और 60 की मतदाता सूची का अब नए सिरे से सत्यापन कराया जाएगा। निर्वाचन दल मौके पर जाकर प्रत्येक मतदाता के नाम और दर्ज जानकारी की भौतिक जांच करेगा। पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए एक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी को विशेष प्रेक्षक के रूप में नियुक्त किया जाएगा। इस जांच और सूची के शुद्धिकरण के बाद ही उपचुनाव की नई तारीखों का ऐलान होगा।

वार्ड 60 का चुनाव प्रक्रिया पहले से ही हाईकोर्ट के एक आदेश के कारण रुकी हुई थी। अब वार्ड 58 का उपचुनाव भी स्थगित कर दिए जाने से दोनों वार्डों में चुनावी गतिविधियां पूरी तरह से थम गई हैं। प्रशासन द्वारा वोटर लिस्ट की विस्तृत जांच पूरी होने के बाद ही अगली घोषणा की जाएगी। कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि चुनाव को स्थगित करने की जानकारी मिली है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा यह निर्णय लिया गया है।

दाती महाराज बोले- बार-बार चुनाव से संसाधनों और समय का नुकसान

# उज्जैनः वन नेशन-वन इलेक्शन लागू करने पर जोर

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सिद्ध शक्तिपीठ शनि धाम के पीठाधीश्वर एवं महानिवार्णी अखाड़े के महामंडलेश्वर परमहंस दाती महाराज ने देश में वन नेशन, वन इलेक्शन लागू करने पर जोर दिया है। उज्जैन प्रवास पर आए दाती महाराज ने कहा कि युवाओं को इस व्यवस्था के समर्थन में आगे आना चाहिए, क्योंकि बार-बार होने वाले चुनावों से देश के संसाधनों और समय का बड़ा नुकसान होता है।

दाती महाराज ने विशेष रूप से शिक्षकों की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश में बार-बार चुनाव होने के कारण गांव-देहात के शिक्षकों को साल भर कभी रसीद काटने, कभी जनगणना तो कभी चुनावी ड्यूटी में लगा दिया जाता है। इससे उनका अप्रत्यक्ष रूप से आर्थिक और मानसिक शोषण होता है। वन नेशन, वन इलेक्शन लागू होने से शिक्षकों को अपनी मूल जिम्मेदारी यानी पढ़ाने का पर्याप्त समय मिलेगा। जब शिक्षक बच्चों को सही समय और बेहतर शिक्षा दे पाएंगे, तभी हमारी आने वाली पीढ़ी और देश का भविष्य उज्ज्वल होगा। दाती महाराज ने विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल की महासवारी में भाग लिया। उन्होंने कहा, 'आज बाबा महाकाल के चरणों में यही प्रार्थना है कि हमारा राष्ट्र सुख-समृद्धि से परिपूर्ण और वैभवशाली बने तथा देश का अन्नदाता किसान और अधिक मजबूत हो।'

### उज्जैन की बेटियों के लिए भी करेंगे सेवा कार्य

पिछले 36 वर्षों से ह्यबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, देश बचाओह्व संकल्प के साथ कार्य कर रहे दाती महाराज ने बताया कि वे अब तक पाली (राजस्थान) में 11,000 से अधिक बेटियों को निःशुल्क उच्च शिक्षा दिलाकर उनका विवाह संपन्न करा चुके हैं। अब इसी तर्ज पर उज्जैन की बेटियों के उत्थान, शिक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए कार्य किया जाएगा।

### युवा ही संभालेंगे सनातन और देश की बागडोर

देश के युवाओं पर भरोसा जताते हुए महामंडलेश्वर ने कहा कि ग्रहों की गणनाएं स्पष्ट संकेत दे रही हैं कि भारत का युवा अब अधिक जागरूक, ज्ञानवान और प्रगतिशील हो रहा है। आने वाले समय में युवा न केवल सनातन संस्कृति को सहेजेंगे, बल्कि देश की पूरी बागडोर भी संभालेंगे। आज का युवा किसी के आगे हाथ फैलाने वाला नहीं, बल्कि दूसरों को मजबूत करने वाला बन रहा है।

### कर्म फलदाता हैं शनिदेव- दाती महाराज

शनिदेव से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करते हुए दाती महाराज ने कहा कि शनिदेव भाग्यविधाता हैं और केवल न्याय का काम करते हैं। वे किसी का अहित नहीं करते, बल्कि सत्कर्म करने वालों को राजा बना देते हैं। इसलिए शनिदेव पर उंगली उठाने से पहले व्यक्ति को अपने कर्मों की ओर देखना चाहिए।

# डीएवीवी में परीक्षा से दो महीने पहले जारी होगा टाइम टेबल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

परीक्षाओं को समय पर करवाने को लेकर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ने बडा फैसला लिया है। अब परीक्षा शुरू किए जाने से दो महीने पहले टाइम टेबल जारी किया जाएगा। ऐसा करने के पीछे असल वजह यह है कि कालेज विद्यार्थियों का समय पर सिलेबस पूरा करवा सकें।

नई व्यवस्था को नवंबर से होने वाली सेमेस्टर परीक्षाओं से लागू किया जा रहा है। विश्वविद्यालय ने इसके बारे में कालेजों को निर्देश दे दिए हैं। वहीं विद्यार्थियों को सात दिन रीविजन करने के लिए समय दिया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक सेमेस्टर परीक्षा के आवेदन की प्रक्रिया 15 सितंबर से शुरू की जाएगी। दरअसल, कई बार सिलेबस पूरा नहीं होने के चलते विश्वविद्यालय को सेमेस्टर परीक्षाओं के टाइम टेबल में फेरबदल करना पड़ा है।

इसके चलते नवंबर-दिसंबर में होने वाली परीक्षा फरवरी तक चलती है। ऐसी परिस्थिति बनने से मूल्यांकन और रिजल्ट से जुड़े कार्य प्रभावित होते हैं। इसे देखते हुए विश्वविद्यालय ने स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के पहले और तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा को लेकर बैठक बुलाई। इसमें परीक्षा-गोपनीय, मूल्यांकन और कम्प्यूटर सेंटर के अधिकारी शामिल हुए। नवंबर में तीसरे सेमेस्टर और दिसंबर में पहले सेमेस्टर की परीक्षा करवाने पर सहमति बनी है।

छह माह से मुआवजे की राह देख रहे किसान, प्रकरण मंजूर होने के बाद भी कलेक्ट्रेट के लगा रहे चक्कर, ब्याज का बोझ बढ़ने से किसान दोहरी मार झेल रहे

# इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड में जमीन गई, अब तक नहीं मिली मुआवजा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड सड़क के लिए जमीन देने वाले किसान छह माह से मुआवजे की राह देख रहे हैं। ग्राम जमूड़ी सरवर सहित अन्य गांवों के कई किसानों का मुआवजा प्रकरण मंजूर हो चुका है, लेकिन राशि अब तक खाते में नहीं पहुंची। परेशान किसान एसडीएम कार्यालय से लेकर कलेक्ट्रेट तक चक्कर लगा रहे हैं।

हातोद तहसील के ग्राम जमूड़ी सरवर की किसान रामीबाई उर्फ राजूबाई ने बीते दिनों कलेक्टर जनसुनवाई में आवेदन दिया। उनका कहना था कि सर्वे नंबर 12/2/1 की 0.902 हेक्टेयर भूमि सड़क परियोजना में प्रभावित हुई है। सर्वे और अन्य प्रक्रिया के बाद प्रकरण एसडीएम स्तर से होकर कलेक्ट्रेट पहुंचा। अवार्ड फरवरी में पारित हुआ और कहा गया था कि मार्च अंत तक राशि खाते में आ जाएगी, लेकिन छह माह बाद भी भुगतान नहीं हुआ।

### ये हैं आंकड़े

- 48 किमी लंबी है इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड सड़क
- 2935 करोड़ रुपये है सड़क की कुल लागत
- 917 किसानों की 242.939 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहित
- 816 करोड़ रुपये से अधिक मुआवजा वितरित
- इंदौर के 20 और उज्जैन के आठ गांवों से गुजर रही है सड़क




### एक खसरे की मिली दूसरे की अटकी

ग्राम जमूड़ी सरवर के मेहरबान सिंह के दो खसरे इस सड़क में प्रभावित हुए थे। दोनों के प्रकरण एक साथ तैयार हुए थे। एक खसरे की राशि मिल चुकी है, लेकिन दूसरे खसरे की राशि अब तक नहीं आई। किसान उसी का इंतजार कर रहे हैं।



**बयाना डूबने का संकट-** मुआवजे की देरी से किसानों के सामने नई परेशानी खड़ी हो गई है। सड़क में जमीन जाने के बाद कई किसानों ने अन्य स्थानों पर जमीन खरीद ली थी। बयाना दे चुके किसानों को अब रजिस्ट्री कराने के लिए बाजार से ब्याज पर राशि उठानी पड़ रही है। मुआवजा नहीं मिलने और ब्याज का बोझ बढ़ने से किसान दोहरी मार झेल रहे हैं। यदि खरीदी गई जमीन का पूरा पैसा नहीं दिया तो बयाना डूबने की आशंका उन्हें सता रही है। इधर अधिकारियों का कहना है कि प्रकरणों के सत्यापन और कोष से राशि जारी करने की प्रक्रिया चल रही है। किसानों को जल्द भुगतान किया जाएगा।

### मुख्य विशेषताएं

**रूट (मार्ग)ः** यह नया मार्ग इंदौर के पितृ पर्वत (पितेश्वर हनुमान मंदिर) से शुरू होकर उज्जैन में चिंतामण गणेश मंदिर के पास सिंहस्थ बायपास तक जुड़ेगा।

**दूरी और समयः** सड़क की कुल लंबाई करीब 48.1 किलोमीटर है। इसके बनने से यात्रा का समय घटकर आधा घंटा रह जाएगा।

**लागतः** इस एक्सेस-कंट्रोल्ड फोर-लेन परियोजना पर लगभग ?2935 करोड़ खर्च किए जा रहे हैं।

**उद्देश्यः** इसे आगामी सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम और वैकल्पिक मार्ग मिल सके।

**सुरक्षाः** यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए इस पर एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (अळटर) लगाया जाएगा। इस परियोजना के लिए इंदौर और उज्जैन जिलों के लगभग 28 गांवों (इंदौर के 20 और उज्जैन के 8 गांव) के 917 किसानों की करीब 242.939 हेक्टेयर भूमि प्रभावित हुई है। शासन के अनुसार, प्रभावित किसानों को कलेक्टर गाइडलाइन के मुकाबले बिक्री दरों के आधार पर 4 से 8 गुना तक अधिक मुआवजा देने का प्रावधान किया गया है और कुल 816 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि का मुआवजा स्वीकृत/वितरित किया गया है।

## न्यूज कालम



### ऑल इज वेल हॉस्पिटल का निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 40 से अधिक मरीजों ने लिया लाभ

**बुरहानपुर।** ऑल इज वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा रविवार 6 सितंबर को शनि मंदिर के पास स्थित ऑल इज वेल सुपर क्लिनिक में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 40 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। ऑल इज वेल हॉस्पिटल के ईएनटी विशेषज्ञ सर्जन डॉ. वीकुल देशवाल ने मरीजों को परामर्श दिया और मौसमी बीमारियों से बचाव के उपाय बताए। शिविर में सभी मरीजों की निशुल्क ब्लड प्रेशर और शुगर जांच भी की गई। शिविर का आयोजन हॉस्पिटल संचालक कबीर चौकसे के दिशा-निर्देशन में सफलतापूर्वक किया गया।

### नगर में 8 सितंबर को मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस

**बड़वानी ।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निदेर्शानुसार प्रतिवर्ष अनुसार अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर 1 से 14 सितम्बर तक साक्षरता पखवाड़ा मनाया जा रहा है, इसके अंतर्गत 8 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिले में उल्लास नव भारत साक्षरता, कार्यक्रम कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह, सहायक कलेक्टर श्री माधव अग्रवाल एवं जिला परियोजना समन्वयक सुश्री सोनालिका अचाले के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है । 8 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर विकासखंड, जन शिक्षा केंद्र एवं ग्राम शाला स्तर पर साक्षरता रैलियों का आयोजन कर लोगो को साक्षरता के प्रति जागरूक कर विद्यालय स्तर पर साक्षरता शपथ एवं अन्य कार्यक्रम जिसमें आयोजित किए जाएंगे । अक्षर साथियों, नव साक्षरों को शाला में आमंत्रित कर उनको सम्मानित कर सफल हुवे नव साक्षरों को प्रमाण पत्रो का वितरित भी किया जायेगा । जिले को शत-प्रतिशत साक्षर करने के लिए कक्षा 9वी से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को अक्षर साथी के रूप में पंजीयन कराते हुवे प्रोजेक्ट कार्य से जोड़कर परिवार के असाक्षर सदस्यों की साक्षर करने की जिम्मेदारी दी जा रही है ।

### नंदगांव में आज कलेक्टर की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल आयोजित होगी

**बड़वानी ।** ग्राम नंदगांव में 8 सितंबर को कलेक्टर श्रीमति जयति सिंह की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा। इसमें किसानों एवं ग्रामीणों को कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ किसान हित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। रात्रि चौपाल में किसानों को ई-टोकन के माध्यम से उर्वरक वितरण, फार्मर आईडी बनवाने तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कपास विक्रय के लिए पंजीयन की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों एवं क्लस्टर के चयन के संबंध में भी जानकारी दी जाएगी। किसानों को फसलों में संतुलित मात्रा में उर्वरकों के उपयोग, दलहन फसलों का क्षेत्र विस्तार तथा उन्नत किस्म के प्रमाणित बीजों की बुवाई के लिए प्रेरित किया जाएगा। आगामी फसल के लिए अग्रिम उर्वरक उठाव एवं समय पर कृषि आदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में भी जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही किसानों को सहकारी समितियों की सदस्यता लेने तथा समितियों के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। विभागीय अधिकारी योजनाओं की पात्रता, अनुदान एवं लाभ लेने की प्रक्रिया से अवगत कराएंगे। ग्रामीण अपनी समस्याएं एवं सुझाव भी अधिकारियों के समक्ष रख सकेंगे।

### श्वेतांबर जैन श्रीसंघ को मिला नया नेतृत्व, भागचंद लोढ़ा बने अध्यक्ष

**सनावद।** श्वेतांबर जैन समाज के श्रीसंघ की बैठक में सर्वसम्मति से भागचंद लोढ़ा (जैन) को श्रीसंघ का नया अध्यक्ष मनोनीत किया गया। पूर्व अध्यक्ष शांतिलाल लोढ़ा ने स्वास्थ्य ठीक नहीं रहने एवं निजी इच्छा के चलते अध्यक्षीय दायित्व से मुक्त होने की इच्छा जताई थी। समाजजनों ने उनकी इच्छा का सम्मान करते हुए त्यागपत्र स्वीकार किया और भागचंद लोढ़ा को नई जिम्मेदारी सौंपी। श्रीसंघ पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने शांतिलाल लोढ़ा के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। वहीं भागचंद लोढ़ा के अध्यक्ष बनने पर समाजजनों ने विश्वास जताया कि उनके सामाजिक अनुभव और सक्रियता से श्रीसंघ की धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों को नई ऊर्जा मिलेगी। दायित्व स्वीकार करते हुए भागचंद लोढ़ा ने समाजजनों के विश्वास एवं स्नेह के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से श्रीसंघ की धार्मिक गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ाने तथा समाजसेवा के कार्यों को गति देने का प्रयास किया जाएगा।

### युवा कांग्रेस ने सीएमओ को सौंपा मार्ग की खस्ताहाल का फोटो फ्रेम और बधाई पत्र



**मंदसौर।** कोर्ट पहुंच मार्ग की खस्ताहाल स्थिति को लेकर युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राघवराजसिंह शक्तावत के नेतृत्व में अनूठा प्रदर्शन करते हुए सीएमओ को अव्यवस्थाओं की तस्वीरों का फोटो फ्रेम भेंट किया और व्यंग्यात्मक रूप से बधाई पत्र देकर अपना विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान राघव राज सिंह शक्तावत ने कहा कि शहर के इतने मुख्य मार्ग पर हजारों लोगों को प्रतिदिन धूल, मिट्टी, गंदगी और दुर्गंध से जूझना पड़ रहा है, लेकिन प्रशासन पूरी तरह से बेखबर बना हुआ है। यह मार्ग प्रसिद्ध भगवान पशुपतिनाथ मंदिर की ओर जाने वाला शहर का एक प्रमुख रास्ता है, मार्ग के निर्माण व रखरखाव में बरती जा रही घोर लापरवाही और समीप स्थित डंप यार्ड से फैलने वाली तीव्र दुर्गंध एवं गंदगी के कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस अवसर पर कांग्रेस के मनजीत सिंह टुटेजा, अजय लोढ़ा, आदित्य पाटिल, राजेश सोलंकी, दिलीप देवड़ा, कमलेश जैन, वाहिद जैदी, मुतुर्जा घड़ियाली, जीतू सोपरा, नवीन शर्मा, विजय मारू, कपिल सुरावत, नेहा जैन, सम्यक जैन, दीपक गहलोत आदि उपस्थित थे।

## बाग में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती पर निकली भव्य समरसता यात्रा

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सिर पर कलश धारण कर दिया भाईचारे का संदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बाग



संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को बाग नगर में कलश वंदन यात्रा एवं समरसता संकल्प अभियान यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। यह यात्रा जनजातीय कार्य विभाग, बाग जिला धार एवं भाजपा मंडल बाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई।

यात्रा का शुभारंभ प्रातः 10 बजे जबरेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण से हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात भाजपा कार्यकताओं एवं श्रद्धालुओं ने सिर पर पवित्र कलश धारण कर यात्रा में सहभागिता की।

जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार जी मेडा एवं भाजपा जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष मोहन पटेल के नेतृत्व में निकली यह यात्रा रथ, बैंड-बाजे और संत रविदास जी के जयकारों के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। यात्रा के दौरान नागरिकों को संत रविदास जी के समानता, समरसता, भाईचारे, सेवा और सामाजिक एकता के विचारों को आत्मसात करने का संदेश दिया गया।यह समरसता संकल्प अभियान 21 अगस्त से 10 सितंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से चलाया जा रहा है। संत रविदास जी की जन्मस्थली से जुड़ी पावन माटी को कलश यात्रा, माटी पूजन एवं कलश वंदन जैसे आयोजनों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। इसी कड़ी में बाग में आयोजित कलश वंदन यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारियों, कार्य कर्ताओं एवं श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने संत रविदास जी के आदर्शों को जीवन में अपनाने तथा समाज में आपसी सौहार्द, सामाजिक समरसता और एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया।

## वार्ड 34 उपचुनाव: कांग्रेस ने शुरू की तैयारी, गांधी भवन में बनेगी रणनीति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खंडवा

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों के उपचुनाव का कार्यक्रम घोषित किए जाने के साथ ही खंडवा नगर निगम के वार्ड क्रमांक 34, रानी दुर्गावती वार्ड में रिक्त पार्षद पद के लिए चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। चुनाव की घोषणा होते ही कांग्रेस ने भी अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि निर्वाचन कार्यक्रम जारी होने के तत्काल बाद कांग्रेस संगठन ने चुनाव की तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। वार्ड में मजबूत संगठनात्मक तैयारी के साथ चुनाव मैदान में उतरने के लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहर) प्रतिभा रघुवंशी ने बताया कि प्रत्याशी चयन, चुनाव संचालन एवं आगामी रणनीति को लेकर वरिष्ठ कांग्रेसजनों की महत्वपूर्ण बैठक 7 सितंबर सोमवार को दोपहर 2.30 बजे गांधी भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक में वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों से सुझाव लेकर चुनाव की रणनीति तैयार की जाएगी। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 8 सितंबर को चुनाव की अधिसूचना जारी होगी और इसी दिन सुबह 10.30 बजे से नाम निर्देशन पत्र जमा करने की प्रक्रिया शुरू होगी। नामांकन की अंतिम तिथि 15 सितंबर दोपहर 3 बजे तक है। नामांकन पत्रों की जांच 16 सितंबर को होगी। 18 सितंबर को सुबह 10.30 से दोपहर ३ बजे तक नाम वापसी होगी।

## भाजपा की जिला कार्यशाला एवं कार्यसमिति की बैठक 8 सितंबर को

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यशाला एवं जिला कार्यसमिति की आवश्यक बैठक 8 सितंबर, मंगलवार को जुलवानिया रोड स्थित ग्राम सालखेड़ा में सिर्वी समाज मांगलिक भवन में आयोजित की जाएगी।

उक्त कार्यशाला एवं बैठक में मुख्यतिथि के रुप में नवनियुक्त राष्ट्रीय महामंत्री व खरगौन-बड़वानी लोकसभा सांसद गजेंद्र सिंह पटेल रहेंगे जबकि अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अजय यादव करेंगे। कार्यशाला एवं जिला कार्यसमिति की बैठक दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगी। जिला अध्यक्ष अजय यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसेवक के रूप में सफलतम 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिलेभर में च्सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। अभियान की रूपरेखा एवं जिला कार्यसमिति की बैठक आयोजित की जा रही है।

जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि कार्यशाला एवं बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में खरगोन-बड़वानी लोकसभा सांसद एवं नवनियुक्त भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री गजेंद्र सिंह पटेल विशेषरूप से उपस्थित रहेंगे जबकि अतिथि के रूप में प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी, जिला संगठन प्रभारी बाबूलाल यादव, पानसेमल विधायक श्याम बरडे, बलवन्त सिंह पटेल की गरिमामय उपस्थिति रहेगी।

## राष्ट्रीय सेवा योजना ने मनाया पोषण आहार सप्ताह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महा विद्यालय बड़वानी में प्राचार्य डॉ. वीणा सत्य एवं जिला संघटक डॉ आर एस मुजाल्दा के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा 1 से 7 सितंबर तक पोषण आहार सप्ताह का आयोजन किया गया। सप्ताह के अंतर्गत गोद ग्राम बड़गांव एवं बड़वानी शहर की बस्तियों में पोषण आहार रैलियों, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगो को जागरूक किया गया । विद्यार्थियों में संतुलित एवं पौष्टिक आहार के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। पोषण आहार सप्ताह के अंतर्गत महाविद्यालय में विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विशेष वक्ता के रूप में डॉ. सुखलाल मुवेल एवं डॉ. भूपेंद्र भार्गव उपस्थित रहे। अपने संबोधन में डॉ. सुखलाल मुवेल ने कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मस्तिष्क के लिए संतुलित आहार अत्यंत आवश्यक है। विद्यार्थियों को अपने दैनिक भोजन में हरी सब्जियां, मौसमी फल, दालें, अनाज, दूध एवं अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थों को शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पोषण केवल पर्याप्त भोजन लेने का विषय नहीं है, बल्कि सही मात्रा में सही पोषक तत्वों का सेवन करना भी उतना ही आवश्यक है। डॉ. भूपेंद्र भार्गव ने कहा कि वर्तमान समय में अनियमित खान-पान और जंक फूड के बढ़ते सेवन के कारण युवाओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्थानीय एवं पारंपरिक पौष्टिक खाद्य पदार्थों को अपने आहार में शामिल करने तथा संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि च्स्वस्थ युवा ही स्वस्थ समाज और विकसित भारत की आधारशिला हैं।ज्

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रणजीत सिंह मेवाड़े ने स्वय सेवकों एवं उपस्थित विद्यार्थियों को पोषण एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वयं स्वस्थ रहने के साथ-साथ अपने परिवार और समाज में भी पोषण के प्रति जागरूकता फैलानी चाहिए। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे पोषण संबंधी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

### सांवलियाजी मंडफिया से निकली पैदल यात्रा

**नीमच।** जिले भर से विभिन्न नगरों से कृष्ण भक्त मंडलों द्वारा सांवरिया जी तक यात्राएं निकाली जाती है। ऐसी एक यात्रा श्री कृष्ण मित्र मंडल के तत्वावधान में शनिवार को प्रातः सांवलियाजी मंदिर कुकडेश्वर से सांवलियाजी मंदिर मंडफिया के लिए पैदल यात्रा प्रारंभ हुई। कार्यक्रम के प्रारंभ में सांवलिया मंदिर कुकडेश्वर पर सभी यात्रियों ने दर्शन किए तथा महाआरती में भाग लिया। इस यात्रा मे पैदल यात्री गले में दुपट्टा डाले सांवरिया सेठ के जयकारे लगाते चल रहे थे। इस अवसर पर महेंद्र पटवा डॉ. नवीन व्यास, विनोद व्यास, विनोद मोदी, कैलाश घाटी वाला आदि उपस्थित रहे ।

## आज टांडा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक दिन, हरी झंडी दिखाकर होगा रेल सेवा का आगाज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ टांडा(धार)




आज 8 सितंबर टांडा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक दिन होगा, जब पहली बार नियमित यात्री रेल सेवा का औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा एवं नवीन रेल खंड का लोकार्पण किया जाएगा। करीब दो-तीन वर्ष पूर्व जब टांडा क्षेत्र में रेल आने की चचाएं शुरू हुई थीं, तब 60-70 वर्ष की उम्र पार कर चुके बुजुर्ग अक्सर कहते थे कि शायद उनके जीवनकाल में टांडा की धरती पर रेल की छुक-छुक सुनने का सपना पूरा नहीं हो पाएगा। लेकिन क्षेत्रवासियों की लंबी प्रतीक्षा, जनप्रतिनिधियों के प्रयास और रेलवे की तैयारियों के बाद अब वही सपना साकार होने जा रहा है।

जानकारी के अनुसार आज लगभग 12 बजे बड़ोदरा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे। कार्यक्रम पश्चात प्रतापनगर टांडा रोड की नई मेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रेल सेवा का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर टांडा रोड रेल्वे स्टेशन पर 11 बजे से कार्यक्रम से प्रारंभ हो जाएगा जहां पारंपरिक आदिवासी नृत्य सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर टांडा रोड रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद रहकर मेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगी। बताया जा रहा है की इस दौरान प्रधानमंत्री, केंद्रीय राज्य मंत्री सहित कुछ लोगो से भी चर्चा कर सकते है। प्रधानमंत्री के वर्चुअल कार्यक्रम को 4 बड़ी एलईडी के माध्यम से दिखाया जाएगा। इसके लिए रेलवे विभाग द्वारा टांडा रोड स्टेशन पर व्यापक तैयारियां की गई हैं।

लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर रेलवे के अधिकारी एवं कर्मचारी युद्धस्तर पर तैयारियों में जुटे हुए हैं। बुजुर्गों द्वारा वर्षों पहले देखे गए रेल के सपने की आज टांडा की धरती पर च्छुक-छुकज की आवाज के साथ नई शुरूआत होगी।

## बुरहानपुर में परीक्षा से पहले छात्राओं को हॉस्टल से निकालने का नोटिस, कलेक्ट्रेट में हंगामा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बुरहानपुर



शासकीय महाविद्यालय अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास की छात्राओं को पांच साल का हवाला देकर हॉस्टल खाली कराने का नोटिस थमा दिया गया है। नर्सिंग की परीक्षा सिर पर है और छात्राओं को तीन दिन में हॉस्टल छोड़ने के लिए कहा गया है। इसी के विरोध में सोमवार दोपहर बड़ी संख्या में छात्राएं एबीवीपी कार्यकताओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचीं और डिप्टी कलेक्टर भागीरथ वाखला को ज्ञापन सौंपा।

**छात्राओं का आरोप - बिना गलती सजा मिल रही है**

छात्राओं ने बताया कि वे पिछले पांच साल से इसी छात्रावास में रह रही हैं। कोर्स और परीक्षा में देरी उनकी गलती से नहीं हुई, अभी तक नर्सिंग की परीक्षा ही नहीं हुई है। ऐसे में परीक्षा से ठीक पहले हॉस्टल से निकाले जाने पर उनके सामने रहने और पढ़ाई दोनों का संकट खड़ा हो गया है। ज्यादातर छात्राएं ग्रामीण और दूरदराज इलाकों से आती हैं, बुरहानपुर में उनका कोई दूसरा ठिकाना नहीं है। छात्राओं ने भोजन की गुणवत्ता को लेकर भी शिकायत की है।

छात्रावास अधीक्षक सीमा राठौर का कहना है कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मंत्री स्तर से निर्देश आए हैं कि पांच साल पूरा कर चुकी छात्राओं को हटाया जाए। नियम के मुताबिक एक छात्रावास में पांच साल से ज्यादा नहीं रहा जा सकता। भोजन की गुणवत्ता पर उन्होंने कहा कि क्वालिटी ठीक है।

एबीवीपी विभाग प्रमुख पृथ्वीराज महाजन ने कहा कि परीक्षा से पहले छात्राओं को इस तरह निकालना गलत है। पूरे मामले की जांच होनी चाहिए। प्रशासन को छात्राओं को परीक्षा तक राहत देनी चाहिए।




### उद्यानिकी महाविद्यालय में उत्साह के साथ हुआ दीक्षारंभ कार्यक्रम शुरू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

स्थानीय के.एन.के. उद्यानिकी महाविद्यालय में नव-प्रवेशित विद्यार्थियों के मार्गदर्शन और स्वागत के लिए तीन दिवसीय च्दीक्षारंभज (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के पहले दिन वरिष्ठ छात्रों ने नए विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, कलावा बांधकर और पुष्प भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।

समारोह का औपचारिक उद्घाटन मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद कार्यक्रम समन्वयकों डॉ. रूपेश चतुर्वेदी, डॉ. रोशन गल्लानी, डॉ. प्रदीप तुरुकमाने, डॉ. किरन सोनी, डॉ. वीणा राठौर और छात्र प्रतिनिधियों द्वारा नए सत्र के छात्रों को फैकल्टी सदस्यों से परिचित कराया गया।

मुख्य सत्र को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. दीपक हरि रानडे ने कहा कि कृषि और बागवानी में किताबी ज्ञान से अधिक व्यावहारिक अनुभव मायने रखता है, इसलिए छात्रों को प्रयोगशालाओं और अनुसंधान क्षेत्रों में अधिक समय बिताना चाहिए।

सत्र के अंत में डॉ. रोशन गल्लानी ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान नए विद्यार्थियों को कैंपस का भ्रमण कराया गया। इसमें डॉ. अनुज कुमार, डॉ. पी. सोनकर, डॉ. के. सी. मीना और डॉ. राज बब्बर जाटव के मार्गदर्शन में छात्रों ने विभिन्न विभागों, आधुनिक प्रयोग शालाओं, लाइब्रेरी और बुनियादी सुविधाओं का अवलोकन किया। इसके बाद डॉ. रूपेश चतुर्वेदी ने अकादमिक नियमावली और अनुशासित आचरण के नियमों की जानकारी दी, जबकि डॉ. पंकज ने परीक्षा प्रणाली व



### श्री भंसाली का मरणोपरांत देहदान,

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

सोमवार को ग्राम पटलावद निवासी 78 वर्षीय माणकलाल भंसाली के निधन के पश्चात उनके परिजनों ने उनका पार्थिव शरीर सुंदरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय को सौंप दिया। महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार, यह इस संस्थान में 12वां देहदान है।

### योगेश्वर शिक्षा महाविद्यालय शैक्षणिक भ्रमण

**बड़वानी।** योगेश्वर शिक्षा महा विद्यालय, पिपलाज द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं अनुभवात्मक शिक्षा के उद्देश्य से शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस दौरान महा विद्यालय के विद्यार्थी एवं शिक्षकगण नागलवाड़ी स्थित प्रसिद्ध भिलटदेव बाबा के दरबार पहुंचे, जहां सभी ने श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने धार्मिक एवं सांस्कृतिक अनुभव प्राप्त करने के साथ प्रकृति और आपसी सहयोग का आनंद भी लिया। विद्यार्थियों के लिए यह यात्रा ज्ञान, संस्कार एवं आस्था से जुड़ने का एक अवसर बनी।

**पश्चिमी रेलवे**

**विभिन्न रचनाएँ**

संभागीय रेलवे प्रबंधक (पश्चिमी रेलवे), पश्चिमी रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई-400 008, क्रमांक 1. ई-निविदा सूचना संख्या: BCT/26-27/143 दिनांक 04/09/2026. कार्य एवं स्थान: उकाई सोंगाध-जलगांव खंड: उपकर मरम्मत 56.979 टन किमी और यार्ड में नाली का निर्माण, जो संभागीय रेलवे प्रबंधक (पूर्व/मुंबई सेंट्रल) के अधिकार क्षेत्र में आता है। कार्य की अनुमानित ₹ लागत: 11,47,56,535.91 रुपये. ₹अनुमानित लागत राशि: 22,95,100 रुपये। क्रमांक 2. ई-निविदा सूचना संख्या: BCT/26-27/144 दिनांक 04/09/2026. कार्य और स्थान: उकाई सोंगाध-जलगांव खंड: एडीईएन/अमलनेर के अंतर्गत आरहब्ल्यूएच, बोरवेल और रसोई एवं स्नानघर के पानी के पुनर्चक्रण का प्रावधान (विद्युत आपूर्ति सहित संयुक्त निविदा)। कार्य की अनुमानित लागतः 1,87,02,8ß.17 रुपये। ईएमडी: 3,74,100 रुपये। दोनों निविदाएं जमा करने की तिथि और समय: 01.10.2026, दोपहर 3:00 बजे तक। दोनों निविदाएं खोलने की तिथि और समय: 01.10.2026 को दोपहर 3:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। 0569

हमें पसंद कीजिए: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे–रतलाम**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक–रतलाम–मंडल पश्चिम रेलवे पार्किंग स्टेण्ड की ई–नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को IREPS वेबसाइट ई–ऑक्शन पर प्रकाशित किया गया है, विवरण निम्न प्रकार से है। केटलॉग सं. PARKING-RTM-016, अनुबंध का प्रकार पार्किंग स्टेण्ड, लॉट नं. PARKING-RTM-MDS-TW-83-26-3 (Mandsaur Main Side TW), अनुबंध की अवधि–3 वर्ष,ई–नीलामी की तिथि और समय लॉट के लिए ई–नीलामी दिनांक **21.09.26** को 11:00 बजे प्रारंभ होगी। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है । अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई–ऑक्शन मॉडयूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है।

0242 वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रतलाम

हमें लाइक करे : facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करे: twitter.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे–रतलाम**

**निविदा सूचना**

**निविदा सूचना संख्याः** M247_MECH_TENDER_ 26-27_8R Dated 05/09/2026। **कार्य का नामः** रोलिंग स्टॉक कारखाने में MEMU TC/DMC, DEMU TC/DPC, BVZI और TW कोचों की बोगियों और उससे संबंधित घटकों की स्ट्रिपिंग, मरम्मत, ओवरहॉलिंग, पूर्ण असेंबली और संबंधित गतिविधियों का कार्य। **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 12 महीने। **कार्य की अंदाजित लागत (रु):** ₹47,51,740.53/–। **बयाना राशि (रु):** ₹95,000.00/–। **परिवर्तित निविदा देने व खोलने की दिनांक व समयः** दिनांक 26/09/2026 को 11:00 बजे तक जमा करना एवं उसी दिन 11:30 बजे को खोलना। **वेबसाईट का पता व स्थानः** वेबसाईटः **www.ireps.gov.in.** मुख्य कारख़ाना प्रबन्धक का कार्यालय, रोलिंग स्टाक कारखाना, पश्चिम रेलवे, परेल, फ्रीलेंड्गंज, दाहोद – 389160। 0243

हमें लाइक करे: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे प्रतापनगर ⇌ टांडा रोड के बीच नई मेमू ट्रेन शुरू कर रहा है**

| ट्रेन नं. | प्रस्थान एवं गंतव्य स्टेशन | प्रस्थान | आगमन | प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 69105 | प्रतापनगर – टांडा रोड | 05:00 बजे (प्रतिदिन) | 09:35 बजे (उसी दिन) | 09.09.2026 |
| 69106 | टांडा रोड – प्रतापनगर | 17:05 बजे (प्रतिदिन) | 21:25 बजे (उसी दिन) | 09.09.2026 |


**थहराव:** डभोई, छुछापुरा, बोडेली, पावी, छोटाउदेपुर, पडलिया रोड, मोतिसड़ली, आंबारी रिचवी, अलीराजपुर, खंडाला, जोबट और डेकाकुंड स्टेशन दोनों दिशाओं में।

**डिब्बों की संरचना:** सामान्य द्वितीय श्रेणी के डिब्बे

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in

हमें लाइक करें और फॉलो करें: facebook.com/WesternRly X.com/WesternRly Instagram.com/WesternRly https://bit.ly/WesternRailwayOfficial https://www.youtube.com/@WesternRly

# बांधने वाले बंधते हैं



जो लोग गुलामी में जीते हैं, उन्हें लगता है कि वे बहुत दुखी हैं और उनके ऊपर जो मालिक बैठे हैं, वे खुश हैं। हम सब उनकी सेवा करते हैं, पर हमें कोई स्वतंत्रता नहीं है और उन्हें पूरी आजादी है। यह सोच गलत है। जो आदमी दूसरे को बांधता है, वह खुद भी बंध जाता है।

पुरुष ने स्त्री को बुरी तरह बांधा और इसका गंभीर परिणाम यह हुआ कि स्त्री अविकसित रह गई, लेकिन उसके साथ ही पुरुष अविकसित रह गया। पुरुष के अंदर की सारी कोमलता, सरलता और स्त्रैण भाव नष्ट हो गए; वह कठोर, निर्मम और खूंखार बन गया। इसी का असर है आज का हिंसक, आतंक की दहशत में दबा हुआ समाज; ऐसा समाज, जिसमें निश्छल प्रेम का नामो-निशान नहीं है।

मालिक नौकरों को दबाता तो है, लेकिन बदले में वह नौकरों पर इतना निर्भर हो जाता है कि उनके बिना उसका काम नहीं चलता। नौकर जिस तरह के शारीरिक श्रम करते हैं, वैसा मालिक नहीं कर सकता। एक दिन घर में नौकर न आएं, तो देखिए कि कैसा हंगामा होता है। घर के लोग बैठकर नौकरों की बुराई करते हैं, परेशान हो उठते हैं, लेकिन खुद उठकर काम नहीं करते। अपने घर की सफाई वे खुद क्यों नहीं कर सकते? इसके लिए दूसरों को पैसे देकर क्यों रखना पड़ता है? उच्च वर्ग के लोगों की यह कमजोरी है कि वे छोटे काम नहीं कर सकते। उन्हें नौकरों के अधीन रहना पड़ता है। जरा सोचिए, यह कितनी बड़ी मजबूरी है। अतः दूसरों को बांधने से पहले दस बार सोचना चाहिए कि इससे मैं अपने आपको कितना बंधन में डाल रहा हूं।

ओशो एक कहानी कहते हैं, जिससे यह बात और साफ होगी। एक आदमी गाय को बांधकर ले जा रहा था और उसी रास्ते से सूफी फकीर फरीद अपने शिष्यों के साथ जा रहे थे। फरीद ने शिष्यों से कहा कि इस आदमी को घेर लो, मैं कुछ तुम्हें सिखाना चाहता हूं। शिष्य गाय को घेरकर खड़े हो गए। फरीद ने पूछा- देखो, और बताओ, इनमें गुलाम कौन है? यह आदमी या गाय?

शिष्यों ने कहा कि यह भी कोई पूछने की बात है? गाय गुलाम है। यह आदमी मालिक है। फरीद ने पूछा- अगर यह सच है, तो गाय की रस्सी छूट जाए और यह भाग जाए, तो आदमी गाय को खोजेगा कि गाय आदमी को खोजेगी? शिष्यों ने समवेत स्वर में कहा- आदमी गाय को खोजेगा। फरीद ने पूछा- फिर गुलाम कौन है?

जिंदगी के नियम उल्टे हैं। जो दिखाई देता है, वही सच नहीं है। सच सदा गहरे में छिपा होता है। जिसको हम बांधते हैं, उससे हम भी बंध जाते हैं और बड़ी सूक्ष्म गुलामी पैदा हो जाती है। मालिक भी गुलाम होता है सूक्ष्म रूप में। असली मालिक तो वही होता है, जो किसी को गुलाम ही नहीं बनाता, जो आत्मनिर्भर होता है।

**सम्पादकीय**

## बारिश और बाढ़

देश का मध्य और उत्तरी क्षेत्र इन दिनों बारिश व बाढ़ के रूप में दोतरफा चुनौतियों से जूझ रहा है। आलम यह है कि मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, दिल्ली-एनसीआर, हिमाचल प्रदेश सहित अनेक राज्यों में जनजीवन प्रभावित हुआ है। उत्तर प्रदेश में तो गंगा, यमुना, मंदाकिनी, घाघरा जैसी नदियों के उफान पर रहने के कारण लगभग 26 जिले जलमग्न हैं, जबकि बिहार में गंगा, गंडक, कोशी जैसी तमाम बड़ी नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं, जिससे राजधानी पटना सहित 14 जिलों की हालत गंभीर बनी हुई है। परेशानी की बात यह है कि मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिम मध्य प्रदेश और उससे सटे दक्षिण-पश्चिम उत्तर प्रदेश के ऊपर निम्न दबाव का क्षेत्र बन जाने के कारण देश के कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। यह स्थिति तब है, जब इस वर्ष मानसून कमजोर माना जा रहा है और अगस्त में देश में सामान्य से करीब 16 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने सितंबर में भी सामान्य से कम वर्षा का ही अनुमान जताया है, लेकिन असीमित बारिश के कारण कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं।

यह सब बहुत हद तक जल प्रबंधन की नाकामी भी है। नदियों में पानी बढ़ने का दोष कुछ हद तक प्रकृति पर डाला जा सकता है, पर मामूली बारिश के बाद भी गांवों, शहरों के जलमग्न हो जाने, सड़कों के डूब जाने, यातायात ठप हो जाने या हवाई उड़ानों पर असर पड़ने को क्या कहा जाए? जरूरी न होने पर घर से बाहर न निकलने की प्रशासन की सलाह निश्चय ही महत्वपूर्ण है, लेकिन इससे भी अहम यह प्रयास होना चाहिए कि शहरों को बारिश झेलने योग्य बनाया जाए। ग्रामीण इलाकों के लिए भी कुछ इसी तरह के नीतिगत बदलाव की दरकार है, क्योंकि बाढ़ और बारिश से किसानों की मानो दुनिया ही लुट जाती है। अभी जहां खेतों में खड़ी उनकी धान, सोयाबीन, मक्का जैसी फसलें डूब रही हैं, वहीं दूसरी तरफ, अगली फसल के लिए जरूरी संसाधन न जुटा पाने की चिंता भी सताने लगी होगी। तत्काल राहत पहुंचाने से आगे बढ़कर पुख्ता समाधान के प्रयास होने चाहिए। ज्यादातर जगह जल प्रबंधन में बढ़ती नाकामी विकास के साथ मजाक की तरह है। बाढ़ से निपटने के फौरी उपायों पर खर्च किया जाता है, लेकिन बाढ़ से बुनियादी ढांचे को जो नुकसान पहुंचता है, उसका भी आकलन जरूर करना चाहिए।

### संतुलित उपयोग की आवश्यकता

# सरकारी अधिकारियों के लिए सोशल मीडिया आचार संहिता



प्रियंका सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव ने लोगों के संवाद करने, सूचना प्राप्त करने और खुद को दुनिया के सामने पेश करने के तरीके को बदल दिया है। जी हां, सरकारी अधिकारी भी इससे अछूते नहीं हैं। सोशल मीडिया, चाहे वह रील्स हों, छोटे वीडियो हों, व्यक्तिगत पोस्ट हों, कहानियां हों या विचार हों, सरकारी कर्मचारियों की दिनचर्या का अभिन्न अंग बन गया है। डिजिटल प्लेटफॉर्म सरकार और नागरिकों के बीच बेहतर संचार की अपार संभावनाएं प्रदान करते हैं, लेकिन सरकारी अधिकारियों द्वारा इनका अत्यधिक उपयोग या दुरुपयोग प्रशासनिक अनुशासन, निष्पक्षता, जनविश्वास और सार्वजनिक गरिमा से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्न खड़े करता है।

सरकारी अधिकारियों के लिए प्रस्तावित सोशल मीडिया आचार संहिता का मसौदा सही समय पर आया है। सवाल यह नहीं है कि क्या अधिकारियों को सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने की अनुमति दी जानी चाहिए? उन्हें अनुमति दी जानी चाहिए। सवाल यह है कि सार्वजनिक पदों पर आसीन लोगों को सोशल मीडिया का इस्तेमाल किस तरह करना चाहिए।

सरकारी कर्मचारियों के बीच प्रचलित आचरण के नियम उस युग में लिखे गए थे जब सोशल मीडिया का अस्तित्व नहीं था। जाहिर है, इन नियमों को बनाने वालों ने इनकी कल्पना नहीं की होगी, क्योंकि वे ऐसे प्लेटफॉर्म के विकास की कल्पना नहीं कर सकते थे जो किसी एक व्यक्ति को पल भर में एक वीडियो प्रकाशित करने की अनुमति देता है, जिसे लाखों लोग देख सकते हैं और लाखों लोगों की राय का समर्थन प्राप्त कर सकते हैं।

ड्यूटी के दौरान सोशल मीडिया का उपयोग सबसे बड़ी चिंताओं में से एक है। लोक सेवकों का कार्य सार्वजनिक कार्यों पर काम करना, सार्वजनिक व्यवसायियों की सेवा करना, सार्वजनिक नीतियों को लागू करना और प्रशासनिक दक्षता का प्रबंधन करना है। यदि किसी कर्मचारी का कार्य समय मनोरंजन से संबंधित सामग्री देखने, बनाने या साझा करने में व्यतीत होता है, तो इससे उत्पादकता और अंततः सार्वजनिक सेवा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। सरकार को सोशल मीडिया को अपने कर्तव्यों के निर्वाह में बाधा नहीं बनने देना चाहिए। यह मान लेना भी गलत होगा कि अधिकारियों की सोशल मीडिया पर की जाने वाली सभी गतिविधियाँ अवांछनीय हैं। सोशल मीडिया अब शासन का एक महत्वपूर्ण साधन बन गया है। जिला प्रशासक, पुलिस अधिकारी, शिक्षक, स्वास्थ्य अधिकारी और अन्य सरकारी कर्मचारी जैसे सार्वजनिक अधिकारी सरकारी कार्यक्रमों, आपातकालीन सूचनाओं, जन जागरूकता पहलों और नागरिक सेवाओं के बारे में उपयोगकर्ताओं से जुड़ने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हैं। आपदाओं, महामारियों और अन्य आपात स्थितियों के समय प्रशासन और नागरिकों के बीच त्वरित और प्रत्यक्ष संचार में सोशल मीडिया सहायक हो सकता है।

प्रस्तावित संहिता को जिम्मेदार आधिकारिक पत्राचार और वैध उपयोग और दुरुपयोग (जहां यह सार्वजनिक क्षेत्र की गरिमा या निष्पक्षता को कम नहीं करता है) के बीच संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता है।

व्यक्तिगत प्रचार भी एक चिंता का विषय है। सरकारी अधिकारी कभी-कभी ऐसी जानकारी प्रकाशित करते हैं जो सरकारी गतिविधियों, जैसे सार्वजनिक कार्यक्रमों, प्रशासनिक गतिविधियों या सरकारी कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी को दर्शाती है। नागरिकों को सरकारी कार्यों के बारे में शिक्षित करने और सरकार के प्रतिनिधि के रूप में स्वयं का प्रचार करने के बीच का अंतर स्पष्ट है। लोक प्रशासन व्यक्तिगत ब्रांड बनाने की गतिविधि नहीं है। जब कोई अधिकारी अपनी छवि बनाने की ओर अग्रसर होता है, तो सार्वजनिक सेवा और आत्म-प्रचार के बीच का अंतर धुंधला होने लगता है। सरकारी अधिकारियों को सरकार और नागरिकों द्वारा प्रदत्त शक्ति प्राप्त होती है। इसलिए उन्हें सार्वजनिक संसाधनों, सरकारी योजनाओं या आधिकारिक पदों का उपयोग व्यक्तिगत प्रसिद्धि के लिए सोशल मीडिया पर प्रचारित नहीं करना चाहिए।

लेकिन, किसी भी सोशल मीडिया आचार संहिता का आधार संवैधानिक मूल्य होने चाहिए। सरकारी कर्मचारी जब सार्वजनिक सेवा में आते हैं तो वे नागरिक बने रहते हैं, और उनकी नागरिकता और लोकतांत्रिक अधिकारों को छीना नहीं जा सकता। उनके कुछ मूलभूत अधिकार होते हैं जिन्हें केवल उनकी सेवा के संदर्भ में ही उचित रूप से प्रतिबंधित किया जा सकता है। कोई भी आचार संहिता जो व्यक्तिगत विचारों की वैध अभिव्यक्ति को प्रतिबंधित करे, आलोचना को हतोत्साहित करे या अधिकारियों को असहज करे, हानिकारक होगी।

लक्ष्य सरकारी कर्मचारियों को बोलने से रोकना नहीं होना चाहिए, बल्कि उनके लिए ज़िम्मेदार सीमाएँ निर्धारित करना होना चाहिए। अधिकारियों को गोपनीय जानकारी के खुलासे, राजनीतिक प्रचार, अपुष्ट जानकारी साझा करने, घृणास्पद भाषण, उत्पीड़न, हितों के टकराव, आधिकारिक तस्वीरों और लोगो के दुरुपयोग, संवेदनशील दस्तावेजों के खुलासे और सरकारी नीति के अनुचित प्रस्तुतीकरण से संबंधित सभी मुद्दों की स्पष्ट समझ होनी चाहिए।

संहिता में व्यक्तिगत और आधिकारिक बयान के बीच अंतर स्पष्ट करना भी आवश्यक है। यदि कोई नागरिक सरकारी अधिकारी के रूप में व्यक्तिगत बयान देता है, तो उसे सरकार की आधिकारिक आवाज माना जा सकता है, भले ही अधिकारी का इरादा सरकार का प्रतिनिधि बनने का न हो। इसलिए, अस्वीकरण देना, पारदर्शिता बनाए रखना और ज़िम्मेदारी से संवाद करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। साथ ही, अधिकारियों को किसी ऐसे मत के लिए दंडित नहीं किया जाना चाहिए जो अलोकप्रिय हो, लेकिन कानूनी हो।

प्रशिक्षण उतना ही महत्वपूर्ण होगा जितना कि नियमन। केवल आचरण नियमों का एक सरल समूह समस्या का समाधान नहीं कर पाएगा। सरकारी विभागों में डिजिटल नैतिकता प्रशिक्षण की आवश्यकता है, विशेषकर उन युवा सरकारी कर्मचारियों के लिए जो स्मार्टफोन और लघु वीडियो प्लेटफार्मों के युग में सार्वजनिक सेवा में प्रवेश कर रहे हैं। इस प्रशिक्षण में सोशल मीडिया से जुड़े अवसरों और जोखिमों की समझ शामिल होनी चाहिए। प्रस्तावित सोशल मीडिया संहिता सार्वजनिक प्रशासन की समग्र व्यवस्था को आधुनिक बनाने का भी एक अवसर है।

## सुराहीदार घड़ा

तहसील परिसर के पुराने नीम के पेड़ की छाँव में ईंटों के चबूतरे पर रखा वह मिट्टी का सुराहीदार घड़ा पूरे कसबे के लिए एक पहेली बना हुआ था, ठीक वैसे ही जैसे किसी दफ्तर में फाइल की ईमानदारी एक पहेली होती है। उस घड़े का मुँह लाल सूती कपड़े से बँधा था और उसकी गर्दन पर सूखे फूलों की एक पुरानी माला लटकी रहती थी जिसे वक्त की धूल ने मटमैला कर दिया था, मानो वह सरकारी फाइलों पर जमी वह धूल हो जिसे सिर्फ रिश्वत की फूँक ही उड़ा सकती है। उस चबूतरे के एक कोने पर अपनी लाठी टिकाए हरिशंकर काका रोज सुबह कचहरी खुलने से पहले आकर बैठ जाते थे, जैसे किसी मरे हुए विभाग की आत्मा उसकी चौखट पर न्याय की भीख माँगने पहुँच गई हो। सफेद धोती और कंधे पर पुराना अंगोछा डाले हरिशंकर काका का दिन भर बस एक ही काम था कि वे उस सूखे घड़े के पास हाथ में ताँबे का एक खाली लोटा लेकर बैठे रहते थे, क्योंकि इस देश में खाली लोटा लेकर बैठना ही आम आदमी की सबसे बड़ी संवैधानिक उपलब्धि है। तहसील में रोज मुकदमों की तारीखें पड़ती थीं, जमीनों की नापजोख के लिए वकीलों की मेजों पर स्टाम्प पेपरों का ढेर लगता था और मुंशियों की लिखापढ़ी का शोर गूँजता था, यह वह शोर था जिसमें सत्य की चीख अक्सर गले में ही दम तोड़ देती है। काका को दुनिया के किसी बखेड़े से कोई मतलब नहीं था, वे जानते थे कि व्यवस्था के इस कीचड़ में कमल नहीं, सिर्फ दलाल खिलते हैं। जब भी कोई प्यासा फरियादी उस चिलचिलाती धूप में पानी की आस लेकर चबूतरे की तरफ बढ़ता तो काका बड़े अपनेपन से उसे रोक देते और अपने लोटे की तरफ इशारा करते हुए कहते कि बेटा इस घड़े का ढक्कन मत खोलना, इसमें कोई साधारण पानी नहीं बल्कि इस पूरे कसबे की सूखी हुई तकदीर का हिसाब बंद है, और तकदीर का हिसाब अगर खुल गया तो प्रशासन को नींद की गोलियाँ खानी पड़ जाएँगी।



**पञ्चांग राशिफल**

दिनांक - 08 सितंबर 2026 मंगलवार
सूर्योदय - 06:15 सूर्यास्त 18:34
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 15:00 से 16:30 तक
तिथि - द्वादशी 14:43 उपरांत त्रयोदशी
नक्षत्र - पुष्य 16:39 उपरांत अश्लेषा
योग - परिघ 24:40 उपरांत शिव
करण - तैतिल
चन्द्रमा - दिन पूर्ण कर्क में रहेगा।
मुस्लिम मास - रवि उलावल मास 25 तारिख

**मेष-** दिन के पहले हिस्से में संवाद और योजनाओं पर जोर रहेगा, जबकि बाद में कामकाज में भावनात्मक पहलू प्रभावी हो सकता है।

**वृषभ-** किसी नए समझौते में जल्दबाजी न करें और पुराने कामों की समीक्षा करें।

**मिथुन-** आय के नए स्रोत बनेंगे और आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। थकान महसूस हो सकती है, इसलिए आराम और पानी का ध्यान रखें।

**कर्क-** चंद्रमा के कर्क में आने के बाद भावनात्मक विषयों का प्रभाव बढ़ सकता है। काम के दबाव को संतुलित रखें।

**सिंह-** पुराने संपर्क और मौजूदा योजनाएं अधिक महत्वपूर्ण रहेंगी।

**कन्या-** वित्तीय मामलों में समझदारी से फैसले लें और उधारी देने से बचें। सर्दी-जुकाम या पाचन संबंधी परेशानी से बचें।

**तुला-** रचनात्मक काम करने वालों को पहचान मिल सकती है। टीम के साथ मिलकर काम करें।

**वृश्चिक-** साझेदारी में काम करने वालों को नए अवसर मिल सकते हैं। संचित धन में वृद्धि होगी।

**धनु-** संपत्ति के मामलों में फायदा मिल सकता है। दांपत्य जीवन में मधुरता रहेगी।
काम की अधिकता रहेगी, लेकिन योजनाबद्ध तरीके से काम करेंगे तो स्थिति संभाल लेंगे।

**कुंभ-** रियल एस्टेट से जुड़े मामलों में गतिविधियां बढ़ सकती हैं। संपत्ति या निवेश से फायदा होगा। बचत पर ध्यान दें।

**मीन-** जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा और घरेलू वातावरण सामान्य रहेगा।

**व्यंग्य**

## दूध का दूध- पानी का पानी



अखतर अली
(दैनिक अवन्तिका)

आज से हजारों वर्ष पहले जब दूध और पानी की मुलाकात नही हुई थी तब दूध बस दूध रहता था और पानी बस पानी रहता था । तब दूध का दूध- पानी का पानी वाला मुहावरा नही जन्मा था । तब दूध पौष्टिक पदार्थ होता था और उसमें मलाई भी होती थी । दूध गाय, बकरी और भैंस से प्राप्त होता आया है । यह वह समय था जब भैंस उसी की होती थी जिसकी थी और लाठी उसी की होती थी जिसकी थी । यह वह हसीन दौर था जब भैंस वालों के पास लाठी नही होती थी और लाठी वालों की नजर किसी की भैंस पर नही होती थी ।

सोचिये वह कितना अच्छा वक्त होगा जब लाठी वाले भैंस वालों का सम्मान करते थे । दोनों बाजार में मिलते तो एक दूसरे का अभिवादन करते , हाल चाल पूछते और भैंस वाला अपनी भैंस लेकर और लाठी वाला अपनी लाठी लेकर अपने अपने रास्ते चले जाते । लाठी वाले के बच्चे भूखे रहते तो भैंस वाले उन्हें दूध पिलाते और भैंस वालों पर संकट आता तो लाठी वाले लाठी लेकर पहुच जाते ।

फिर इस पृथ्वी पर वह मनहूस क्षण आया जब किसी दैत्य प्रवृत्ति के पुरुष के माध्यम से दूध की पानी से पहली मुलाकात हुई । यह मुलाकात पहली ही नजर में हो जाने वाला प्यार साबित हुई । दूध ने बाहें फैला कर पानी को आमंत्रित किया और पानी दूध में समा गया ।

पृथ्वी पर इस प्रेम के कारण नफरत की शुरूआत हुई, मिलावट का उदय हुआ और झूठ की नीव पड़ी । यह दूध पीकर राजा क्रूर और मंत्री भ्रष्ट हो गये । दूध में पानी राजनीति में अपराध की तरह घुल मिल गया । वह पानी था पर कहलाता था दूध । अब इस दूध में से पानी को अलग नहीं किया जा सकता था, अब इसी राजनीति को स्वीकारना होगा । राजनीति में अपराधियों के आने से जैसे सभ्य लोग राजनीति से अलग हो गये वैसे ही दूध में पानी मिलने से मलाई दूध में से निकल गई । दूध में से मलाई और राजनीति में से मलाई जैसे लोग गुम हो गये।

पहले दूध में पौष्टिक तत्व भी होते थे लेकिन जब से दूध के साथ पानी का गठबंधन हुआ है दूध ने पौष्टिकता को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। अपना उल्लू सीधा करने के लिये जब जब विपरीत विचारधारा वाले हाथ मिलाते है तब तब पौष्टिकता जैसे तत्व और मलाई जैसी योग्यता का अवमूल्यन होता है । अयोग्यता योग्यता को धक्के देकर निकालती है। अब दूध का लोकतंत्र खत्म हो गया है और उसमें पानी की तानाशाही स्थापित हो गई है । अब दूध का मूल्य पानी की मात्रा से तय होता है। दूध के देश में पानी विदेशी ताकतों की तरह हस्तक्षेप कर रहा है। दूध ने पानी को दोस्त समझ आश्रय दिया था अब पानी दूध पर शासन कर रहा है ।

हम उसे दूध बोलते जरूर है लेकिन होता वह पानी है । ऐसा नही है कि यह बात हमें मालूम नही है इसलिये दूध को पानी बोल रहे है। हमने पानी को दूध मान लिया है, हमारे समय के विद्वान पुरुष भी उसे दूध बोल रहे है जबकि वह शुद्ध दूध तो है ही नही उसमें मिलाने वाला पानी भी शुद्ध नही होता है।

पहले दूध में थोड़ा सा पानी होता था । फिर आधा दूध आधा पानी हो गया । अब पानी में इत्तू सा दूध मिला दिया जाता है । यही दूध पीकर बच्चे जवान हो रहे हैं । आज सड़को पर जैसा दूध वैसी जवानी नजर आ रही है । जब आधा दूध आधा पानी होता था तभी दूध का दूध झ पानी का पानी वाला मुहावरा बना होगा । अब इस मुहावरे का कोई औचित्य नही क्योंकि अब इसमें दूध है ही नही बस पानी ही पानी है । यह दूध के रंग का पानी है जिसे पीकर किसी का खून सफेद हो गया किसी का खून पानी।

# वर्तमान दौर की सबसे बड़ी महामारी : संस्कारहीन रिश्ते



कृति आरके जैन,
(दैनिक अवन्तिका)

वर्तमान समय की सबसे भयावह महामारी अस्पतालों में नहीं, घरों के भीतर पल रही है। इसका न कोई परीक्षण है, न तापमान, न कोई चिकित्सकीय रिपोर्ट। यह चुपचाप रिश्तों में उतरती है और उनकी धड़कनें धीमी कर देती है। इसका नाम है—संस्कारहीन रिश्ते। समाचारों की सुर्खियाँ हत्या, तलाक, पारिवारिक कलह और टूटते घर दिखाती हैं, पर उन घटनाओं के पीछे पसरा वह सन्नाटा नहीं दिखातीं, जहाँ कभी अपनापन साँस लेता था। असली त्रासदी तब होती है, जब अपने ही लोग एक-दूसरे के लिए अजनबी बन जाते हैं। संस्कार रिश्तों की रखवाली छोड़ दें तो मकान तो खड़े रहते हैं, कमरे भी भरे रहते हैं—बस घर भीतर से वीरान हो जाता है।

कभी रिश्ते मिट्टी जैसे थे—नरम, लचीले, एक-दूसरे में घुले हुए। संस्कार वह पानी थे, जो बिखरे कणों को जोड़कर परिवार गढ़ते थे। आज वही मिट्टी सूख रही है। अहंकार की एक चुभन, स्वार्थ की एक परत और सुविधा की एक आँधी रिश्तों में दरार डाल देती है। हमने संबंधों को भावनाओं से नहीं, फायदे से तौलना शुरू कर दिया है—सुविधा रही तो रिश्ता रहा, सुविधा गई तो अपनापन भी गया। अदालतों के पारिवारिक विवाद और रोज की सुर्खियाँ इसी बिखराव के कण हैं। सवाल यह नहीं कि रिश्ते क्यों टूट रहे हैं; सवाल यह है कि उन्हें बाँधने वाला संस्कारों का पानी हमारी हथेलियों से कब रिस गया।

आज परिवार एक छत के नीचे रहता है, पर एक-दूसरे के भीतर नहीं उतरता। खाने की मेज पर थालियाँ साथ होती हैं, मोबाइल भी—बस संवाद नहीं होता। बच्चे सवाल लेकर बड़ों तक पहुँचने के बजाय स्क्रीन पर उत्तर खोजते हैं और बुजुर्ग घर में रहकर भी बातचीत से बाहर हो जाते हैं। संस्कार अब व्यवहार में कम, किताबों, भाषणों और त्योहारों की तस्वीरों में अधिक दिखाई देते हैं। फिर किसी दिन खबर आती है—किसी वृद्ध की मृत्यु का पता कई दिनों बाद चला। सुर्खी कुछ पल ठहरती है, मगर उसके पीछे वर्षों का अकेलापन, दरवाजे पर टिकी आँखें और अपनों के स्पर्श को तरसते हाथ छूट जाते हैं। संस्कार जीवित होते तो बुजुर्ग खबर नहीं बनते—घर की सबसे सुरक्षित छाँव बने रहते।

प्रेम अब अपनापन कम, अपेक्षाओं का हिसाब अधिक बनता जा रहा है। इच्छा पूरी हुई तो मुस्कान, टूटी तो शिकायत; अपेक्षा टूटी तो रिश्ता भी डगमगा गया। कभी एक माफी वर्षों का साथ बचा लेती थी, आज एक संदेश, ब्लॉक या अनफॉलो वर्षों की निकटता मिटा देता है। मतभेद समस्या नहीं, संवाद का इम्तिहान हैं; दुख यह है कि हमने मतभेद के बाद बात करना छोड़ दिया। गलती मानना कमजोरी नहीं, रिश्ते की ताकत है; माफी माँगना हार नहीं, प्रेम का साहस। इसीलिए पहला तूफान आते ही रिश्ते की छत उड़ जाती है—उसे थामने वाली संस्कारों की कड़ियाँ पहले ही टूट चुकी होती हैं।

शहरों की चमक हमें उस आँगन से दूर ले गई, जहाँ कभी परिवार साथ बैठता था। दादा-दादी की कहानियाँ किस्से नहीं, धैर्य, क्षमा, त्याग और सम्मान की पाठशाला थीं। आज आँगन की जगह बालकनी, कहानियों की जगह रील्स और साथ की जगह अलग-अलग स्क्रीन हैं। बच्चे तेज भागना सीख रहे हैं, ठहरकर सुनना नहीं। माता-पिता सुविधाएँ जुटाने की दौड़ में बच्चों की आँखों की थकान और मन की चुप्पी पढ़ना भूल रहे हैं। फिर वही बच्चे बड़े होकर माता-पिता को वृद्धाश्रम छोड़ देते हैं और यह एक खबर बन जाती है। पर वृद्धाश्रम की राह उस दिन नहीं बनती—उसकी पहली ईंट बहुत पहले घर के भीतर रखी जा चुकी होती है।

**धर्म-आस्था**

# क्या गुरु प्रारब्ध कर्म बदल सकते हैं?



अध्यात्म के अनुसार, किसी व्यक्ति के संचित कर्म उसके हर जन्म के संस्कार और जीवन को प्रभावित करते हैं। कोई भी अपने कर्मों के परिणामों से नहीं बच पाता है। लेकिन सच यह भी है कि गुरु की कृपा से शिष्य में ऐसा ज्ञान और विवेक उत्पन्न हो सकता है, जिससे वह आगे गलत कर्म करना छोड़ दे। इस अर्थ में गुरु उसके भविष्य के कर्मों की दिशा बदल सकते हैं। ऐसे में मन में सवाल आता है कि क्या गुरु अपने शिष्य के प्रारब्ध को बदल सकते हैं? चलिए जानते हैं...

अध्यात्म में कर्मों को अलग-अलग रूपों में समझाया जाता है। पहला है संचित कर्म, जो पिछले कर्मों का संचित भंडार होता है। दूसरा है प्रारब्ध कर्म, संचित कर्म का वह भाग जिसका फल वर्तमान जीवन में अनुभव किया जा रहा है। तीसरा है क्रियमाण/आगामी कर्म। यह वर्तमान में किए जा रहे कर्म हैं, जो आगे फल दे सकते हैं। अध्यात्म के अनुसार, प्रारब्ध कर्म ऐसा कर्म है जिसे हर व्यक्ति को भुगतना ही पड़ता है। इसे बदला नहीं जा सकता। ऐसे में सवाल आता है कि क्या गुरु की मदद से प्रारब्ध में कोई बदलाव संभव है?

कई वेदांत परंपराओं में माना जाता है कि आत्मज्ञान से संचित कर्म का नाश होता है, लेकिन प्रारब्ध कर्म शरीर के रहते अपना फल देता रहता है। इसलिए ज्ञानी व्यक्ति भी जीवन में सुख-दुःख की परिस्थितियों से पूरी तरह मुक्त दिखाई नहीं देता। लेकिन अध्यात्म यह भी मानता है कि गुरु शिष्य के प्रारब्ध कर्मों को बदल तो नहीं सकते, लेकिन उसकी चेतना, कर्म करने की दिशा और कर्मों के फल को सहने की क्षमता को बदल सकते हैं। एक ही दुःख दो व्यक्तियों को अलग-अलग तरह से प्रभावित कर सकता है। गुरु शिष्य को ऐसा विवेक दे सकते हैं कि वह दुःख को केवल सजा न मानकर उससे सीख सके।

आध्यात्मिक दृष्टि से गुरु की सबसे बड़ी कृपा कर्मफल से बचा लेना नहीं, बल्कि शिष्य को उस अवस्था तक ले जाना है जहाँ वह स्वयं को कर्मों का मात्र भोगने वाला न समझे। भगवद्गीता में श्रीकृष्ण अर्जुन को कर्म, ज्ञान, भक्ति और आत्म स्वरूप का बोध कराते हैं। यहाँ गुरु का कार्य केवल बाहरी समस्या हल करना नहीं, बल्कि दृष्टि बदलना है। और जब दृष्टि बदलती है, तो वही जीवन अलग दिखाई देने लगता है। गुरु शिष्य के विचार बदल सकते हैं, संस्कारों पर काम करा सकते हैं, गलत कर्मों से रोक सकते हैं, सही कर्म की प्रेरणा दे सकते हैं और ज्ञान के माध्यम से कर्मबंधन से मुक्ति का मार्ग दिखा सकते हैं। गुरु शिष्य के कर्मों को सीधे बदल नहीं सकते, लेकिन वे कर्मफल की तीव्रता कम कर सकते हैं, शिष्य को सही मार्ग दिखा सकते हैं और उसे आध्यात्मिक शक्ति दे सकते हैं। इस तरह गुरु की कृपा से शिष्य अपने कर्मों को साधना और भक्ति में रूपांतरित कर लेता है। कई बार गुरु शिष्य को अपनी आध्यात्मिक शक्तियां देकर उसके कर्मफल से बचाने का प्रयास करते हैं लेकिन उसका परिणाम फिर गुरु को भुगतना पड़ता है। गुरु अगर किसी गलत प्रयास से शिष्य को उसके प्रारब्ध से बचाने का प्रयास करते हैं, तो फिर उसका जो दूरगामी परिणाम होता है, वह गुरु को भी भुगतना पड़ता है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6600 से 6700 विशाल 6400 से 6525 डंकी चना 5800 से 6200 मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 8200 से 8400 महाराष्ट्र लाल 8500 से 8800 कर्नाटक 8700 से 8900 निमाड़ी तुअर 6500 से 7900 मूंग बेस्ट गर्मी 7500 से 7700 मूंग बेस्ट बोल्ड 7800 से 7900 मोगर 5500 से 6700 उड़द बोल्ड 9200 से 9500 उड़द गर्मी 8800 से 9200 ग्रेविटी क्लीन 9500 से 9900 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7500 से 8800 काबुली रशियन 6400 से 6600 बिटकी 6000 से 6200 सरसों निमाड़ी 8000 से 8200 रायडा 7000 से 7200 सोयाबीन 5700 टोली 5600 से 5800 गेहूं मिल क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से 3000 मालवराज 2850 से 2900 मक्का 2500 से 2525 चना दाल 7800 से 7900 मीडियम 8000 से 8300 बेस्ट 8500 से 8800 तुअर दाल 7900 से 8000 मीडियम 7900 से 8000 बेस्ट 10300 से 10600 एक्स्ट्रा बेस्ट 11400 से 11600 ब्रांडेड 13000 मूंग दाल 9100 से 9200 बेस्ट 9300 से 9400 मूंग मोगर 11100 से 11200 बेस्ट 11300 से 11400 उड़द दाल 10900 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द मोगर 11400 से 11800 बेस्ट 12000 से 12200 मसूर दाल 7750 से 7850 बेस्ट 7950 से 8050 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000. बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1899-3112, काबली- 4010-8331, बटला- 1800, बड़ा- 5261-5550, सोयाबीन- 2593-6071, धनिया- 12950-14700, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,49,200 रवा- 1,49,000 चांदी- टंच- 2,34,000 पाट- 2,34,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## कबीर फाउंडेशन ने गुरुजनों का किया सम्मान

**शाजापुर।** कबीर फाउंडेशन शाजापुर मध्य प्रदेश एवं अखिल भारतीय बलाई समाज (पंजी) नई दिल्ली के द्वारा शनिवार को शाजापुर में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बी.के.एस.एन. शासकीय महाविद्यालय, शाजापुर के भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ में गुरुजनों का स्मृति चिह्न एवं दुपट्टा भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कबीर फाउंडेशन के अध्यक्ष दिलीपसिंह बामनिया ने कहा कि यह दिन हमारे जीवन को आकार देने वाले शिक्षकों के अमूल्य योगदान को याद करने के लिए मनाया जाता है। शिक्षक हमें केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि नैतिक मूल्य और अनुशासन भी सिखाते हैं। एक अच्छा शिक्षक समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## जहरीली शराब से हुई मौतों पर सरकार को घेरा

**देवास।** महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया ने रविवार को सागर में जहरीली शराब से हुई मौतों को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- यह सीधे तौर पर सरकार की नाकामी है। बौरासी ने प्रदेश में शराबबंदी की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शराब बंदी की बातें कई सालों से हो रही हैं, लेकिन जगह-जगह शराब के ठेके खोले जा रहे हैं। शराबबंदी को लेकर सरकार ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। रीना बौरासी ने आगे कहा- सागर में जिन परिवारों ने अपने परिजनों को खोया है। सरकार को उन्हें मुआवजा देना चाहिए। घटना के लिए जिम्मेदारी तय करनी चाहिए। रीना बौरासी सेतिया ने राहुल गांधी के इंदौर दौरे को लेकर भी भाजपा पर निशाना साधा। राहुल गांधी के दौरे से भाजपा घबराई हुई है।

## शाजापुर में अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**शाजापुर।** आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर रोजवास टोल प्लाजा के पास रविवार देर रात एक सड़क हादसा हो गया। एक अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे बुजुर्ग को टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यह हादसा रविवार रात करीब 12 बजे हुआ। दुर्घटना के तुरंत बाद टोल प्लाजा की 1033 एंबुलेंस से घायल बुजुर्ग को शाजापुर जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अभी तक मृतक बुजुर्ग की पहचान नहीं हो पाई है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए पीएम रूम में रखवा दिया है। पुलिस मृतक की पहचान कराने और उसके परिजनों को ढूंढने में लगी है। अस्पताल चौकी पर तैनात प्रधान आरक्षक पदमसिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत हुई है। उन्होंने बताया कि अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है और पुलिस इसके लिए कोशिश कर रही है।

## गुरुजनों का तिलक-उपरना से सम्मान, विद्यार्थियों ने चरणों में पुष्प अर्पित किए

**आगर-मालवा।** भारत विकास परिषद शाखा आगर-मालवा द्वारा शिक्षक दिवस पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दरबार कोठी में गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन एवं शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्वलन से हुआ। डा. निवेदिता शर्मा ने वंदे मातरम का गायन किया। शाखा अध्यक्ष डा. विवेक मालानी ने स्वागत भाषण देते हुए परिषद की गतिविधियों की जानकारी दी। प्राचार्य शाहना कुरैशी और जिला संघ चालक मोहनलाल आर्य ने विद्यार्थियों को शिक्षा, संस्कार और जीवन मूल्यों के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम में शिक्षकों का तिलक लगाकर, उपरना पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। मेधावी विद्यार्थियों ने गुरुजनों के चरणों में पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया। परिषद ने विद्यार्थियों पर पुष्पवर्षा कर उपहार भेंट किए। संचालन डा. सुनीता मालानी ने किया।

### मंत्री बोले- बंद जन औषधि केंद्र चालू कराने बात करेंगे

# आयुष विभाग के 300 पदों के लिए जल्द भर्ती परीक्षा कराई जाएगी- मंत्री परमार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर।

मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार रविवार को शाजापुर पहुंचे। उन्होंने भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित कार्यसमिति की बैठक में शिरकत की। इसके बाद मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, कॉलेजों में प्रोफेसरों की भर्ती, छात्रवृत्ति, आयुष विभाग और जिला अस्पताल में एक साल से बंद पड़े जन औषधि केंद्र पर कहा कि वे कलेक्टर से इस संबंध में बात करेंगे।

मंत्री परमार ने बताया कि प्रदेश में 2020 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू है, जिसके तहत स्कूल और उच्च शिक्षा में बड़े सुधार किए गए हैं। राज्य में करीब 370 बड़े भवनों में सीएम राइज स्कूल शुरू किए गए हैं, जहां प्राइवेट स्कूलों जैसी सुविधाएं, फर्नीचर और शिक्षक उपलब्ध हैं। इसके अलावा शाजापुर के प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज में लैब, लाइब्रेरी और स्मार्ट क्लास के लिए बजट जारी कर दिया गया है।



आयुष विभाग का ब्योरा देते हुए उन्होंने बताया कि प्रदेश में 9 नए आयुष मेडिकल कॉलेजों को मंजूरी मिली है। विभाग में खाली पड़े करीब 300 पदों के लिए जल्द भर्ती परीक्षा कराई जाएगी।

जिला अस्पताल में बंद पड़े प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र के सवाल पर मंत्री ने कहा कि इस सिलसिले में कलेक्टर से बात करके केंद्र को तुरंत चालू कराया जाएगा।

### कॉलेजों में भर्तियों और छात्रवृत्ति पर दी जानकारी

कॉलेजों में खाली पदों पर उन्होंने बताया कि साल 2022 और 2024 के चयनित उम्मीदवारों को नियुक्तियां दी जा चुकी हैं, जबकि 2025 के चयनितों की पोस्टिंग की प्रक्रिया जारी है। पाठ्यक्रम को भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुरूप तैयार किया गया है। छात्रवृत्ति पर उन्होंने कहा कि सामान्य और मेधावी वर्ग की स्कॉलरशिप का भुगतान समय पर हो रहा है, जबकि एससी, एसटी और पिछड़ा वर्ग की स्कॉलरशिप उनके संबंधित विभाग बांटते हैं।

### गोगा नवमी पर निकला छड़ी चल समारोह

# प्रमुख मार्गों से गुजरी यात्रा का स्वागत, परमार ने की पूजा-अर्चना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

गोगा नवमी के अवसर पर शनिवार रात शहर के सिटी क्षेत्र में वाल्मीकि समाजजनों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ छड़ी चल समारोह निकाला। गोगादेव महाराज की पूजा-अर्चना के बाद निकला चल समारोह शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। समाजजन पारंपरिक छड़ी-निशान लेकर इसमें शामिल हुए। गाजे-बाजे और ढोल-ढमाकों के बीच निकले समारोह से शहर का माहौल भक्तिमय नजर आया। चल समारोह का शहर में विभिन्न स्थानों पर नागरिकों और सामाजिक संगठनों की ओर से स्वागत किया गया। श्रद्धालु भक्ति गीतों और गोगादेव महाराज के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। चल समारोह में कैबिनेट मंत्री इंदर सिंह परमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। उन्होंने गोगादेव महाराज की पूजा-अर्चना की तथा वाल्मीकि समाजजनों को गोगा नवमी पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे और पूरे आयोजन में धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा।



### अकोदिया में भी हुआ आयोजन

गोगा नवमी के अवसर पर वाल्मीकि समाज अकोदिया द्वारा छड़ी चल समारोह निकाला गया। दोपहर 3 बजे संजय कॉलोनी स्थित गोगा देव मंदिर से पूजा-अर्चना के बाद समारोह प्रारंभ हुआ। इसमें समाज के महिला-पुरुषों के साथ बच्चे भी शामिल हुए। गोगा देव के जयकारों और बैंड पर बज रहे भजनों की धुन के बीच श्रद्धालु झूमते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से निकले। चल समारोह टप्पा चौराहा पहुंचा, जहां श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट नगर इकाई अकोदिया की ओर से स्वागत किया गया। ट्रस्ट ने स्टॉल लगाकर समाजजनों पर पुष्पवर्षा की और चिप्स का वितरण किया। इस दौरान ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, जिला अध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार गेहलोत, रामनारायण कुशवाह, नगर मीडिया प्रभारी संजय शर्मा, दीपक अग्रवाल, शरद जैन,संतोष शर्मा, गोलू गुप्ता, मोहित माली सहित श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

### महुघाट में रात के समय वारदात

# घर में सो रहे थे दंपत्ति गोदरेज का लॉक तोड़कर जेवर-नकदी चोरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

मंडी थाना क्षेत्र के महुघाट गांव में घर में सो रहे दम्पत्ति के कमरे से अज्ञात बदमाश सोने के जेवर और नकदी चोरी कर ले गए। वारदात का पता रात करीब 3 बजे चला, जब कमरे में आहट सुनकर दम्पत्ति की नींद खुली। कमरे में रखी गोदरेज खुली मिली और उसकी दराज में रखा सामान गायब था। पुलिस के अनुसार महुघाट निवासी 40 वर्षीय भगवत सिंह परमार खेती-किसानी करते हैं। उन्होंने रिपोर्ट में बताया कि 4 सितंबर की रात करीब 10 बजे वे पत्नी के साथ मकान के नीचे वाले कमरे में सो रहे थे। रात करीब 3 बजे कमरे में कुछ आहट सुनाई देने पर दोनों जागे और लाइट जलाकर देखा तो गोदरेज का गेट खुला हुआ था। जांच करने पर गोदरेज की दराज में रखी पत्नी की सोने की चेन, एक जोड़ी सोने के टॉप्स, सोने की अंगूठी और 7 हजार रुपए नकद नहीं मिले। परिजनों ने आसपास तलाश की, लेकिन चोरी गया सामान नहीं मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना देकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर चोरी की वारदात की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के क्षेत्र में संदिग्धों की जानकारी जुटाने के साथ चोरी गए सामान की बरामदगी के प्रयास कर रही है।

## ट्रक-बाइक की भिड़ंत में परिवार के तीन सदस्य घायल

**मक्सी।** मक्सी के पास आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर सोमवार सुबह एक सड़क घटना हो गई। पंचमुखी हनुमान मंदिर, जलालपुरा जोड़ के पास हुई इस घटना में एक ही परिवार के तीन लोग घायल हो गए। एक ट्रक ने बाइक पर जा रहे परिवार को टक्कर मार दी। बाइक पर दिलशाद, उनकी पत्नी शाहीन और उनका 5 साल का बेटा सवार थे। तीनों को घटना में चोटें आईं। घटना की खबर मिलते ही मक्सी की टीम मौके पर पहुंची। टीम में पायलट मुबारिक खान और आरक्षक रवि शर्मा थे। उन्होंने सभी घायलों को इलाज के लिए शाजापुर के जिला अस्पताल ले गए।



# बारिश से सोयाबीन फसल खराब होने की आशंका

### कई खेतों में पानी भरने से पौधे गलने लगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया

अकोदिया में तीन दिनों से हो रही बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी है, लेकिन अब यह किसानों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। कई खेतों में पानी भर गया है, जिससे फसलें खराब होने लगी हैं। अगर जल्द ही पानी नहीं निकाला गया तो पौधे पूरी तरह गल सकते हैं।

इस साल मानसून ने अकोदिया में देर से दस्तक दी है। जिले में अब तक औसत से कम बारिश हुई है। जिले की औसत वर्षा 39 इंच है, लेकिन अभी तक केवल 28 से 29 इंच ही दर्ज की गई है। तीन महीने के मानसून में एक बार भी तेज या लगातार बारिश नहीं हुई है, सिर्फ हल्की फुल्की रिमझिम वर्षा हुई है।

इस हल्की बारिश से मौसम में ठंडक तो आई है, लेकिन जलस्त्रोत और जलाशयों में पर्याप्त पानी नहीं भर पाया है। ऐसे में फसलों के लिए यह बारिश पहले से ही चिंता का विषय थी। अब तीन दिन से रुक-रुककर हो रही रिमझिम वर्षा और मुसीबत बन गई है।

कई खेतों में पानी निकासी की व्यवस्था नहीं है। इन खेतों में खड़ी सोयाबीन की फसलें गलने लगी हैं, जिससे उन्हें नुकसान हो रहा है। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को सलाह दी है कि वे जल्द से जल्द खेतों से पानी निकालने का इंतजाम करें, नहीं तो उन्हें फायदे की जगह नुकसान उठाना पड़ सकता है।

लगातार बारिश के कारण कई खेतों में पानी भर गया है, जिससे सोयाबीन के पौधों की जड़ों पर असर पड़ने की आशंका है। किसानों का कहना है कि खेतों में पानी जमा रहने से पीला मोजेक रोग का खतरा भी बढ़ गया है।

### समुद्र में लापता खो-खो खिलाड़ी के घर पहुंचे मंत्री परमार

# परिजनों को सरकार और फेडरेशन से आर्थिक मदद का दिलाया भरोसा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया

मध्यप्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार शाम शाजापुर जिले के कठोर गांव पहुंचे। उन्होंने ओडिशा के पुरी में समुद्र में लापता हुए खो-खो खिलाड़ी नितेश चावड़ा के परिवार से मुलाकात की। मंत्री ने नितेश के पिता इद्रीश चावड़ा और अन्य परिजन को ढांढस बंधाया, साथ ही सरकार की तरफ से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

नितेश चावड़ा खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया मध्य भारत के खिलाड़ी हैं। वह नेशनल खो-खो प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए 27 अगस्त को ओडिशा गए थे। पुरी के गोल्डन बीच पर समुद्र में नहाते समय वह तेज लहरों की चपेट में आकर गहरे पानी में बह गए और लापता हो गए। नितेश को 1 सितंबर को घर लौटना था। इस घटना को अब छह दिन हो चुके हैं, लेकिन उनका अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है।

मंत्री इंदर सिंह परमार ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश की टीम जगन्नाथ पुरी गई थी और टीम के अन्य सभी बच्चे सुरक्षित लौट आए हैं। दुर्भाग्य से नितेश समुद्र में नहाते समय गहराई में चला गया, जिसका अभी तक पता नहीं चल पाया है। प्रशासन, सरकार और फेडरेशन की ओर से उसे तलाशने के पूरे प्रयास किए गए हैं। उन्होंने कहा कि परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए सरकार और फेडरेशन, दोनों स्तर से परिवार को हर संभव आर्थिक मदद उपलब्ध कराने की कोशिश की जाएगी।

## पाइप लाइन के लिए खोदी सड़क का पैचवर्क बारिश में धंसा

**शुजालपुर।** नगर के कई वार्डों में पाइपलाइन डालने के लिए खोदी गई सड़कों का किया गया पैचवर्क बारिश में ही धंसने लगा है। कई स्थानों पर सड़क पर गड्ढे हो गए हैं, जिससे वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। हालात यह हैं कि स्थानीय लोग खुद गड्ढों में पत्थर डालकर उन्हें भरने का प्रयास कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार नगर पालिका ने पाइप लाइन डालने के लिए सड़कों की खुदाई कराई थी। काम पूरा होने के बाद सड़कें कई दिनों तक इसी स्थिति में पड़ी रहीं। शिकायतों के बाद नगर पालिका ने इन स्थानों पर पैचवर्क कराया, लेकिन बारिश के दौरान कई जगह पैचवर्क धंस गया। इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं।

## शराब बिक्री के खिलाफ महिलाओं ने ज्ञापन सौंपा

**खातेगांव।** खातेगांव तहसील के खयड़ीपुरा (सुलगांव) गांव में रविवार को अवैध शराब बिक्री के खिलाफ महिलाओं का गुस्सा सामने आया। गांव की कई महिलाएं हरणगांव थाने पहुंचीं और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने गांव में घरों से हो रही अवैध शराब बिक्री पर तुरंत रोक लगाने की मांग की। महिलाओं ने ज्ञापन में बताया कि गांव में कुछ लोग घरों से खुलेआम अवैध शराब बेच रहे हैं।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम बाबू खां पटेल था। मैंने मेरा नाम बदलकर बाबू खाँ कर लिया है। अतः आज से मुझे बाबू खां के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**बाबू खां पिता अजीज खां**
**पताः- H. No. 49, ग्राम सुमराखेड़ा मस्जिद चौक, पोस्ट विजयागंज मंडी सुमराखेड़ा दत्तोतर मंडी देवास (म.प्र.)-455001 मोबा. 9755688191**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आई.सी.आई.सी.आई. बैंक की ओर से इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि श्री रूपेश परिहार पिता श्री राजेन्द्रसिंह परिहार एवं श्रीमती आभा परिहार पति श्री रूपेश परिहार, निवासीगण - 267, सेठीनगर कालोनी, उज्जैन के स्वामित्व का एक भवन क्रमांक 268 जो कि सेठीनगर कालोनी, उज्जैन में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 139.29 वर्गमीटर है, जिसकी चतुर्सीमा में पूर्व में- भवन क्रमांक 267, पश्चिम में- भवन क्रमांक 269, उत्तर में- भवन अन्य का तथा दक्षिण में कालोनी की सड़क मिली है। उक्त सम्पत्ति को श्री रूपेश परिहार पिता श्री राजेन्द्रसिंह परिहार एवं श्रीमती आभा परिहार पति श्री रूपेश परिहार ने संयुक्त रूप से इसके पूर्व स्वामी श्रीमती चन्दा जैन पति श्री जवरचंद जैन से रजिस्टर्ड पंजीयन क्रमांक 3454 दिनांक 15.10.2007 के माध्यम से क्रय किया था जिसे श्रीमती चंदा जैन पति श्री जवरचंद जैन ने इसके पूर्व स्वामी श्रीमती शीला राय पति श्री राबिन्स राय द्वारा मु.आम डॉ. ए.बी. एलरिक बारलो शिवाजी पिता श्री रूपलाल शिवाजी से पंजीयन क्रमांक 2668 दिनांक 10.12.1985 के माध्यम से विधिवत क्रय किया था, जिसे श्रीमती शीला राय पति श्री राबिन्स राय ने इसके पूर्व स्वामी श्री शशांक दुबे पिता श्री जुगल किशोर दुबे द्वारा मु.आम श्री अब्दुल मुनाफ पिता श्री मोहम्मद इसहाक से रजिस्टर्ड पंजीयन क्रमांक 2027 दिनांक 28.07.1995 द्वारा विधिवत क्रय किया था एवं जिसे श्री शशांक दुबे पिता श्री जुगल किशोर दुबे ने इसके मूल स्वामी अवन्तिका कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित सेठी नगर उज्जैन से रजिस्टर्ड पंजीयन क्रमांक 2719 दिनांक 09.12.1986 द्वारा विधिवत क्रय किया था। उक्त चेन डाक्यूमेंट में दर्शाये गये दोनों पॉवर ऑफ अटार्नी की मूल प्रति श्री रूपेश परिहार पिता श्री राजेन्द्रसिंह परिहार एवं श्रीमती आभा परिहार पति श्री रूपेश परिहार के पास उपलब्ध नहीं है तथा उनके द्वारा उक्त सम्पत्ति को आई.सी.आई.सी.आई. बैंक में बंधक रखकर ऋण प्राप्त किया जा रहा है। अतः सूचित किया जाता है कि यदि उक्त सम्पत्ति को बंधक बनाये जाने में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर अनिवार्यतः मुझे फोन पर आपत्ति दर्ज कराकर उसके पश्चात सप्रमाण लिखित में आपत्ति पेश करें ताकि उसका निराकरण किया जा सके बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति का टाईटल क्लीयर मानते हुए बैंक के पक्ष में बंधक बनाने की कार्यवाही को पूर्ण कर लिया जावेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य एवं स्वीकार्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक 07-09-2026

**प्रकाशचंद्र कुरील, एडव्होकेट**
**शॉप नं. 24, सी-21 मॉल, नानाखेड़ा उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. 70679-09621**



## छठवें दिन भी जारी रहा किसानों का धरना मांगों के निराकरण तक आंदोलन जारी रहेगा

**शुजालपुर।** किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ का अनिश्चितकालीन धरना रविवार को छठवें दिन भी नई तहसील परिसर में जारी रहा। किसानों की प्रमुख मांगों में वर्ष 2025 की फसल बीमा राशि का भुगतान कराने तथा नर्मदा सिंचाई परियोजना से छूटे गांवों को परियोजना से जोड़ना शामिल है। धरने में किसानों ने कहा कि फसल बीमा राशि का भुगतान नहीं होने से किसान आर्थिक परेशानी का सामना कर रहे हैं। वहीं नर्मदा सिंचाई परियोजना में क्षेत्र के छूटे गांवों को शामिल करने की मांग भी लंबे समय से उठाई जा रही है। किसानों ने दोनों मांगों के निराकरण तक आंदोलन जारी रखने की बात कही। भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि किसानों के हक और अधिकार के लिए संगठन का आंदोलन जारी रहेगा। धरने में किसानों ने एकजुटता के साथ अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की।

### जिला स्तरीय एसजीएफ आई वॉलीबॉल में शुजालपुर का दबदबा

## चार वर्गों में खिताब अपने नाम किया, अंडर-17 के दोनों वर्गों में दर्ज की एकतरफा जीत



**शुजालपुर।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एसजीएफ आई के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता महाविद्यालय खेल मैदान पर संपन्न हुई। प्रतियोगिता में शाजापुर जिले के शुजालपुर, शाजापुर और कालापीपल ब्लॉक की टीमों ने भाग लिया। विभिन्न वर्गों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता में शुजालपुर की टीमों का दबदबा रहा। टीमों ने अलग-अलग आयु वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार वर्गों में विजेता बनने का गौरव हासिल किया। अंडर-14 बालिका वर्ग में शुजालपुर की टीम विजेता रही, जबकि बालक वर्ग का खिताब शाजापुर ने अपने नाम किया। अंडर-17 वर्ग में शुजालपुर ने दोनों वर्गों में शानदार प्रदर्शन किया। बालक और बालिका दोनों वर्गों में शुजालपुर की टीमों ने प्रतिद्वंद्वी टीमों पर प्रभावी खेल दिखाते हुए खिताब अपने नाम किए। वहीं अंडर-19 बालिका वर्ग में भी शुजालपुर विजेता रहा, जबकि बालक वर्ग में शाजापुर की टीम ने बाजी मारी।

## माटी से गढ़े गणेश, पर्यावरण संरक्षण एवं पौधारोपण का दिया संदेश

**शुजालपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद एवं नर्मदा समग्र के संयुक्त तत्वावधान में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत माटी के गणेश सिद्ध गणेश कार्यशाला का आयोजन शासकीय जेएनएस महाविद्यालय में किया गया। नेकी की दीवार,मिर्ची बाजार परिवार के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए मिट्टी से गणेश प्रतिमाएं बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर की। प्रशिक्षिका वीणा गोयल ने नवांकुर संस्था प्रमुखों एवं विद्यार्थियों को मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने की विधि समझाई। उन्होंने बताया कि गणेश प्रतिमा बनाने के लिए काली, पीली या मुल्तानी मिट्टी का उपयोग किया जा सकता है। मिट्टी में विभिन्न पौधों के बीज डालकर प्रतिमा तैयार करने से विसर्जन के बाद उसी स्थान पर पौधा विकसित हो सकता है। इससे धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी साकार होगा।

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि, हमारे पक्षकार घनश्याम पिता आशारामजी जाति गुर्जर निवासी ग्राम छपरीया बरखेडा तहसील व जिला इन्दौर ने अभयसिंह पिता केसरसिंहजी पण्डया जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम सोहड तहसील बडनगर जिला उज्जैन से उनके मालकी आधिपत्य एवं स्वामित्व की कृषि भूमि सर्वे नंबर 593/1 रकबा 0.980 हे. आरे स्थित ग्राम लखेसरा तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. को क्रय करने का सौदा समक्ष गवाहान के किया हैं व उक्त भूमि के सौदे पेटे साई में रुपए भी हमारी पक्षकार घनश्याम गुर्जर ने अभयसिंह पिता केसरसिंहजी पण्डया को अदा कर दिये हैं अब उक्त भूमि का विकय-पत्र हमारे पक्षकार को कराया जाना शेष हैं इस कारण उक्त जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि उक्त भूमि पर आज दिनांक तक किसी भी प्रकार का कोई ऋण भार किसी भी शासकीय अर्धशासकीय बैंक संस्था या अन्य किसी भी प्रकार का हों या उक्त भूमि कहीं भी अन्यत्र गिरवी रहन आदि हों या उक्त भूमि पर किसी भी प्रकार का कोई प्रकरण किसी भी न्यायालय में विचाराधीन हों तो उक्त सूचना-पत्र प्रकाशन के 8 दिवस मैं मैंरे कार्यालय में लिखित में मय दस्तावेज के आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद हमारे पक्षकार व्दारा उक्त भूमि का विक्रय-पत्र अपने पक्ष में संपादित करा लिया जावेगा व बाद मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हों। दिनांक 8-9-2026

**बजर्ये अभिभाषक-**
**अखिलेन्द्र अभय कुमार शाह एडव्होकेट**
**59, आर.एन.टी.मार्ग झण्डासेरी रोड बडनगर**
**जिला उज्जैन म.प्र. मो. 9713545601**

## बेदखली का पेपर प्रकाशन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार प्रहलाद कुमारिया पिता पन्नालाल कुमारिया जाति बलाई निवासी ग्राम इंगोरिया तह. बडनगर जिला उज्जैन के है जिनकी पत्नी का नाम रामकुवंर बाई है मेरे पक्षकार की पुत्री खुशी ने मेरे पक्षकार और उसकी पत्नी व परिवार के लोगों के खिलाफ जाकर दिनांक 01/09/2026 को घर से भाग कर ग्राम इंगोरिया के ही गोविन्द पिता गंगाराम जाति बलाई के साथ चली गई है व उसी के साथ उसके घर में निवास कर रही है मेरे पक्षकार की पुत्री खुशी ने अपनी स्वेच्छा और मर्जी से मेरे पक्षकार व उसके परिवार के खिलाफ जाकर गोविन्द के साथ गई है और उसके साथ निवास कर रही है इस कारण अपने सारे संबंध पुत्री खुशी से समाप्त कर लिये है और कोई रिश्ता व संबंध नहीं रखा है तथा अब खुशी से मेरे पक्षकार एवं उनकी पत्नी रामकुवंर बाई के कोई माता-पिता के संबंध नहीं है और मेरे पक्षकार की अन्य संतानों से भी खुशी के कोई संबंध नहीं रहे है और भविष्य में भी मेरे पक्षकार व उसके परिवार के लोगों का अब खुशी से कोई सबधं सरोकार नही रहेगा। तथा मेरे पक्षकार उसकी पत्नी रामकुवंर बाई की किसी भी चल-अचल सम्पत्ति मे खुशी को बेदखल कर देने से कोई हक, एंव अधिकार नही रहा है और भविष्य में भी नहीं रहेगा और यदि खुशी मेरे पक्षकार व रामकुवंर बाई की पुत्री होने के नाते किसी भी प्रकार की कोई कानुनी कार्यवाही मेरे पक्षकार पर करना चाहे तो उसे कोई कानुनी कार्यवाही करने का भी अधिकार नहीं रहेगा। मेरे पक्षकार ने खुशी द्वारा अपनी मर्जी से घर से भाग कर स्वंय अपनी जिदंगी का निर्णय लिया है इसलिये मेरे पक्षकार अब उसकी जिदंगी मे कोई दखल अंदाजी नहीं चाहते है और उससे समस्त सबंध समाप्त करते है जिस हेतु यह जाहिर सूचना प्रकाशित की जा रही है। सूचित उक्त जाहिर सूचना पूर्ण रूप से खुशी पर दिनांक 07/09/2026 से ताजिदंगी बंधनकारी एंव पालनीय रहेगी। दिनांक 07/09/2026

**रफीक एहमद मंसूरी एडवोकेट**
**12, मोहनपुरा बड़नगर जिला उज्जैन**
**मोबा 9893476746**

# रतलाम के वार्ड 34 में स्वच्छता अभियान को लगाया पलीता, आवारा कुत्तों का आतंक बरकरार

## आधा कि.मी. की सड़क में 14 स्पीड ब्रेकर का रिकॉर्ड

**ओम त्रिवेदी**

**रतलाम** । रतलाम के वार्ड नंबर 34 के भाजपा पार्षद योगेश पापटवाल की निष्क्रियता , उदासीनता और नक्कारापन के कारण टी आई टी रोड क्षेत्र की अनेक गलियों, बैंककॉलोनी, भूत बंगला क्षेत्र में समस्याओं का अंबार है ,बदतर हालात से त्रस्त नागरिकगण समस्याओं के कारण लंबे अरसे से परेशानी झेल रहे हैं और पार्षद को बताने के बावजूद वे निराकरण करने में टालमटोल कर रहे हैं। ऐसे में पार्षद के कारण भाजपा से मोह भंग होने लगा है,भाजपा की जनता के समक्ष फजीहत कराते ऐसे जनप्रतिनिधियों को भाजपा के जिम्मेदार पाठ पढ़ाए की जनता से कैसे जुड़ा जाता है।

बताया जाता है कि टीआईटी रोड के अनेक क्षेत्रों, गलियों ,सड़कों एवं वहां स्थित नालियों की सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है इससे गंदगी ,सड़ांध मच्छरों की भरमार के कारण बीमारियां तेजी से फैल रही है । करीब तीन माह से सीवरेज एवं नालियों का दूषित पानी पाइपलाइन से होता घरों में नलो के माध्यम से बीमारियां परोस रहा है, क्षेत्र में बड़ी संख्या मे आवारा कुत्तों की बाढ़ आई हुई है जो झुंड में बच्चों, बुजुर्गों ,महिलाओं, वाहन चालकों पर हमलाकर उन्हें घायल कर रहे हैं हालत यह है कि एक भाजपा की पूर्व महिला पार्षद को कुत्तों ने बुरी तरह काटकर घायल कर दिया था। रात भर समूह में भोंकते आवारा कुत्तों ने नागरिकों की नींद हराम कर रखी है।

क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर सब्जी वालों का अतिक्रमण यातायात को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है जिससे आए दिन वाहनों की दुर्घटनाएं हो रही है।वहीं वाहनों को सड़क पर खड़ा कर देने के कारण पैदल चलना तक दुर्भर हो गया है। बताया जाता है कि अवैध रूप से लग रही यह सब्जी मंडी को कतिपय छुट भैय्या नेताओं का संरक्षण प्राप्त है।

वार्ड 34 के अनेक लोगों ने बताया कि पार्षद ने चुनाव के दौरान चरणों में गिरकर भाजपा के लिए वोट मांगे और वार्ड को ग्रीन एवं क्लीन बनाने तथा जनता की समस्याओं को हल करने का वादा किया था वह आज मिलने ,सुनने एवं फोन उठाने तक को तैयार नहीं है? ऐसे नकारा जन प्रतिनिधियों को जनता भविष्य में आक्रोशित एवं मजबूर होकर सबक सिखा सकती है यह नहीं भूलना चाहिए।

## आधा किलोमीटर के रोड में 14 स्पीड ब्रेकर का अजूबा

इसी प्रकार वार्ड 34 में रोड नंबर एक मे नगर निगम के एक चहेते एवं कमाऊ पूत ठेकेदार ने अपने कार्य से अजूबा ही कर दिखाया इस गली के आधा किलोमीटर के हिस्से में करीब १४ स्पीड ब्रेकर बनाने का रिकॉर्ड कायम किया।बताते हैं कि सामने की पाइपलाइन से कनेक्शन लेने के दौरान डामर रोड की कटिंग की गई थी उसको रोड के लेवल से रिपेयरिंग करना था लेकिन उक्त कमाऊ पूत ठेकेदार ने उन सभी जगह पर ऊंचा नीचा डामर बिछा कर लीपापोती कर दी यह स्पीड ब्रेकर आज भी टीआईटी रोड के गली नंबर १ में वाहन चालकों को झटका देकर कमर तोड़ रहे है। पार्षद को बताने के बाद उनका कहना था कि बाद में इसे लेवल करवा दूंगा लेकिन करीब दो महीने गुजरने के बाद भी यह स्पीड ब्रेकर क्षेत्र वासियों और नगर निगम के जिम्मेदारों को मुंह चिड़ा रहे है ।अब देखना है कि यह स्पीड ब्रेकर कब समतल होते हैं। नागरिकों ने यह मांग की है कि रोड नंबर एक जो क्षतिग्रस्त है उसका पूरा डामरीकरण कर दिया जाए।

## न्यूज-कॉलम

### मनोज शर्मा के निधन पर शोक श्रद्धांजलि

**नीमच।** मेहनोत नगर निवासी ओमप्रकाश शर्मा के सुपुत्र मनोज शर्मा (चेतन शर्मा) का दुःखद निधन हो गया। निधन का समाचार मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। उनके निधन पर रोटरी क्लब, सामाजिक संथाओ के सदस्यों ने शोक व्यक्त किया है। जिन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। शोक व्यक्त करने वालों में रोटरी क्लब के मयंक जायसवाल, भारत आहिर, अनिल कुमार तोतला सहित अन्य पत्रकार संगठन असेंबली ऑफ जिर्नलिस्ट नीमच के अध्यक्ष डॉ जीवन कौशिक, पुरुषोत्तम शर्मा, परमानन्द शर्मा, सत्येंद्र सक्सेना, शंकर रामवानी ने भी संवेदना व्यक्त की हैं।

### रामदेवरा पैदल जा रहे श्रद्धालु की कार की टक्कर से मौत

**नीमच** । नीमच जिले की सीमा में एक दुर्घटना में रामदेवरा जा रहे पैदल यात्री की कार से हुई दुर्घटना में मौत हो गई द्य रामदेवरा जा रहे देवास जिला के गंधपुरी निवासी मदनलाल वर्मा की इस सड़क हादसे में मौत हो गई। सगराना घाटी के पास पीछे से आ रही तेज कार ने टक्कर मार दी द्य जिससे सिर में गंभीर चोट लगने के बाद उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया द्य जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई । पैदल यात्रियों में रामदेवरा के शहर यात्री देवास जिले के राजेंद्र कुमार ने बताया कि नीमच बहादा रोड पर सगराना घाटी के समीप कार ने टक्कर मार दी वें सभी 30 अगस्त को देर शाम दर्शन के लिए पैदल निकले थे। उनके दोस्त राजेश कुमार की टक्कर के बाद उनके साथी मदनलाल सड़क पर सर के बल पड़े और उनके सिर मे गंभीर चौट आई। राहगीरों की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। जहां जांच और उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### मटकी फोड़ प्रतियोगिता की विजेता टीम को दिया 11 हजार रू. का पुरस्कार

**मंदसौर।** श्री कृष्ण कामधेनु सामाजिक संस्था द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व के अवसर पर स्थानीय महाराणा प्रताप बस स्टैंड परिसर में मटकी फोड़ प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जिसमें च्मोतिया खाईज की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मटकी फोड़कर विजय प्राप्त की। संस्था द्वारा विजेता च्मोतिया खाई टीमज को सम्मानित करते हुए ११ हजार रुपये की निर्धारित पुरस्कार राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसोदिया, मंडल अध्यक्ष विनोद डगवार, डॉ. भानु प्रताप सिंह सिसोदिया, एवं मनोज जैन आदि उपस्थित थे।

### पोस्टर एवं कोलाज निर्माण पर विशेष व्याख्यान हुए

**मंदसौर।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के अर्थशास्त्र विभाग के आर्थिक संवाद मंच की मासिक गतिविधि के अंतर्गत च्पोस्टर एवं कोलाज निर्माणज विषय पर विशेष व्याख्यान हुए। मुख्य वक्ता प्राध्यापिका के. के. टूटेजा ने विद्यार्थियों को पोस्टर और कोलाज मेकिंग की बारीकियों से अवगत कराते हुए बताया कि कैसे कलात्मक और रचनात्मक माध्यमों का उपयोग करके जटिल आर्थिक व सामाजिक विषयों को समाज के सामने प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जा सकता है।

# शिक्षक की उत्कृष्ट सेवाएं सदैव सम्मानित होती रही -आर डी ए अध्यक्ष मनोहर पोरवाल



दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

शिक्षक अपनी सेवाओं से सर्वत्र सम्मान अर्जित करता है क्योंकि समाज में शिक्षक की भूमिका अति महत्वपूर्ण होती है माता-पिता के बाद केवल शिक्षक ही व्यक्ति के मन में स्थापित रहता है विद्यार्थी के जीवन में शिक्षक की प्रेरणा उसे हमेशा आगे बढ़तीहै वह शिक्षा के साथ साथ विद्यालय संस्कारों से प्रभावित रहता है जिसमें शिक्षक के आचरण और उसका दिया हुआ ज्ञान उसे हमेशा अच्छा बेहतर बनने की प्रेरणा देता है इसलिए शिक्षक का सम्मान और उसकी सेवाओं को सम्मानित करना हमारा फर्ज बनता है। उपरोक्त विचार शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर शिक्षक सांस्कृतिक संगठन मंच द्वारा होटल अजंता पैलेस में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि आर डी ए अध्यक्ष मनोहर पोरवाल ने व्यक्त किये ।

आपने कहां की हमारी समूची शिक्षण व्यवस्था का दारोमदार शिक्षक के कंधों पर होता है बेहतर शिक्षा से बेहतर नागरिक बनाना प्रत्येक शिक्षक का कर्तव्य बनता है और बेहतर व्यवस्था करना सरकार का काम होता है जिसके लिए हम हमेशा प्रतिबद्ध है।

आपने नगर में शिक्षक सदन बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि समाज सेवी आर डी ए उपाध्यक्ष गोविंद काकानी ने कहा कि बचपन से लेकर आज तक शिक्षकों की दी हुई शिक्षा का प्रभाव बना हुआ है डॉ सुलोचना शर्मा ने कहा कि सम्मान हमेशा शिक्षक को अच्छी सेवाएं देने के लिए प्रेरित करता है। डॉ प्रदीप सिंह राव लायंस क्लब क्लासिक अध्यक्ष जगदीश सोनी महेश व्यास एसबीआई लाइफ के महेंद्र सिंह राठौड़ मंचासीन थे ।स्वागत भाषण देते हुए संस्था अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि मंच द्वारा सन 1997 से लगातार शिक्षक दिवस उत्साह पूर्वक मनाया जाता है सेवानिवृत्ति और प्रतिभावान शिक्षकों के सम्मान के साथ-साथ विद्यार्थियों और शिक्षकों की खेलकूद साहित्यिक प्रतियोगिता आयोजित कर उनमें सृजनात्मक प्रतिभा को एक मंच प्रदान किया जाता है।



# लॉ कॉलेज में फीस वृद्धि के विरोध में छात्रों ने किया चक्काजाम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

स्थानीय जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय में द्वितीय और तृतीय वर्ष की फीस में हुई बढ़ोतरी से आक्रोशित छात्रों ने प्रदर्शन करते हुए चक्काजाम कर दिया। छात्रों ने पहले कॉलेज के मुख्य द्वार पर धरना दिया और बाद में सड़क पर बैठकर नारेबाजी शुरू कर दी।

छात्रों का आरोप है कि प्रवेश वर्ष 2024-25 के दौरान उन्हें करीब 13 हजार रु. फीस की बात कही गई थी, लेकिन अब शैक्षणिक सत्र में फीस को सीधे बढ़ाकर 25 हजार रु. कर दिया गया है। फीस लगभग दोगुनी हो जाने से मध्यमवर्गीय और किसान परिवारों से आने वाले विद्यार्थियों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ा है। पूर्व में भी इसको लेकर विरोध प्रदर्शन एवं ज्ञापन सौंपे गये थे।

सड़क पर चक्काजाम होने से यातायात प्रभावित हुआ, जिसके बाद पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर यातायात को वैकल्पिक मार्गों से संचालित कराया। कॉलेज प्रशासन द्वारा पूरे प्रदेश के लॉ कॉलेजों की फीस का निर्धारण फीस रेगुलेटरी कमेटी (एफआरसी) द्वारा किया जाता है। छात्रों के पूर्व प्रदर्शन को देखते हुए एफआरसी की बैठक में विद्यार्थियों को राहत देने के उद्देश्य से फीस को दो किस्तों में जमा करने की छूट दी गई है। हालांकि, छात्र इस व्यवस्था से संतुष्ट नहीं हैं और फीस पूरी तरह कम करने की मांग पर अड़े हुए हैं।



# नप के वार्ड 15 में पार्षद पद के उम्मीदवार को लेकर पर्यवेक्षक ने टटोली नब्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलिया मंडी

नगर पंचायत के वार्ड 15 महिला पिछड़ा वर्ग के विष्णु बाला कराडा के निधन के बाद रिक्त हुवे पार्षद पद के उपचुनाव को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी से नियुक्त पर्यवेक्षक सुरेश जी पाटीदार रावटी व प्रदेश कांग्रेस के सचिव परशुराम जी सिसोदिया ने पिपलिया पहुंचकर वार्डवासियों, कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागणों एवं कार्यकर्ताओ से बैठक कर चर्चा की।इस मौके पर 6 दावेदारों ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की।इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के सचिव परशुराम सिसौदिया ने कहा की हमारा उम्मीदवार हाथ का पंजा है पार्टी जिसे भी अपना उम्मीदवार बनाये हम पूरी ताकत के साथ उसका साथ देकर उसे भारी मतों से जताए।सिसोदिया ने यह भी कहा की एक जुटता ही हमे विजयश्री दिलाएगी।पर्यवेक्षक सुरेश पाटीदार रावटी ने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों से आमजन काफी परेशान है 5-6 महीनों से वृद्धा अवस्था पेंशन,व अन्य मिलने वाली पेंशन हितग्राहियों को नही मिलने से यह काफी परेशान है।हम भाजपा की नाकामियों के मतदाताओं के बीच मे लेकर जाय। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहनलाल गुप्ता, जिला कांग्रेस के महा सचिव द्वय अनिल शर्मा, तुलसीराम पाटीदार आदि उपस्थित थे।

# भाजपा की जिला बैठक व कार्यशाला संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



जिला मुख्यालय स्थित कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में जिला भाजपा मंदसौर की बैठक एवं कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर 17 सितंबर से 18 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले भर में सेवा और समर्पण के विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई।

बैठक में संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा ने कहा कि भाजपा की मजबूती करोड़ों कार्यकताओं के संघर्ष और परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने कार्यकताओं से सेवा संकल्प अभियान के सभी 13 संगठनात्मक कार्यक्रमों को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने और प्रत्येक लाभार्थी के घर आशीर्वाद का दीपक प्रज्वलित करने का आह्वान किया। राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने केंद्र व राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं का उल्लेख किया, वहीं सांसद सुधीर गुप्ता ने विकसित भारत 2047 के संकल्प में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की बात कही।

बैठक में सेवा संकल्प अभियान के लिए जिला टोली का गठन किया गया, जिसमें विधायक चंदरसिंह सिसोदिया को संयोजक तथा विजय सुराना, प्रितेश चावला, संदीपसिंह राठौर, रामरतन आटेला एवं प्रियंका गोस्वामी को सह संयोजक का दायित्व सौंपा गया।

कार्यशाला के दौरान तीन प्रमुख प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। राजनीतिक प्रस्ताव पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने, नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रस्ताव जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार ने व समरसता संकल्प प्रस्ताव जिला महामंत्री महेश जूनवाल ने रखा।

# श्रीमद् भागवत गीता कथा सप्ताह का छठे दिन बड़े ही धूमधाम से सम्पन्न

नीमच। श्री परशुराम धाम, पंचवटी कॉलोनी पर चल रही श्रीमद् भागवत गीता कथा सप्ताह का छठे दिन बड़े ही धूमधाम से सम्पन्न हुआ। कथा के छठे दिन राधा-रुक्मणी विवाह प्रसंग का आयोजन किया गया। कथा में भक्त उमड़ पडे और पूरा पंडाल भरा रहा। हजारों की संख्या में धर्मप्रेमी बंधुओं ने कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ लिया।कथा वाचक परम पूज्य गुरुदेव कामखेड़ा सरकार कृपा पात्र श्री श्री पंडित रोहित जी नागर, खिलचीपुर ने अपने संबोधन में माता-पिता के सम्मान पर विशेष जोर दिया।

## न्यूज कालम



### वार्ड 2 व 3 में 12 लाख की लागत से प्रारंभ हुआ सीसी रोड निर्माण कार्य

**जावरा ।** वार्ड दो व तीन के निवासियों ने कुछ माह पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनम यूसुफ कडपा से गुहार लगाई की वार्ड वासी वर्षो से कीचड़ व दलदल से परेशान खास कर बच्चे बूढ़े महिलाओं को इस परेशानी का विशेष सामना करना पड़ता है। हम करीब एक दशक से नगर पालिका परिषद को अपनी परेशानियों से अवगत कराते आ रहे । मगर हमारी समस्या का समाधान नही हुआ अध्यक्ष अनम कडपा ने वार्ड वासियों की समस्या को गंभीरता से लेकर तुरन्त वार्ड के नागरिकों से विकास शुल्क जमा करवा कर रोड का इस्टीमेट बना कर जिसमे 90 प्रतिशत भागीदारी नगर पालिका की लागत का किर्यान्वन किया ।सोमवार को वार्ड वासियों के लिए खुशी का दिन लेकर आया जब सीसी रोड का निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया गया ।इस अवसर पर वार्ड के नागरिकों ने नगर पालिका अध्यक्ष अनम यूसुफ कडपा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि मो. यूसुफ कडपा वार्ड पार्षद सलमान भाई हाजी अश्वाक भाई शैलेन्द्र सोलंकी ठेकेदार सज्जाद हुसैन का शाल साफा बांध पुष्प माला पहना कर अभिनंदन किया ।इस मोके पर कालू भाई, इशाक भाई, अश्वाक भाई, नासिर भाई कबाड़ी ,गब्बर भाई ,सादिक भाई लाला , शेरू भाई ,यूसुफ भाई ,रफीक भाई आदि वार्ड दो व तीन के नागरिक उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष अनम कडपा ने रोड निर्माण ठेकेदार को सख्त निर्देश दिए निर्माण के दौरान नागरिकों को कोई परेशानी न हो व कार्य की गुणवंता पर पूर्ण ध्यान दिया जाए।

### सेवानिवृत्त सह प्रोफेसरों को भी प्रोफेसर पदनाम का दिया जाए आर्थिक लाभ

**जावरा** ।उच्च शिक्षा मंत्रालय द्वारा सेवानिवृत्त हुए सह प्राध्यापकों को लंबा समय बीत जाने के बाद भी ना तो प्राध्यापक पदनाम प्रदान किया गया और ना ही इससे मिलने वाला आर्थिक लाभ दिया गया है। सह प्राध्यापक पद से सेवानिवृत्त हुए व प्रांतीय प्राध्यापक संघ के पूर्व सदस्य डॉ. मदनलाल गांगले ने बताया है कि विगत कई महीनों पूर्व मध्यप्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय द्वारा विभिन्न विषयों के कई कार्यरत सह प्रोफेसरों को प्राध्यापक पदनाम प्रदान किया गया है । लेकिन म.प्र. में पिछले दस वर्षों में या इससे भी पहले से विभिन्न विषयों के कई सह प्राध्यापक सेवानिवृत्त हुए हैं । इन्होंने भी अपने सेवाकाल में सरकारी कार्य को सेवा कार्य के रूप में ईमानदारी से कार्य किया है । जो पदोन्नति से वंचित हैं । अब तक पदोन्नति का आर्थिक लाभ नहीं मिला है । डॉ. गांगले ने प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों से सेवानिवृत्त हुए सह प्रोफेसरों को जो सरकार की पदोन्नति प्रकिया से बाधित हुए हैं और पदोन्नति पाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं (वरिष्ठता क्रम) सीनियरिटी के आधार पर पिछले दस वर्षों से या इससे अधिक वर्षों से प्रतीक्षारत सेवानिवृत्त सह प्रोफेसरों को भी प्रमोशन का आर्थिक लाभ दिए जाने की मांग की है ।

### कमलाशंकर विश्वकर्मा मानव अधिकार आयोग मित्र नामांकित

**नीमच।** मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग, भोपाल ने मनासा तहसील के ग्राम भाटखेड़ी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता कमलाशंकर विश्वकर्मा को नीमच जिले के भौगोलिक क्षेत्र के लिए आगामी दो वर्षों हेतु आयोग मित्र नामांकित किया है। आयोग के शोध अधिकारी द्वारा 2 सितंबर 2026 को जारी पत्र के अनुसार, श्री विश्वकर्मा मानव अधिकारों के संवर्धन एवं संरक्षण के लिए निःस्वार्थ एवं मानसेवी सेवाएं देंगे तथा आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करेंगे। वे पूर्व में भी आयोग मित्र के रूप में सेवाएं दे चुके हैं।



### बैंक ऑफ इंडिया का 121 वां स्थापना दिवस मनाया हर्षोल्लास से मनाया



**पिपलिया मंडी।** स्थानीय बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध श्री अर्जुन सिंह चौहान के मार्गदर्शन में उक्त बैंक का 121 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लाह से मनाया। इस अवसर पर बैंक के ग्राहकों के बीच उपस्थिति में केक काटकर मुंह मिठा करवाया। सभी बैंक कर्मचारियों ने एक दूसरे को स्थापना दिवस शुभकामनाएं दी।

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-19**
## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- सुशीला कासलीवाल क्रेता- राजेश चौहान पिता अम्बारामजी चौहान पता- 56 तिलक नगर इन्दौर पिन- 1003266618 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-19 नगरपालिका निगम इन्दौर**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-19**
## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- कृष्ण कुमार जायसवाल आशीष जायसवाल क्रेता- राजू बडोले पति देवेन्द्र बडोले पता- 496 सिलीकान सशांश इन्दौर पिन- 9000166223 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-19 नगरपालिका निगम इन्दौर**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-19**
## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- नीना कासलीवाल क्रेता- राजेश चौहान पिता अम्बारामजी चौहान पता- 57 तिलक नगर इन्दौर पिन- 1002919044 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-19 नगरपालिका निगम इन्दौर**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-7**
## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- मे. त्रिमूर्ति डेवलपर्स क्रेता- श्रीमती हरजीत कौर पति प्रितपालसिंह वार्ड 34 पता- पैकी 56 तिरुपति ग्रीन्स इन्दौर पिन- 1003924352 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग पर रजिस्ट्रर हक्क त्याग आवेदन के साथ रजिस्ट्री वसीयत नामा प्रस्तुत करें समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-3**
## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता-निलाम्बरी पति अशोक केतकर क्रेता- अशोक कुमार पिता मुकुन्दराम बजाज, परेश पिता मनोहर बजाज वार्ड क्रं. 57 पता-11/1 सिख मोहल्ला इन्दौर पिन- 1000889239 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 3 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-3 नगरपालिका निगम इन्दौर**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-3**
## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता-गीता पति पवन केसवानी क्रेता- संदेश पिता जयपाल हबलानी वार्ड क्रं. 57 पता- 42, 43 पुराना 35,36 सुतार गली इन्दौर पिन- 1000894636 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 3 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-3 नगरपालिका निगम इन्दौर**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-19**
## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- कृष्ण कुमार जायसवाल आशीष जायसवाल क्रेता- रानू बडोले पति देवेन्द्र बडोले पता- 496 सिलीकान सशांश इन्दौर पिन- 9000166223 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-19 नगरपालिका निगम इन्दौर**

## धुर्जटेश्वर महादेव की शाही सवारी

**महिदपुर।** पूर्व वाहिनी क्षिप्रा नदी के किनारे राजा विक्रमादित्य के आराध्य देव धुर्जटेश्वर महादेव की शाही सवारी बड़ी धूमधाम से 7 सितम्बर सोमवार को निकाली जावेगी जिसमें अखाड़े, भजन मण्डली के साथ धार्मिक झांकिया सम्मिलित होंगी (राज्य शासन द्वारा इस दिन की अवकाश की घोषणा पूर्व वर्ष में की गई है। शाही सवारी की शासन की ओर से सलामी दी जावेगी।

## वर्षा के बाद सोयाबीन की फसल को राहत

**महिदपुर।** दो दिनों से हो रही वर्षा से सोयाबीन फसल को राहत मिल गई है। रविवार सुबह तक 610 मि.मी. की वर्षा दर्ज की गई है जो गत वर्ष की 709 मि.मी. से कम है। जबकि गत वर्ष का आंकड़ा दो दिन पहले तक पीछे चल रहा था।

## प्राचीन मंदिर में पहुंच रहा शौचालय का गंदा पानी

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले की ब्यावरा जनपद पंचायत कार्यालय के पीछे शहर का अति प्राचीन शासकीय मंदिर स्थित है। पिछले कई वर्षों से जनपद पंचायत भवन में बनाया हुआ शौचालय का गंदा पानी निरंतर बहता रहता है कई बार राजगढ़ जिला कलेक्टर, स्थानीय एसडीएम और तहसीलदार से शिकायत की गई लेकिन स्थिति आज भी जस की तस बनी हुई है। करीब 17 दिन पहले सीएम हेल्पलाइन पर भी फोन लगाया गया लेकिन वहां भी कोई संतुष्ट जनक जवाब नहीं मिला। भगवान श्री कृष्ण का शासकीय मंदिर है उक्त मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया मगर जो पानी मंदिर परिसर में आ रहा वह पानी नहीं बल्कि जनपद पंचायत में सुविधा देने के लिए बनाया गया शौचालय का पानी है। इस गंदगी में कैसे भगवान की पूजा की जाती हैं यह एक विचारणीय प्रश्न है। मंदिर में टपकते हुए पानी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

## श्रीमती परिहार का निधन



**तराना।** खेड़ी मोहल्ला निवासी भाजपा नेता, पार्षद पूर्व नप उपाध्यक्ष शक्तिसिंह (सोनू) की माताजी उषाबाई परिहार का निधन हो गया हे। रविवार शाम 4 बजे निज निवास खेड़ी मोहल्ला से अंतिम यात्रा निकाली गई जिसमें रहवासी, जनप्रतिनिधि, समाजजन शामिल होकर शांतिवन में श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## काली पट्टी बांधकर टीईटी के फैसले का जताया विरोध

**सारंगपुर।** शिक्षक दिवस पर शनिवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शासन के शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) संबंधी निर्णय का विरोध किया। मध्य प्रदेश संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर किए गए प्रदर्शन में शिक्षकों ने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांग रखी। वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों ने कहा कि नियुक्ति के समय उन्होंने शासन के सभी निर्धारित मापदंड और जरूरी योग्यताएं पूरी की थीं। इसके बाद वे वर्षों से लगातार सेवा देकर विद्यार्थियों को शिक्षित कर रहे हैं। ऐसे में अब दोबारा टीईटी परीक्षा अनिवार्य करना उचित नहीं है। शिक्षकों ने कहा कि लंबे समय तक सेवा देने के बाद पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता से असंतोष है।

## युवक ने लगाई फांसी



**तनोडिया।** स्थानीय पाटीदार मोहल्ले में रहने वाले संदीप पाटीदार पिता कमल पाटीदार उम्र 25 ने शनिवार की रात्रि में घर में ही फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त की। मोहल्ले में सूचना मिलते ही शोक छा गया। जानकारी मिलते ही घर का दरवाजा खोलकर देखा तब तक उसकी मौत हो गई थी। स्थानीय पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। जहां तत्काल आगर अस्पताल में पीएम के लिए भेजा गया। रविवार को सुबह उसकी अंतिम यात्रा निकालकर दाह संस्कार किया गया। चौकी प्रभारी कमलसिंह राठौड़ ने बताया कि जांच पड़ताल के बाद खुलासा होगा।

### विकासखंड स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह संपन्न

# बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत परिणाम देने वाले 160 से अधिक शिक्षक हुए सम्मानित

दैनिक अवन्तिका ▶▶ तराना




भारत रत्न, महान शिक्षाविद् एवं दार्शनिक, देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस शिक्षक दिवस पर पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विकासखंड स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का गरिमापूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ होने के पूर्व विद्यालय की छात्राओं ने शिक्षक दिवस के अवसर पर एक अनुकरणीय एवं भावनात्मक पहल करते हुए पी.एम. श्री विद्यालय के सभी शिक्षकों का सम्मान किया। छात्राओं ने अपने गुरुजनों को उपहार भेंट कर उनके प्रति श्रद्धा, सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की।

अपने विद्यार्थियों के हाथों सम्मानित होने का यह क्षण शिक्षकों के लिए अत्यंत भावुक एवं अविस्मरणीय रहा। इसके पश्चात विकासखंड स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी बी. एस तोमर के मार्गदर्शन में आयोजित समारोह में बोर्ड परीक्षा वर्ष 2026 में अपने-अपने विषयों में 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले विकासखंड तराना के 160 से अधिक शिक्षकों एवं प्राचार्यों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्राएं भी उपस्थित रहीं और उन्होंने अपने गुरुजनों के सम्मान के इस गौरवपूर्ण क्षण को उत्साह एवं गर्व के साथ देखा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद अनिल फिरोजिया थे। विशेष अतिथियों विधायक महेश परमार, जिला पंचायत सदस्य ओमप्रकाश राजोरिया, अजय वर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। समारोह के दौरान छात्र कैबिनेट के अध्यक्ष कु. दिव्यांशी कुमावत की मांग पर सांसद फिरोजिया ने पीएमश्री विद्यालय में आवश्यक कक्षों के निर्माण हेतु महत्वपूर्ण सहयोग एवं निर्माण कार्य कराने की घोषणा की। वहीं विधायक परमार ने विद्यालय की प्रार्थना सभा हेतु टीनशेड निर्माण के लिए 5 लाख रुपये तथा पेवर ब्लॉक निर्माण के लिए 5 लाख रुपये, कुल दस लाख रुपये की राशि प्रदान करने की घोषणा की। इन घोषणाओं से विद्यालय के अधोसंरचनात्मक विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। स्वागत भाषण पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संकुल प्राचार्य अशोक कुमार गहलोत ने दिया।

अतिथियों ने अपने उद्बोधन में शिक्षकों को समाज एवं राष्ट्र निर्माण का आधार स्तंभ बताते हुए कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम की शिक्षा ही नहीं देता, बल्कि उन्हें संस्कारित कर उनके व्यक्तित्व, और भविष्य का भी निर्माण करता है। बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत परिणाम देने वाले शिक्षकों का सम्मान उनके परिश्रम, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का सम्मान है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्राओं ने भी समारोह में सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन सुनील गाइड ने किया एवं आभार प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी बीएस तोमर ने व्यक्त किया।

**ब्यावरा**

समीपस्थ ग्राम चाठा के शासकीय हाईस्कूल में सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन का जन्मदिन' शिक्षक दिवस' के रूप में हर्षोल्लास से मनाया गया। माँ सरस्वती व डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात उपस्थित छात्र-छात्राओं ने संस्था में पदस्थ समस्त स्टाफ सदस्यों का कलम भेंटकर सम्मान किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था के प्राचार्य के.एल. जाटव ने सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए शिक्षक दिवस का महत्व बताया। कार्यक्रम में उपस्थित सेवानिवृत शाखा प्रबंधक राधेश्याम शर्मा ने संस्था के उत्कृष्ट बोर्ड परीक्षा परिणाम पर समस्त स्टाफ सदस्यों को अपनी और से उपहार भेंटकर सम्मानित किया. कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संजय सिंह यादव ने किया।

### सड़क बनी तालाब, पार्क भी डूबा

# अस्पताल रोड के जलभराव से राहत नहीं, निकासी व्यवस्था सवालों में

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर।



**मोटर से पानी निकला, बारिश ने फिर भर दिया**

नेहरू पार्क में सरकारी ओपन जिम और मॉर्निंग वॉक के लिए रोज बडी संख्या में लोग पहुंचते हैं, लेकिन पानी भरने के कारण लोगों को वापस लौटना पड रहा है। कुछ दिन पहले पार्क में पानी भरने की खबरें प्रकाशित होने के बाद मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने मोटर लगवाकर पानी खाली कराया था। पानी निकलने के बाद पार्क फिर उपयोग के लायक हुआ ही था कि तेज बारिश ने दोबारा उसे लबालब कर दिया।

लगातार हो रही बारिश ने शहर की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। बारिश के चलते नगर की कई सड़कें पानी में डूब गईं। अस्पताल रोड की स्थिति सबसे ज्यादा खराब रही, जहां सड़क पर पानी भरने से पैदल राहगीरों को उसमें से होकर निकलना पडा। अस्पताल रोड पर जलभराव की समस्या बनी हुई है। सड़क तो पक्की हो गई, लेकिन पानी निकासी के लिए अब तक कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं बन पाई। सडक का पानी सीधे नेहरू पार्क में पहुंच रहा है, जिससे पार्क भी जलभराव की चपेट में आ गया।

अस्पताल रोड के किनारे दुकानदारों का कहना है कि हर बारिश में सडक पर पानी जमा होने से दुकानदारी प्रभावित होती है और राहगीरों को भी परेशानी होती है। उनका कहना है कि सडक किनारे नाली बनाकर पानी की निकासी का स्थायी इंतजाम किया जाए, ताकि सडक और नेहरू पार्क दोनों को जलभराव से राहत मिल सके। अब सवाल यही है कि हर बारिश में सामने आने वाली इस समस्या का स्थायी समाधान नपा कब करेगी।

# शिक्षक दिवस पर काली पट्टी बांध-कर टीईटी परीक्षा का किया विरोध

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा।

संपूर्ण भारत वर्ष के 25 लाख शिक्षकों में टीईटी परीक्षा का आक्रोश है। 30-30 साल सेवा देने के बाद शिक्षकों की परिक्षा लेना न्याय संगत नहीं है सुप्रीम कोर्ट का आदेश हुआ है कि समस्त शिक्षक अपनी योग्यता पढ़ाने की नही रखता है उसे अब टीचर इलीजिबिटि टेस्ट देना होगा अन्यथा सेवा से बर्खास्त किया जाएगा।

ऐसे में सभी शिक्षक सदमे में हैं शिक्षकों का महत्वपूर्ण दिवस शिक्षक दिवस पर सभी शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर स्कूल कार्य करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि सरकार अन्य सरकारों की तरह अध्यादेश लाकर शिक्षकों के लाखों परिवारों को बर्बाद होने से बचाएं सभी शिक्षक साथियों के होम लोन, कार लोन, पर्सनल लोन बच्चों की फीस, शादियां करना बुजुर्ग माता पिता की देखभाल करना जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाना है अगर नौकरी पर खतरा होता है तो मरने के अलावा कोई रास्ता नहीं है।

**आखिर शिक्षक ही परीक्षा क्यों दे ?**

प्रदेश सभी विभाग में कार्यरत कर्मचारी, अधिकारी, विधायक, सांसद, मंत्री सभी की फिर से परीक्षा ली जाए एवं जिन शिक्षकों ने वर्षों से पढ़ाया है चुनाव करवाया है उनको भी पद से प्रथक किया जाए क्योंकि अयोग्य शिक्षकों ने जिनको पढ़ाया या चुनाव करवाकर उदासीन किया वह भी अयोग्य घोषित किए जाएं। शिक्षकों का यह कहना है कि मानवीय आधार पर यह काला एवं अपमानित करने वाला आदेश वापस लिया जाए जो सरकार जिस समय जो कानून लागू करती है वह सर्वोपरि होता है बाद में कोई कानून थोपना सिर्फ तानाशाही है।

# पुलिस ने लापता युवक को भोपाल से ढूँढकर परिजनों के सुपुर्द किया



**सुसनेर** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घर से बिना बताए चले गए 19 वर्षीय युवक को भोपाल से सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस के अनुसार कमल पिता प्रेम नारायण यादव उम्र 19 वर्ष निवासी जाख 8 जुलाई 2026 को घर से बिना बताए चला गया था। परिजनों की सूचना के बाद पुलिस ने युवक की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने तकनीकी जानकारी एवं अन्य माध्यमों की मदद से युवक को भोपाल से सकुशल बरामद किया। इसके बाद आवश्यक कार्रवाई पूर्ण कर युवक को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

# युवा शिक्षक सर्वेश घौंसले का तराना में हुआ सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ तनोडिया



विकास खंड स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह तराना में शनिवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर विकासखंड तराना के शत प्रतिशत परिणाम देने वाले तथा नवाचारों से शिक्षा में नए आयाम स्थापित करने वाले शिक्षकों का सम्मान किया गया। शासकीय माध्यमिक शाला लखमन खेड़ी पदस्थ शिक्षक सर्वेश घौंसले को उनके दीर्घकालीन, उत्कृष्ट एवं सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में लोकसभा उज्जैन के सांसद अनिल फिरोजिया, तराना विधायक महेश परमार, सहित जनप्रतिनिधि व विकास खंड शिक्षा अधिकारी तथा विकास खंड स्त्रोत समन्वयक बजरंग सिंह तोमर, पीएम श्री कन्या के प्राचार्य अशोक गहलोत तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी की उपस्थिति में उज्जैन जिले के शासकीय माध्यमिक विद्यालय लक्ष्मण खेडी में पदस्थ शिक्षक सर्वेश घौंसले का अंग वस्त्र तथा प्रमाण पत्र और पुष्प माला से स्वागत कर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर तनोडिया क्षेत्र के सभी इष्ट मित्रों ने उन्हें बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया।

# शिक्षक समाज के मार्गदर्शक, उनका सम्मान हमारी जिम्मेदारी -कुशवाह

दैनिक अवन्तिका ▶▶ जीरापुर






शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर को नगर परिषद कार्यालय जीरापुर में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर के सेवानिवृत्त शिक्षकों का पुष्पहार, शाल-श्रीफल एवं बैग भेंट कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ शिक्षक चुन्नीलाल कुशवाह एवं मांगीलाल अहिरवार, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, उपाध्यक्ष हेमंत जोशी सहित परिषद सदस्यों एवं अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इसके पश्चात मंचासीन वरिष्ठ शिक्षकों रामचंद्र वर्मा, भैरवलाल गुप्ता, चुन्नीलाल कुशवाह, रामकृष्ण गुप्ता, मांगीलाल अहिरवार, दिनेशचंद्र नागर, प्रभुलाल व्यास, मोहनलाल वर्मा, बी.एम. गुप्ता, अली हुसैन सहित उपस्थित अन्य सेवानिवृत्त शिक्षकों का अतिथियों एवं नगर परिषद सदस्यों द्वारा पुष्पहार पहनाकर तथा शाल-श्रीफल एवं बैग भेंट कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ईश्वर सिंह तोमर ने कहा कि शिक्षक केवल किताबी ज्ञान देने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि विद्यार्थी के जीवन को सही दिशा देने वाला मार्गदर्शक होता है। शिक्षक अपने ज्ञान, संस्कार और अनुभव से समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक का योगदान कभी सेवानिवृत्त नहीं होता, उनके द्वारा दिए गए संस्कार और ज्ञान सदैव समाज में जीवित रहते हैं। इसलिए शिक्षकों का सम्मान करना हम सभी का दायित्व है।

अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह ने शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षकों का सम्मान हमारी संस्कृति और संस्कारों की पहचान है। शिक्षक ही भावी पीढ़ी को ज्ञान, संस्कार और सही दिशा प्रदान कर समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

इसी प्रकार एडवांस किड्स एकेडमी जीरापुर में प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार संचालक गिरिराज गुप्ता के नेतृत्व में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के करीब 80 पेंशनर शिक्षकों सहित आगर जिले के सुसनेर क्षेत्र से आए पेंशनर शिक्षक भी शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर एवं नगर परिषद जीरापुर अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा उपस्थित रहे। वहीं पेंशनर शिक्षकगण विशेष अतिथि के रूप में समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ईश्वर सिंह तोमर ने शिक्षक के जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल किताबी ज्ञान देने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि विद्यार्थी के जीवन को सही दिशा देने वाला मार्गदर्शक होता है। समाज और राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए उनका सम्मान करना हम सभी का दायित्व है।

इसी प्रकार शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जीरापुर में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती ज्योत्सना हजारीलाल दांगी रहीं। शुभारंभ मां सरस्वती एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुआ। विद्यालय प्राचार्य देवेंद्र शर्मा ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षक दिवस के महत्व एवं डॉ. राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर कक्षा 10वीं एवं 12वीं की टॉपर छात्राओं, 15 अगस्त की परेड में शामिल रेडक्रॉस दल एवं कलर पार्टी, मटकी फोड़ प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं तथा शिक्षक की भूमिका निभाकर अध्यापन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। छात्राओं ने शिक्षकों को रुमाल एवं पेन भेंट कर सम्मान व्यक्त किया।




## जाहरवीर गोगादेव जी का भव्य चल समारोह

**महिदपुर।** जाहरवीर गोगादेव जी की नवमी के पावन अवसर पर वाल्मीकि समाज द्वारा महिदपुर में भव्य निशान-छड़ी पूजन एवं चल समारोह निकाला गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तजन शामिल हुए। क्षेत्र के विधायक श्री दिनेश जैन ह्यबोसह्न ने जाहरवीर गोगादेव जी की छड़ियों का पुष्पमाला से स्वागत कर धर्मलाभ प्राप्त किया तथा समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान किया। उन्होंने श्रद्धालुओं से भेंट कर शुभकामनाएं दीं। चल समारोह का विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, हिंदू उत्सव समिति सहित विभिन्न समितियों एवं समाजजनों द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस-भाजपा के नेता, पार्षदगण सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। अंत में श्री गोगादेव भक्त मंडल एवं श्री वाल्मीकि समाज नवयुग मंडल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## नेत्र शिविर में 150 मरीजों ने जांच करवाई



**बडौद।** जैन सोशल ग्रुप बडौद एवं मुरलीधर कृपा हॉस्पिटल मक्सी के तत्वधान में रविवार को श्री महावीर जैन विद्या मंदिर में नेत्र शिविर आयोजित किया गया जिसमें 150 मरीजों ने नेत्र परीक्षण करवाया जिसमें 25 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयनित कर आपरेशन के लिए मक्सी ले जाया गया! शिविर में डॉ विजय पटेल , प्रदीप भावसार , योगेश विश्वकर्मा, शकील खा आदि ने अपनी सेवाएं दी, शिविर में ग्रुप अध्यक्ष पंकज पिछोलिया, हमेंद्र तरवेचा,प्रकाश चोरड़िया, दिलीप तलेरा, कालूराम नरवाया सहित ग्रुप के सभी सदस्य उपस्थित थे!

## शिक्षक दिवस पर 60 से अधिक शिक्षकों की नि:शुल्क सीबीसी व शुगर जांच



**खाचरौद।** शिक्षक दिवस के अवसर पर स्वास्तिक पैथोलॉजी लैब, खाचरौद द्वारा खाचरौद ब्लॉक के शासकीय एवं निजी विद्यालयों के शिक्षकों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 60 से अधिक शिक्षकों की उइउ एवं ब्लड शुगर की जांच नि:शुल्क की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीआरसी श्री पुष्पराज तिवारी, कन्या शाला प्राचार्य श्री विक्रम मकवाना, जन शिक्षा अधिकारी श्री संतोष शर्मा, श्री आशीष जोशी, शिक्षक श्री नवीन नामदेव, श्री अमर सिंह सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति में हुआ। अतिथियों ने मां सरस्वती का पूजन-अर्चन एवं माल्यार्पण किया। इसके बाद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित करते हुए शिविर का शुभारंभ किया गया। पूर्व शिक्षक एवं पत्रकार श्री चंद्रभान सिंह देवड़ा भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। शिविर में खाचरौद ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों से शिक्षक बारी-बारी से पहुंचे और रक्त के नमूने दिए। सभी शिक्षकों की उइउ एवं ब्लड शुगर की जांच की गई।

## वाल्मीकि समाज का चल समारोह निकला नपाध्यक्ष पालीवाल ने की गोगा देवजी की छड की पूजा

**सारंगपुर।** गोगा नवमी के अवसर पर वाल्मीकि समाज द्वारा शनिवार को नगर में श्रद्धा और उत्साह के साथ भव्य चल समारोह निकाला गया। गांधी चौक से शुरू हुआ चल समारोह भेरू दरवाजा, नजीमाबाद सहित नगर के विभिन्ना प्रमुख मार्गों से होकर निकला। इसमें वाल्मीकि समाज के बडी संख्या में समाजजन शामिल हुए। गोगा देवजी की छड को आकर्षक रूप से सजाया गया था, जिसके दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए लोगों में विशेष उत्साह नजर आया। चल समारोह के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल सहित नगर के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्ना सामाजिक संगठनों से जुडे लोग भी शामिल हुए। पालीवाल ने गोगा देवजी की छड की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया और समाजजनों को गोगा नवमी की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान समाज के लोगों ने पारंपरिक श्रद्धा के साथ गोगा देवजी का स्मरण किया। चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से निकला तो जगह-जगह लोगों ने इसका स्वागत किया।

## विद्युत की आंख मिचौली से क्षेत्र की जनता त्रस्त

**चंदेसरा।** वर्षाकाल के प्रारंभ से ही क्षेत्र में मध्य प्रदेश विद्युत मंडल द्वारा अघोषित विद्युत कटौती का कार्य प्रतिदिन एवं रात्रिकालीन के समय में चलाया जा रहा है। इसके चलते मध्य प्रदेश विद्युत मंडलों द्वारा बिलों में भी राशि बढ़ा कर दी जा रही है। मध्य प्रदेश विद्युत मंडल द्वारा दिन एवं रात्रि कालीन समय में प्रतिदिन विद्युत कटौती की जा रही है जिससे क्षेत्र में अंधेरे के चलते विशाल जानवरों के काटने की घटना हो रही है। निजी अस्पतालों में रोजाना सर्प दंश के मरीज आ रहे हैं। इसी प्रकार अपर्याप्त वर्षा के चलते गंदगी एवं वर्षाजनित मच्छरों के कारण रात्रि में रहना भी मुश्किल हो रहा है। भगवान श्री कृष्ण के जन्माष्टमी के अवसर पर रात्रि 9:40 से 12.00 बजे तक अघोषित विद्युत कटौती की गई। इस प्रकार मध्य प्रदेश विद्युत मंडल द्वारा धार्मिक त्योहारों का भी ध्यान नहीं रखा जाता है एवं शासन प्रशासन भी वर्षाकाल प्रारंभ होने से हो रही उपरोक्त अव्यवस्था को अनदेखा कर रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में वार्षिक एवं धार्मिक त्योहार को अंधेरे के कारण बिगाड़ रहे हैं वही जनमानस को नारकीय जीवन जीने को मजबूर होना पड़ता है।

## सरस्वती शिशु मंदिर में शिक्षक दिवस पर हुआ सम्मान समारोह, गुरु महिमा का किया बखान

**सुसनेर।** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जगदीश जादमे ने डॉ. राधाकृष्णन के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु के बिना जीवन दिशाहीन और अधूरा रहता है। गुरु ही अपने शिष्यों को सही दिशा प्रदान कर उन्हें जीवन की मंजिल तक पहुंचाते हैं।

## गूगल को-फाउंडर का यॉट नौसेना के जहाज जितना बड़ा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

गूगल के को-फाउंडर सर्गेई ब्रिन का लगभग 4,250 करोड़ रुपए का आलीशान सुपरयॉट 'ड्रैगनफ्लाई' इन दिनों अपनी विशाल बनावट और फ्यूलिंग के तरीके को लेकर चर्चा में है। 466 फीट लंबा यह यॉट आम प्राइवेट यॉट मरीना के हिसाब से बहुत बड़ा है। इसी वजह से इसे ईंधन भरवाने के लिए स्पेनिश नेवी के क्रूज बर्थ का इस्तेमाल करना पड़ा।

पानी के जहाजों, बोट्स और यॉट को खड़ा करने, साफ-सफाई करने और उनमें ईंधन भरने के लिए समुद्र के किनारे बनाई गई खास जगह को 'मरीना' कहा जाता है। ड्रैगनफ्लाई के विशाल आकार का अंदाजा इसके ईंधन की जरूरत से लगाया जा सकता है। यदि इसे 11.6 लाख लीटर की क्षमता से फुल रीफिल किया जाए, तो इसका बिल ?13.04 करोड़ से ?13.61 करोड़ तक पहुंच जाता है। पाइपलाइन से ईंधन भरने में लगभग 12.5 घंटे लगते हैं।

यदि इतने बड़े यॉट को सड़क मार्ग से आने वाले सामान्य डीजल टैंकरों से भरा जाए, तो 11.6 लाख लीटर ईंधन की आपूर्ति के लिए लगभग 60 टैंकर ट्रकों की जरूरत पड़ेगी। ट्रकों के जरिए ईंधन भरने में कम से कम दो दिन का समय लग सकता है। इसी वजह से जिब्राल्टर जैसे औद्योगिक स्तर के फ्यूलिंग हब का इस्तेमाल किया जाता है, जहां 3,200 मीट्रिक टन और 13,350 मीट्रिक टन क्षमता के बड़े-बड़े डीजल स्टोरेज टैंक मौजूद हैं।

# दुनियाभर में खाने-पीने की चीजें महंगी, शक्कर 11.9% और अनाज के दाम 2.2% बढ़े, युद्ध और खराब मौसम से बिगड़े हालात

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दुनियाभर में खाने-पीने की चीजों के दाम अगस्त में बढ़कर 2022 के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गए हैं। पिछले महीने शक्कर के दाम 11.9% और अनाज के दामों में 2.2% की बढ़ोतरी हुई है। संयुक्त राष्ट्र की संस्था के मुताबिक, यूरोप में भीषण गर्मी-सूखे और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण बाजार में अनाज की सप्लाई घटने का डर है। अगस्त में ग्लोबल फूड प्राइस इंडेक्स बढ़कर 133.3 अंक पर आ गया, जो जुलाई में 130.8 अंक था।

हालांकि, यह मार्च 2022 के ऑल-टाइम रिकॉर्ड स्तर से अभी भी 17% कम है। यूरोप में पड़ रही अत्यधिक गर्मी और सूखे की वजह से मक्का और शुगर बीट की फसलों के साथ-साथ पशुधन के उत्पादन पर भी बुरा असर पड़ा है। इसके अलावा, अलनीनो मौसम चक्र के खतरे ने एशिया में पाम ऑयल और शक्कर के उत्पादन को लेकर चिंता बढ़ा दी है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सिर्फ मौसम ही नहीं, बल्कि यूक्रेन-रूस युद्ध और



अमेरिका-ईरान संघर्ष की वजह से पैदा हुए व्यापारिक व्यवधान ने भी कृषि बाजारों को प्रभावित किया है। इससे अनाजों के दाम 3 साल के उच्चतम स्तर पर और शक्कर की कीमतें एक साल के पीक पर पहुंच गई हैं। ब्लैक सी क्षेत्र में हमलों के बढ़ने से रूस और यूक्रेन से होने वाला अनाज का शिपमेंट प्रभावित हुआ है। दोनों देशों के बीच पिछले साढ़े 4 सालों से संघर्ष जारी है। दूसरी ओर, अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव के कारण फसलों के लिए जरूरी फर्टिलाइजर की सप्लाई चेन पर बुरा असर पड़ रहा है,

### अनाज उत्पादन में 34 लाख टन की कटौती का अनुमान

एक अलग रिपोर्ट में एजेंसी ने वर्ष 2026 के लिए वैश्विक अनाज उत्पादन के अनुमान को जुलाई के मुकाबले 34 लाख मीट्रिक टन घटाकर 2.980 अरब टन कर दिया है। यह आंकड़ा 2025 के मुकाबले 2.0 प्रतिशत कम है, जो 2018 के बाद से सबसे बड़ी वार्षिक गिरावट है। हालांकि, इस कटौती के बावजूद यह अनुमानित उत्पादन इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा रिकॉर्ड उत्पादन होगा। वित्तवर्ष 2026-27 के अंत में दुनिया भर में अनाज के वैश्विक भंडार का अनुमान भी 1.1 प्रतिशत घटाकर 947.2 लाख टन कर दिया गया है।

### एक हफ्ते में सोना 4694 और चांदी 8436 सस्ती

सोने-चांदी के दाम में इस हफ्ते गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 4,694 रुपए गिरकर 1.55 लाख रुपए हो गया है।

इससे पहले ये बीते हफ्ते यानी 28 अगस्त को करीब 1.60 लाख रुपए पर था। वहीं चांदी 2.44 लाख रुपए किलो से घटकर 2.35 लाख रुपए पर पहुंच गई है, इसकी कीमत 8,436 रुपए बढ़ी है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 22 हजार रुपए महंगा हो चुका है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.55 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.35 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था।

# 35 रुपए किलो प्याज बेचने के बाद भी कीमतें बढ़ी

## देशभर में औसत भाव 50.79 पहुंचा; दिल्ली में 65 और चेन्नई में 63 बिका

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार के बफर स्टॉक से सस्ती दर पर प्याज बेचने के बावजूद कीमतें नहीं घटी है। सरकार 28 अगस्त से 17 शहरों में 35 प्रति किलो के भाव पर प्याज बेच रही है। इसके बावजूद पूरे देश में प्याज का औसत खुदरा भाव 48.5 प्रति किलो से बढ़कर 50.79 प्रति किलो पहुंच गया है।

उपभोक्ता मामलों के विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, इस योजना के पहले 10 दिनों में लगभग 4,000 टन बफर प्याज की बिक्री की जा चुकी है। इसके बावजूद महानगरों में प्याज के दाम ऊंचे बने हुए हैं। 5 सितंबर को देश के प्रमुख शहरों में प्याज की कीमतों में बड़ा अंतर




देखा गया। दिल्ली में प्याज 65 प्रति किलो, मुंबई में 53 प्रति किलो, चेन्नई में 63 प्रति किलो और रांची में 40 प्रति किलो के भाव पर बिका। वहीं, देश भर में प्याज का औसत थोक भाव 42.79 प्रति किलो दर्ज किया गया। सरकार साल 2026 के लिए बनाए गए अपने 1.21 लाख टन के बफर स्टॉक में से प्याज जारी कर रही है। यह काम नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन और नैफेड के जरिए हो रहा है। उत्पादक राज्यों से प्याज को ट्रकों और रेलवे की विशेष मालगाड़ी 'कांदा एक्सप्रेस' के जरिए उन शहरों में भेजा जा रहा है जहां कीमतें ज्यादा बढ़ रही हैं। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने बताया कि दिल्ली और चेन्नई के लिए भारी मात्रा में प्याज भेजा जा चुका है।

### अफसरों का दावा- बफर सेल से कीमतों में 2 से 3 रुपए की कमी आई

निधि खरे के मुताबिक, बफर स्टॉक जारी होने से स्थानीय स्तर पर कीमतों में हल्की नरमी आई है। उन्होंने कहा कि सरकारी बफर का प्याज साइज और क्वालिटी में निजी व्यापारियों के प्याज के बराबर ही है। वहीं, अनिस जोसेफ चंद्रा ने कहा कि उनकी एजेंसी ने अब तक अलग-अलग शहरों में 1,500 टन बफर प्याज बेच दिया है। उनका फोकस रिटेल स्तर पर 35 प्रति किलो के भाव पर सीधे उपभोक्ताओं तक प्याज पहुंचाने पर है।

# फॉक्सवैगन में 50,000 कर्मचारियों की छंटनी होगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

यूरोप की सबसे बड़ी कार कंपनी फॉक्सवैगन ने अपने खर्च घटाने और बिजनेस सुधारने के नए प्लान को मंजूरी दे दी है।

इसके तहत दुनिया भर में 50,000 और कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जाएगा। यह कटौती पहले से निकाली जा रही 50,000 नौकरियों के अलावा होगी।

इस बड़े ऐलान के बाद फ्रैंकफर्ट शेयर बाजार में फॉक्सवैगन के शेयर्स में 7.9% की जोरदार तेजी दर्ज की गई, जिससे निवेशकों को संभावित अभूतपूर्व संकट से राहत मिलती दिखी। इस समझौते से फॉक्सवैगन मैनेजमेंट का अपनी कर्मचारी यूनियनों और दूसरे सबसे बड़े शेयरधारक 'लोअर सेक्सनी' राज्य सरकार के साथ होने वाला बड़ा विवाद टल गया है।

इससे पहले विरोध के बावजूद मैनेजमेंट जबरदस्ती इस प्लान को लागू करने के लिए इमरजेंसी मीटिंग बुलाने की तैयारी में था। नए फैसले से फॉक्सवैगन का कामकाज आसान हो जाएगा और बड़े फैसलों में बोर्ड का दखल कम होगा, जहां फिलहाल यूनियनों और सरकार का दबदबा था। इसके अलावा, पैसेंजर कार और पार्ट्स बिजनेस को अलग कंपनी बनाने का पुराना प्लान भी अब रद्द कर दिया गया है।

# Sport

## विमेंस टी-20- शेफाली 3 हजार रन बनाने वाली यंगेस्ट खिलाड़ी; हरमनप्रीत ने बतौर कप्तान 150वां मैच खेला

# पाकिस्तान ने अपना सबसे छोटा स्कोर बनाया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने विमेंस एशिया कप में पाकिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया। दुबई में पाकिस्तान की टीम सिर्फ 55 रन पर ऑलआउट हो गई, जो महिला टी-20 इंटरनेशनल में उसका सबसे छोटा स्कोर है।

भारतीय ओपनर शेफाली वर्मा सबसे कम उम्र में 3 हजार टी-20 रन बनाने वाली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। वहीं, हरमनप्रीत कौर 150 टी-20 मैच में कप्तानी करने वाली दुनिया की पहली महिला क्रिकेटर बन गईं। पाकिस्तान ने विमेंस टी-20 इंटरनेशनल का अपना सबसे लोएस्ट स्कोर बनाया। वह शनिवार को सिर्फ 55 रन पर ऑलआउट हो गई। इससे पहले टीम 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 56 रन ही बना पाई थी। शेफाली वर्मा ने 22 साल 220 दिन की उम्र में 3 हजार टी-20 इंटरनेशनल रन पूरे किए। उन्होंने आयरलैंड की गैबी लुईस का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 24 साल



347 दिन की उम्र में यह मुकाम हासिल किया था। शेफाली ने पारी की पहली गेंद पर छक्का लगाया। उन्होंने दूसरी बार यह कारनामा किया, जो विमेंस टी-20 में सबसे ज्यादा बार का रिकॉर्ड है। इससे पहले उन्होंने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में भी ऐसा किया था। दोनों ही मौकों पर शेफाली के सामने पाकिस्तान की गेंदबाज सादिया इकबाल थी। हरमनप्रीत ने बतौर कप्तान अपना 150वां मैच खेला। वे यह उपलब्धि हासिल करने वाली मेंस और विमेंस टी-20 इंटरनेशनल की पहली खिलाड़ी बन गईं। दूसरे नंबर पर 121 मैच के साथ श्रीलंका की चमारी अटापट्टू हैं।

### भारत आने वाली ब्राजील टीम का ऐलान 9 को

ब्राजील की मेंस फुटबॉल टीम के कोच कार्लो एंसेलोटी 9 सितंबर को भारत के खिलाफ होने वाले सीबीएफ इंटरनेशनल फ्रेंडली मैच के लिए 26 सदस्यीय टीम का ऐलान करेंगे। ब्राजीलियन फुटबॉल कॉन्फेडरेशन ने 2 सितंबर को इसकी जानकारी दी। भारत और ब्राजील के बीच मैच 3 अक्टूबर को कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत 31 अगस्त को अपनी टीम घोषित कर चुका है, लेकिन ब्राजील के भारत आने वाले खिलाड़ियों के नाम अभी सामने नहीं आए हैं। सीबीएफ के मुताबिक, एंसेलोटी 9 सितंबर को ब्रासीलिया समयानुसार दोपहर 3 बजे 26 खिलाड़ियों के नाम घोषित करेंगे। यही टीम सितंबर और अक्टूबर में होने वाले ब्राजील के तीन इंटरनेशनल फ्रेंडली मैचों में खेलेगी। ब्राजील 25 सितंबर और 29 सितंबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले खेलेगा। इसके बाद 3 अक्टूबर को भारत से भिड़ेगा।

### रुमेश पाथिरागे ने जीता डायमंड लीग फाइनल

**कोलंबो।** श्रीलंका के जेवलिन थ्रोअर रुमेश थारंगा पाथिरागे ने डायमंड लीग फाइनल का खिताब जीत लिया। उन्होंने अपने तीसरे प्रयास में 89.04 मीटर का थ्रो किया और लीग में पहला स्थान हासिल किया। इसके साथ ही रुमेश डायमंड लीग फाइनल जीतने वाले श्रीलंका के पहले एथलीट बन गए। खराब और ठंडे मौसम के बावजूद उन्होंने यह शानदार प्रदर्शन किया। रुमेश की शुरूआत अच्छी नहीं रही। उन्होंने पहले प्रयास में 80.42 मीटर और दूसरे प्रयास में 79.73 मीटर का थ्रो किया। इसके बाद त्रिनिदाद एंड टोबैगो के पूर्व ओलिंपिक चैंपियन केशॉर्न वालकोट ने 83.99 मीटर के थ्रो के साथ बढ़त बना ली।

### नैनो न्यूज

- **भारत ने पाकिस्तान को हराया** – महिला एशिया कप में भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया। पाकिस्तान सिर्फ 55 रन पर सिमटा।
- **भारत सेमीफाइनल में पहुंचा** – पाकिस्तान पर जीत के साथ भारतीय महिला टीम ने एशिया कप के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली।
- **श्री चरानी की शानदार गेंदबाजी** – श्री चरानी ने पाकिस्तान के खिलाफ 7 रन देकर 3 विकेट लिए और भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई।
- **हरमनप्रीत का 150वां कप्तानी मैच** – हरमनप्रीत कौर ने 150 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में कप्तानी करने वाली पहली खिलाड़ी बनने का रिकॉर्ड बनाया।
- **शमी का 100वां फर्स्ट-क्लास मैच** – मोहम्मद शमी आज दलीप ट्रॉफी फाइनल में अपना 100वां फर्स्ट-क्लास मैच खेल रहे हैं। उनके नाम 382 विकेट हैं।
- **शमी की वापसी पर चर्चा** – पूर्व भारतीय गेंदबाजी कोच भरत अरुण ने कहा कि चयनकर्ताओं को शमी के लिए राष्ट्रीय टीम का दरवाजा बंद नहीं करना चाहिए।
- **सात्विक-चिराग फाइनल में** – सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी चाइना मास्टर्स के फाइनल में पहुंचे, जहां वे खिताब के लिए उतरेंगे।
- **डायमंड लीग में बड़ा उलटफेर** – रुमेश पाथिरागे ने 89.04 मीटर के थ्रो के साथ डायमंड लीग फाइनल जीता।

# हॉकी एशिया कप- भारतीय मेंस टीम ने ड्रॉ खेला

## जापान के खिलाफ आखिरी 59 सेकंड में अनमोल ने गोल किया; महिला टीम जीती

एजेंसी ▸▸ बीजिंग

चीन में चल रहे जूनियर हॉकी एशिया कप में रविवार को भारत और जापान का मैच 3-3 की बराबरी पर समाप्त हुआ। वहीं, एक अन्य मुकाबले में भारतीय महिला टीम ने मलेशिया को 11-1 से हराया।

पुरुषों के मैच में भारत ने पिछड़ने के बाद आखिरी मिनट में गोलकर बराबरी की। कप्तान अनमोल एका ने भारत को हार से बचाया। उन्होंने चौथे मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल किया। भारत ने अपने पहले पूल मैच में इंडोनेशिया को 14-0 से हराया था। भारत ने मैच के चौथे मिनट में बढ़त बनाई। फाउल के बाद मिले पेनल्टी स्ट्रोक पर कप्तान अनमोल गोल कर स्कोर 1-0 कर दिया। भारत ने 10वें मिनट में अपनी बढ़त दोगुनी की। पेनल्टी कॉर्नर पर आशु मौर्य ने गोल कर भारत को 2-0 से आगे कर दिया।

जापान ने इसके तुरंत बाद 11वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। यूंशिन सासाकी ने इस मौके को गोल में बदलकर स्कोर 2-1 कर दिया। दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने लगातार हमले किए। भारत अपनी बढ़त बढ़ाना चाहता था, जबकि जापान बराबरी के गोल की तलाश में था। किसी भी टीम को निर्णायक मौका नहीं मिला और हाफ टाइम तक भारत 2-1 से आगे रहा।

तीसरे क्वार्टर में भी दोनों टीमों ने नियंत्रण के लिए कड़ी कोशिश की। जापान ने कुछ अच्छे मौके बनाए और एक पेनल्टी कॉर्नर भी हासिल किया, लेकिन उसे गोल में नहीं बदल सका। भारत के डिफेंस ने अपनी मामूली बढ़त बचाए रखी। चौथे क्वार्टर में जापान ने बराबरी के लिए दबाव बढ़ाया।



उसे पेनल्टी कॉर्नर मिला। दोबारा दिए गए पेनल्टी कॉर्नर पर जापान के कप्तान काजुकी नाकानिशी ने 48वें मिनट में गोल कर स्कोर 2-2 कर दिया। मैच के आखिरी पांच मिनट में जापान को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला। इस बार जापान का फ्लिक गोल से बाहर चला गया।

**दुकान बेचना है**
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**जमीन बेचना है**
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715,
9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10। लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

## न्यूज कॉलम

### 500 में खरीदा...10 हजार में बेचा जा रहा कछुआ

**इंदौर।** चंबल और बालाघाट की वेनगंगा नदी से निकलने वाले कछुए अब तस्करों के लिए कमाई का जरिया बन गए हैं। स्थानीय स्तर पर 500 से 900 रुपए में खरीदे जाने वाले कछुओं को इंदौर समेत मध्य प्रदेश के बड़े शहरों के अलावा राजस्थान, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश तक भेजा जाता है। प्रजाति और ग्राहक की मांग के आधार पर इनकी कीमत 3 हजार से 10 हजार रुपए तक वसूली जाती है। वन विभाग की स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स (एसटीएसएफ) की जांच में तस्करी के नेटवर्क से जुड़े कई अहम तथ्य सामने आए हैं। गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ में पता चला कि गिरोह पहले कछुओं को स्थानीय लोगों से खरीदता था। इसके बाद उन्हें कुछ दिनों तक सुरक्षित रखकर खरीदार तलाशे जाते थे।


### घर बना था अवैध गैस सिलेंडरों का स्टॉक सेंटर

**इंदौर।** गांधीनगर क्षेत्र में खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक घर से 80 से अधिक घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि घर से अवैध तरीके से घरेलू गैस सिलेंडरों की बिक्री की जा रही थी। बड़ी संख्या में सिलेंडर एक ही स्थान पर रखे होने से इलाके में गंभीर हादसे का खतरा बना हुआ था। कार्रवाई कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम ने की। टीम को सूचना मिली थी कि गांधीनगर क्षेत्र के एक मकान में बड़ी संख्या में घरेलू गैस सिलेंडर अवैध रूप से रखे गए हैं। सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। यहां 80 से ज्यादा घरेलू गैस सिलेंडर मिले।

### इंदौर में गलत बाइक ले जाने पर अकाउंटेंट को पीटा

**इंदौर।** इंदौर के राजेंद्र नगर इलाके में शराब दुकान के बाहर गलत बाइक लेकर निकलना एक अकाउंटेंट को भारी पड़ गया। तीन युवकों ने उस पर बाइक चोरी का आरोप लगाकर मारपीट की और उसे चंदन नगर इलाके में ले गए। यहां आरोपियों ने उसकी सोने की बालियां उतरवा लीं, मोबाइल और सिम छीन लिया। इसके बाद उसकी मां को फोन कराकर खाते में 2500 रुपए मंगवाए। आरोपी उसकी बाइक भी लेकर चले गए। पीड़ित ने राजेंद्र नगर थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी है। तीन दिन बाद भी पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की है। राजेंद्र नगर पुलिस के पास सबग नगर निवासी लकरित शर्मा पहुंचा था।

### खाली मैदान पर खड़ी कर दी अवैध कॉलोनी



**5 हजार स्क्वेयर फीट में बन रहे 4 भवन ध्वस्त; निगम ने की कार्रवाई**

**इंदौर।** इंदौर शहर में अवैध कॉलोनी विकास और नियमों के विपरीत हो रहे निर्माणों के खिलाफ नगर निगम ने सोमवार को कार्रवाई की। जोन क्रमांक 21 के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 79 स्थित अहीरखेड़ी में निर्माणाधीन अवैध कॉलोनी पर निगम की रिमूवल टीम ने बुलडोजर चलाया। यहां करीब 5 हजार स्क्वेयर फीट में बनाए जा रहे चार अलग-अलग भवनों को जेसीबी (खउइ) और पोकलेन मशीनों की मदद से पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। कॉलोनी सेल की सहायक यंत्री टीना सिसोदिया और भवन अधिकारी प्रभात तिवारी के अनुसार, अहीरखेड़ी क्षेत्र के एक खाली मैदान में अवैध तरीके से कॉलोनी विकसित करने की नीयत से निर्माण कार्य कराया जा रहा था। मौके पर बिना किसी वैधानिक अनुमति के चार अलग-अलग भवनों का निर्माण चल रहा था। नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर कॉलोनी सेल और भवन विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर रिमूवल कार्रवाई की।

## नैनो न्यूज

- **इंदौर में मेट्रो विस्तार शुरू** – 17 किमी लंबे नए रूट के शुरू होने से शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों की कनेक्टिविटी बेहतर होने की उम्मीद है।
- **इंदौर में रोजगार मेले का आयोजन** – 7 सितंबर को रोजगार मेले में 8वीं से लेकर उच्च शिक्षित युवाओं के लिए विभिन्न कंपनियां भर्ती करेंगी।
- **सोना-चांदी के भाव में गिरावट** – सोमवार को इंदौर समेत मध्यप्रदेश के प्रमुख शहरों में सोने-चांदी के दामों में गिरावट दर्ज की गई।
- **शेयर बाजार दबाव में** – 7 सितंबर को सेंसेक्स करीब 200 अंक नीचे और निफ्टी 23,900 के नीचे कारोबार करता दिखा; आईटी शेयरों में कमजोरी रही।
- **इंदौर में शराब कारोबार पर कार्रवाई** – आबकारी विभाग ने दो दिनों में 1 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध शराब जब्त की और सप्लाई नेटवर्क की जांच शुरू की।
- **सोना-चांदी के भाव गिरे**-इंदौर सहित प्रदेश के बाजारों में सोमवार को सोने-चांदी की कीमतों में नरमी दर्ज हुई।
- **तेल महंगा होने की आशंका**- अक्टूबर के उत्पादन लक्ष्य में बदलाव नहीं किया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत बढ़कर 100 डॉलर के करीब पहुंची।
- **इंदौर में अवैध शराब जब्त**- आबकारी विभाग ने दो दिन में एक करोड़ रुपये से अधिक की अवैध शराब पकड़ी। गुजरात कनेक्शन की भी जांच चल रही है।

**शहर में मेट्रो कारोबार बढ़ाएगी**- 17 किलोमीटर लंबे मेट्रो रूट के संचालन से प्रमुख बाजारों और व्यावसायिक क्षेत्रों की कनेक्टिविटी बेहतर होने की उम्मीद है।

तीनों सेनाओं के जवानों को लाभ, डीएवीवी कार्यपरिषद की बैठक में फैसला

# रिटायरमेंट के बाद अग्निवीरों की ट्यूशन फीस होगी माफ

### एसएम दासगुप्ता के नाम पर होगा कक्ष और ऑडिटोरियम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की बैठक में अग्निवीरों और सैन्यकर्मियों के लिए बड़ा फैसला लिया गया है। अब रिटायरमेंट के बाद यदि कोई अग्निवीर विश्वविद्यालय के किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेता है, तो उसकी ट्यूशन फीस विश्वविद्यालय द्वारा माफ की जाएगी। यह सुविधा सेना के तीनों अंगों से जुड़े जवानों के लिए उच्च शिक्षा के अवसर बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

कार्यपरिषद की बैठक में विश्वविद्यालय से जुड़े कई अन्य महत्वपूर्ण प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई। इनमें परफॉर्मिंग आर्ट्स का नया विभाग शुरू करना, पूर्व कुलपति की स्मृति में कक्ष/ऑडिटोरियम के नवीनीकरण को मंजूरी देना और गंभीर बीमारी या दिव्यांगता की स्थिति में छात्रों को मिलने वाली आर्थिक सहायता की व्यवस्था की समीक्षा के लिए नई समिति गठित करना शामिल है।

कुलपति राकेश सिंघई ने बताया कि विश्वविद्यालय में परफॉर्मिंग आर्ट्स का नया विभाग स्थापित किया गया है। इसके भवन के निर्माण के लिए लॉर्ड ऑफ जैन पतालिया ट्रस्ट की ओर से करीब डेढ़ करोड़ रुपए का दान दिया गया है। इस राशि से भवन के एक हिस्से का निर्माण किया जाएगा। विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एस.एम. दासगुप्ता की स्मृति में भी पहल की गई है। आईईटी के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के कुछ बैच के छात्रों ने वहां स्थित कक्ष/ऑडिटोरियम के नवीनीकरण का प्रस्ताव रखा था। छात्रों की इच्छा के अनुसार इसे एस.एम. दासगुप्ता के नाम पर रखने के प्रस्ताव को कार्यपरिषद ने मंजूरी दे दी।

### गंभीर बीमारी और दिव्यांगता सहायता योजना की होगी समीक्षा

छात्रों को गंभीर बीमारी और दिव्यांगता की स्थिति में आर्थिक सहायता देने की विश्वविद्यालय की पुरानी व्यवस्था की भी समीक्षा की जाएगी। इसके लिए नई समिति का गठन किया जाएगा। समिति मौजूदा नियमों की समीक्षा कर जरूरत के अनुसार आर्थिक सहायता की राशि बढ़ाने पर विचार करेगी। इसके अलावा, संभव होने पर बीमा से जुड़ी सहायता को भी योजना में शामिल करने का प्रयास किया जाएगा।

### एसी सदस्यों ने मानदेय छात्र सहायता समिति को किया दान

बैठक में एक और उल्लेखनीय पहल सामने आई। विश्वविद्यालय के *एसी सदस्यों ने आज मिलने वाला अपना मानदेय छात्र विकलांगता/सहायता समिति को दान करने का निर्णय लिया। इसके तहत आज का मानदेय छात्र सहायता समिति को दान कर दिया गया।

इंदौर में उपचुनाव से पहले बड़ा उलटफेर:वार्ड 58-60 का चुनाव स्थगित,

# वोटर लिस्ट विवाद पहुंचा चुनाव आयोग तक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर में नगर निगम के वार्ड 58 और 60 के उपचुनाव फिलहाल स्थगित कर दिए गए हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची में गड़बड़ी की शिकायत और प्रशासन-पुलिस की रिपोर्ट के बाद यह फैसला लिया है। आयोग के मुताबिक, मौजूदा मतदाता सूची के आधार पर चुनाव कराने पर कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका थी। अब दोनों वार्डों की मतदाता सूची की जांच और मौके पर जाकर भौतिक सत्यापन कराया जाएगा। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही उपचुनाव की नई तारीख तय की जाएगी। वार्ड 58 और 60 की मतदाता सूची का दोबारा सत्यापन कराया जाएगा। टीम मौके पर जाकर मतदाताओं के नाम और सूची में दर्ज जानकारी की जांच करेगी। पूरी प्रक्रिया की निगरानी के लिए एक सेवानिवृत्त कअर अधिकारी को प्रेक्षक नियुक्त किया जाएगा। मतदाता सूची की जांच और जरूरी सुधार के बाद दोनों वार्डों के उपचुनाव की नई तारीख तय होगी। मतदाता सूची को लेकर शिकायत सामने आने के बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने इंदौर जोन-1 के डीसीपी से रिपोर्ट तलब की थी। पुलिस रिपोर्ट में चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, मतदान कराने पर कानून व्यवस्था को लेकर चिंता जताई गई। रिपोर्ट मिलने के बाद राज्य आयोग ने दोनों वार्डों की मतदाता सूचियों की दोबारा जांच कराने का फैसला किया। इसी के साथ मौजूदा चुनाव प्रक्रिया पर अस्थायी रोक लगा दी गई

### मौके पर जाकर होगी वोटर लिस्ट की जांच

अब वार्ड 58 और 60 में मतदाता सूची का नए सिरे से सत्यापन किया जाएगा। जांच टीम सिर्फ कागजों तक सीमित नहीं रहेगी,बल्कि संबंधित इलाकों में जाकर मतदाताओं के नाम और सूची में दर्ज जानकारी का मिलान करेगी। इस पूरी कवायद की निगरानी के लिए एक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी को प्रेक्षक की जिम्मेदारी दी जाएगी। सत्यापन के दौरान सामने आने वाली बड़ी गड़बड़ियों में जरूरी सुधार के बाद आयोग ने दोनों वार्डों के लिए नया चुनाव कार्यक्रम जारी करेगा। बता दें कि वार्ड 60 का उपचुनाव पहले ही हाई कोर्ट के आदेश के कारण रुक गया था। अब वार्ड 58 का चुनाव भी स्थगित होने के बाद दोनों वार्डों में उपचुनाव की प्रक्रिया फिलहाल थम गई है। अब निगाहें मतदाता सूची के सत्यापन पर हैं।

# एमपीपीएससी मुख्य परीक्षा पेपर पिछले साल से रहा आसान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2026 के पहले दिन का पेपर अभ्यर्थियों ने मॉडरेट डिफिकल्टी लेवल का बताया। उनके मुताबिक प्रश्नपत्र न तो बहुत कठिन था और न ही बहुत आसान। पिछले साल की तुलना में इस बार पेपर कुछ सरल रहा, हालांकि कुछ सवाल ऐसे थे, जिनके बेहतर उत्तर के लिए विषय की गहरी जानकारी जरूरी थी।

सतना के अभ्यर्थी संजू धाकड़ ने बताया कि पेपर में राज्यों की रैंकिंग समेत कई तथ्यों से जुड़े सवाल पूछे गए। प्राचीन इतिहास से पूछे जाने वाले सवालों का पैटर्न भी इस बार कुछ अलग रहा। संजू के मुताबिक पिछले साल के पेपर की तुलना में इस बार प्रश्नपत्र थोड़ा सरल लगा। पिछले पेपर में कुछ सवालों को लेकर कन्फ्यूजन था और कुछ प्रश्न हल करना भी मुश्किल रहा था। उन्होंने बताया कि इस बार करीब 50 से 60% अभ्यर्थियों का अटेंप्ट अच्छा रहा होगा। ऐसे में पिछले साल की तुलना में कटऑफ थोड़ी बढ़ने की संभावना है। उन्होंने कटऑफ 19-20 के आसपास जाने की संभावना जताई। अनूपपुर के परीक्षार्थी कमलेश कुमार बनावाल ने पेपर को पिछले साल के लगभग बराबर का बताया। उनके मुताबिक पेपर का स्तर एवरेज और मॉडरेट था। बहुत ज्यादा कठिन सवाल नहीं थे, लेकिन कुछ टॉपिक ऐसे थे, जिनके बारे में परीक्षार्थी को कम जानकारी थी।

ऐसे सवालों का दो पेज में उत्तर लिखना मुश्किल रहा। उन्होंने बताया कि जियोग्राफी में भी कुछ स्पेसिफिक सवाल पूछे गए।

## कांग्रेस पर हमला करते-करते इतिहास में फंसे शहर अध्यक्ष

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर भाजपा के शहर अध्यक्ष सुमित मिश्रा का कांग्रेस पर निशाना साधते हुए दिया गया एक बयान राजनीतिक चर्चा का विषय बन गया है। मिश्रा ने रविवार को एक कार्यक्रम में सरदार वल्लभभाई पटेल को देश का पहला प्रधानमंत्री बता दिया। जबकि देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू थे। मिश्रा का यह बयान सोमवार को सामने आया। बयान सामने आने के बाद कांग्रेस ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पर हमला करने से पहले भाजपा नेताओं को देश का राजनीतिक इतिहास पढ़ लेना चाहिए। इंदौर में कार्यक्रम के दौरान सुमित मिश्रा कांग्रेस पर निशाना साध रहे थे। इसी दौरान उन्होंने देश के पहले प्रधानमंत्री के तौर पर सरदार वल्लभभाई पटेल का नाम लिया। बयान सामने आने के बाद कांग्रेस नेताओं ने इसे भाजपा नेताओं के इतिहास के ज्ञान पर सवाल खड़े करने का मौका बना लिया। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि भाजपा नेता लगातार कांग्रेस के इतिहास पर सवाल उठाते हैं, लेकिन खुद देश के इतिहास से जुड़ी बुनियादी जानकारी में गलती कर रहे हैं। भाजपा शहर अध्यक्ष के बयान पर कांग्रेस के मीडिया कोऑर्डिनेटर नीलाभ शुक्ला ने तंज कसा।

## फिजियोथैरेपिस्टों ने निकाली मशाल कार-बाइक रैली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथैरेपी के 70 वर्ष और वर्ल्ड फिजियोथेरेपी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इंदौर में मशाल कार और बाइक रैली निकाली गई। हाई कोर्ट तिराहे से शुरू हुई रैली रेसकोर्स रोड, एबी रोड और गीता भवन होते हुए दवा बाजार पहुंची। इसमें इंदौर जिले के बड़ी संख्या में फिजियोथैरेपिस्ट शामिल हुए। रैली के जरिए लोगों को स्वास्थ्य, फिटनेस और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। रैली का शुभारंभ डॉ. संजीव झा ने मशाल प्रज्वलित कर किया। मध्यप्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट भी रैली में शामिल हुए। रैली के समापन पर प्रतिभागियों को संबोधित किया।

## सांप का डर दिखाकर 31000 की ठगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के खजराना थाना क्षेत्र में एक ठग ने महिला को उसके छोटे बेटे को सांप काटने का डर दिखाकर 31 हजार रुपए ठग लिए। उसने कहा- तेरा बेटा इबारत में बैठा है, उसे सांप काट लेगा। उसकी जान बचानी है तो दरगाह पर पूजा करवानी होगी। बेटे की जान का डर दिखाकर आरोपी ने महिला से रुपए ट्रांसफर करवा लिए। पीड़िता की बहू फिरदौस शाह निवासी जकरिया कॉलोनी की शिकायत पर खजराना पुलिस ने अज्ञात नंबर से कॉल करने वाले के खिलाफ केस दर्ज किया है। फिरदौस ने बताया कि उनकी सास साजिदा रऊफ के मोबाइल पर 17 अगस्त को अज्ञात नंबर से कॉल आया था।

**तुरंत आवश्यकता**
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

जन्म दिन की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री रामचन्द्र जी कोरट
संरक्षक
सफाई कामगार संघ,
स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ,
सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ

# तेज रफ्तार कार ने एक्टिवा सवार दो दोस्तों को रौंदा

### 3 रिक्शा-समोसा ठेला को भी मारी टक्कर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर के मरीमाता चौराहे के पास रविवार रात तेज रफ्तार कार ने एक्टिवा सवार दो दोस्तों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर घायल हो गए। उन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। कार ने तीन ऑटो रिक्शा और एक समोसे के ठेले को भी टक्कर मारी। इसके बाद लोगों ने कार चालक को पकड़कर पीटा।

हादसा रात करीब 12:40 बजे हुआ। बाणगंगा पुलिस ने मर्ग कायम कर कार जब्त कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक मृतकों की पहचान सत्य साईं नगर निवासी राज (28) पुत्र रवि सोनेरे और नंदकिशोर सोलंकी (30) के रूप में हुई है। दोनों रात में घूमने निकले थे। मरीमाता चौराहे के पास सड़क पार करते समय कार ने उनकी एक्टिवा को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों कई फीट दूर जा गिरे। परिजनों के मुताबिक राज ओवन में कारीगर था। परिवार में उसकी पत्नी, दो भाई और माता-पिता हैं। वहीं नंदकिशोर सब्जी बेचने का काम करता था। परिवार में उसके पिता और एक बड़ा व एक छोटा भाई है।

### कार ने 3 रिक्शा और समोसे के ठेले को भी मारी टक्कर

हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने कार को मौके पर ही रोक लिया। बताया जा रहा है कि कार चालक ने एक्टिवा को टक्कर मारने से पहले तीन रिक्शा और एक समोसे के ठेले को भी टक्कर मारी थी। बाद में लोगों ने कार पुलिस के हवाले कर दी। पुलिस ने वाहन जब्त कर लिया है और हादसे के कारणों के साथ कार की रफ्तार की जांच कर रही है।

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapress@gmail.com